▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 335 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 02 सितंबर, 2025
▸▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए ■■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जो व्यक्ति पढ़ना नहीं चाहता, उसे उस व्यक्ति पर कोई बढ़त नहीं है, जो पढ़ ही नहीं सकता।
– मार्क ट्वेन

# भूकंप

# अफगानिस्तान में फिर तबाही

**900** की मौत | **3000** से ज्यादा घायल | **65** किमी गहराई तक दर्ज किए गए झटके | **150** किमी पूर्व में था भूकंप का केंद्र राजधानी काबुल से

**काबुल, जेएनएन।** रविवार की आधी रात अफगानिस्तान एक बार फिर भूकंप की भीषण त्रासदी से हिल उठा। स्थानीय समयानुसार रात 11.47 बजे रिक्टर स्केल पर 6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिसने सैकड़ों जिंदगियां लील लीं। खबर लिखे जाने तक 900 से ज्यादा लोगों की मौत और 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। अफगान सरकार और राहत एजेंसियों को आशंका है कि मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है, क्योंकि कई लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं। भूकंप ऐसे वक्त आया जब ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। अचानक आए झटकों ने लोगों को संभलने का मौका ही नहीं दिया। मिट्टी और पत्थरों से बने कमजोर घर चंद सेकंड में ढह गए और पूरा कुनार प्रांत चीख-पुकार से गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने बताया कि रातभर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### हर साल भूकंप की मार

अफगानिस्तान हिंदूकुश पर्वतमाला में स्थित है, जहां यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेट्स की टकराहट भूकंप को जन्म देती है।

- 2023 में हेरात में आए भूकंप में 4000 मौत हुई थीं।
- 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता के भूकंप ने 1000 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी।
- इससे पहले भी कई बार अफगानिस्तान भूकंप से भारी तबाही झेल चुका है।



**पीड़ित परिवारों का दर्द:** सोशल मीडिया पर आई तस्वीरें त्रासदी की भयावहता बयां करती हैं। कहीं पिता अपनी छोटी बच्ची के शव को गोद में उठाए रो रहा है, तो कहीं लोग कब्रें खोदकर अपने परिजनों को दफना रहे हैं। मलबे में दबी महिलाओं और बच्चों को निकालने के दृश्य दिल दहला देने वाले हैं।

## घर जमींदोज : मलबे में तब्दील हुआ कुनार प्रांत

### कच्चे-पक्के सभी घर हुए तबाह

इस भूकंप में सबसे ज्यादा मौतें कुनार प्रांत में हुई हैं। यहां पहाड़ी इलाकों में मिट्टी और पत्थरों के बने कच्चे घर पूरी तरह जमींदोज हो गए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि गांव के गांव उजड़ गए हैं। सोमवार सुबह भी 4.6 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया, जिससे लोगों में दहशत और बढ़ गई। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि दर्जनों इलाके ऐसे हैं जहां अब तक राहत दल नहीं पहुंच पाए हैं।

### पड़ोसी मुल्कों में भी झटके

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों में भी धरती हिली। वहीं, भारत के गुरुग्राम और दिल्ली में लोगों ने हल्के झटके महसूस किए।

**बढ़ सकती है मृतकों की संख्या:** अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने मीडिया से कहा कि 'मृतकों की संख्या कहीं ज्यादा हो सकती है। अस्पतालों में घायल लगातार लाए जा रहे हैं।'

### बचाव कार्य में दिक्कतें

अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने कहा है कि पूर्वी इलाकों में राहत कार्य बेहद मुश्किल हो रहा है। भूकंप के बाद आए लैंडस्लाइड ने कई सड़कों को बंद कर दिया है। इन दुर्गम पहाड़ी इलाकों तक पहुंचने के लिए सरकार हेलिकॉप्टरों का सहारा ले रही है। नांगरहार हवाई अड्डे पर हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं, जो घायलों को अस्पतालों तक पहुंचा रहे हैं।

### ऑफ बीट

## पतली कमर के लिए निकलवाईं पसलियां



*हर कोई चाहता है कि वो फिट रहे, फिट दिखे और खासकर लड़कियों की बात करें तो अधिकतर लड़कियां चाहती हैं कि उनकी कमर पतली हो और वो एकदम स्लिम-ट्रिम दिखें। इसके लिए वो खूब एक्सरसाइज करती हैं, जिम जाती हैं और फिट रहने की कोशिश करती हैं, पर सोशल मीडिया पर आजकल एक वीडियो वायरल हो रहा है, इस वीडियो में एक लड़की दावा कर रही है कि उसने अपनी कमर को बेहद पतला करने के लिए सर्जरी से अपनी सारी पसलियां निकलवा ली हैं। अब लोग ये सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि यह वीडियो असली है या नकली। हालांकि कुछ लोगों का दावा है कि वीडियो में डिजिटल रूप से छेड़छाड़ की गई है।*

## संक्षिप्त खबरें

### महिला क्रिकेट: वर्ल्डकप में पुरुषों से ज्यादा प्राइस मनी

**मुंबई, जेएनएन।** महिला वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 को लेकर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सोमवार को बड़ा ऐलान किया। इस बार टूर्नामेंट की प्राइज मनी पुरुषों से भी ज्यादा होगी। 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस वर्ल्ड कप में कुल 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 122 करोड़ रुपए) इनाम के रूप में बांटे जाएंगे। यह 2023 में हुए पुरुष वनडे वर्ल्ड कप से लगभग 39 करोड़ रुपए अधिक है। महिला वर्ल्ड कप की विजेता टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (करीब 39.55 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जो अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि है। रनर-अप टीम को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपए), जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपए) दिए जाएंगे। ग्रुप स्टेज में जीत दर्ज करने पर प्रत्येक टीम को 34,314 डॉलर (करीब 30.29 लाख रुपए) मिलेंगे।

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर शिक्षा पर मांगा जवाब

**एनसीईआरटी और केंद्र सहित छह राज्यों को नोटिस**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के स्कूलों में ट्रांसजेंडर समावेशी यौन शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार, एनसीईआरटी और छह राज्यों से जवाब मांगा है। यह याचिका दिल्ली की वसंत वैली स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा काव्या मुखर्जी साहा ने दायर की है। काव्या मुखर्जी साहा की याचिका में कहा गया है कि एनसीईआरटी और एससीईआरटी की किताबों में अभी तक आयु-उपयुक्त और ट्रांसजेंडर-समावेशी व्यापक यौन शिक्षा का समावेश नहीं किया गया है। काव्या मुखर्जी का तर्क है कि जब तक बच्चों को शुरुआती स्कूली शिक्षा से ही जेंडर संवेदनशीलता और विविधता की समझ नहीं दी जाएगी, तब तक समाज में समानता और स्वीकार्यता लाना मुश्किल होगा।


**कूटनीतिक जीत:** सभी एससीओ सदस्यों ने किया भारत का समर्थन

# पीएम शरीफ की मौजूदगी में की पहलगाम हमले की निंदा

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन के तियानजिन शहर में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में सभी सदस्य देशों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। इस हमले में 22 अप्रैल 2025 को 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। इस सम्मेलन का सबसे अहम पहलू यह रहा कि पहली बार एससीओ घोषणा पत्र में आतंकवाद और खासकर पहलगाम हमले का जिक्र किया गया। यह भारत की बड़ी जीत है, जिसने साफ संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कोई ढिलाई स्वीकार्य नहीं।

एससीओ के घोषणा पत्र में साफ कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। यह भारत की बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है, क्योंकि जून 2025 में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान इस घटना का उल्लेख तक नहीं था। उस समय भारत ने नाराजगी जताते हुए दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पिछले चार दशकों से भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि कुछ देशों को आतंकवाद को खुला समर्थन देने की छूट क्यों मिल रही है। मोदी ने आतंकवाद को 'मानवता का सबसे बुरा रूप' बताया और सभी देशों से मिलकर इसका मुकाबला करने की अपील की।



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने भाषण में भारत पर अप्रत्यक्ष हमला करते हुए कहा कि सभी देशों को द्विपक्षीय संधियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने हाल ही में भारत द्वारा सिंधु जल संधि निलंबित करने का जिक्र किया और अफगानिस्तान में स्थिरता की जरूरत पर भी जोर दिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में जबरदस्ती और दबाव की राजनीति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि एससीओ सदस्य देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है। शी ने संगठन के लिए 281 मिलियन डॉलर की ग्रांट की घोषणा भी की और सभी देशों से सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। इधर, मोदी-पुतिन की सीक्रेट चर्चा के बारे में विश्लेषकों का मानना है कि इसमें यूक्रेन संघर्ष, ऊर्जा सहयोग और पुतिन की संभावित भारत यात्रा पर बात हुई। पुतिन ने मोदी को 'प्रिय मित्र' कहा, जबकि मोदी ने कहा कि कठिन समय में भी भारत और रूस हमेशा साथ खड़े रहे हैं।

### पाकिस्तान का अकेलापन

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सम्मेलन में क्षेत्रीय सहयोग की बात की, लेकिन जब मोदी और पुतिन बातचीत में व्यस्त थे, उस दौरान शरीफ अकेले खड़े दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिखा कि किसी भी बड़े नेता ने उनकी ओर खास ध्यान नहीं दिया।

### सीक्रेट मीटिंग: मोदी-पुतिन की 45 मिनट की कार वार्ता

इस सम्मेलन में सबसे चर्चित घटना रही प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'कार कूटनीति'। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों नेता एक ही कार में करीब 45 मिनट तक गोपनीय बातचीत करते रहे। होटल पहुंचने के बाद भी वे कार से नहीं उतरे और वहीं चर्चा जारी रखी। बाद में क्रेमलिन ने पुष्टि की कि दोनों नेताओं की बातचीत लगभग एक घंटे तक चली।

## मोदी बोले: कुछ देशों को आतंकवाद के खुले समर्थन की छूट क्यों?

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन दौरे के आखिरी दिन एससीओ की बैठक को संबोधित करते हुए आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए इसे आतंकवाद का सबसे बुरा रूप बताया। मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद को पिछले चार दशकों से झेल रहा है। पीएम ने सवाल उठाया कि कुछ देशों का आतंकवाद को खुला समर्थन कैसे स्वीकार किया जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। साथ ही इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। एससीओ समिट 2025 भारत के लिए बहुपक्षीय मंच पर कूटनीतिक विजय का उदाहरण साबित हुआ है। एक ओर आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाकर भारत ने अपनी स्थिति मजबूत की, वहीं मोदी-पुतिन की गुप्त बातचीत ने भारत-रूस संबंधों की गहराई को उजागर किया। दूसरी ओर, पाकिस्तान का अकेलापन और चीन की आर्थिक घोषणाएं यह दिखाती हैं कि यह मंच अब वैश्विक शक्ति संतुलन के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है।

# देश के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित करेगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी: सीएम

**भोपाल, जेएनएन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और उसके मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत ने अपने ज्ञान और परंपराओं से पूरे विश्व को दिशा दी है। समय की गणना की जो विधि कभी विश्वभर में मान्य थी, उसे पुनः स्थापित करने की दिशा में यह घड़ी एक महत्वपूर्ण पहल है।

डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक घड़ी केवल समय बताने का साधन नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति के गौरव, विज्ञान और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है। इसके माध्यम से विरासत और आधुनिक तकनीक का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने युवाओं को घड़ी का ऐप डाउनलोड कर इसका उपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजा भोज पर आधारित यूट्यूब सीरीज का फोल्डर और खगोल विज्ञान पर बनी फिल्म की सीडी भी जारी की। मुख्यमंत्री को विशेष रूप से तैयार की गई वैदिक घड़ी भेंट की गई।



सीएम ने राजा भोज पर निर्मित यूट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन किया।

इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जिस राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित रहता है, वह अपने अतीत और संस्कृति को आत्मसात करता है। उन्होंने डॉ. यादव की पहल को सराहनीय और वंदनीय बताया। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, वैदिक घड़ी के अन्वेषक आरोह श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में युवा और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


■ **वैदिक घड़ी और ऐप की विशेषताएं:** विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है। इसके मोबाइल ऐप में 7 हजार वर्षों से अधिक का पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, व्रत और त्योहारों की जानकारी उपलब्ध है। इसमें 30 शुभ मुहूर्तों की जानकारी और अलार्म की सुविधा है। वैदिक समय (30 घंटे), जीएमटी और आईएसटी, मौसम, सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना भी ऐप में मिलती है। ऐप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

■ **भारतीय कालगणना की महत्ता:** डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय कालगणना 30 मुहूर्तों में विभाजित है। यह सूक्ष्मता भारतीय शास्त्रों की गहनता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन और डोंगला के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थान प्राचीन काल से ही भारतीय कालगणना का केंद्र रहे हैं। विक्रमादित्य का काल सुशासन के लिए याद किया जाता है।

ट्रंप के प्रमुख व्यापार सलाहकार का हास्यास्पद बयान

# रूस के तेल से 'ब्राह्मणों' को फायदा, देश ने चुकाई कीमत

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। नवारो ने आरोप लगाया है कि भारत के 'ब्राह्मण' रूस से सस्ता तेल खरीदकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि इसकी कीमत पूरा देश चुका रहा है। उनका कहना है कि भारत रूस से कच्चा तेल लेकर उसे ऊंचे दाम पर बेचता है और यही रकम रूस के लिए यूक्रेन युद्ध का वित्तीय स्रोत बन रही है। नवारो ने कहा कि भारत को समझना चाहिए कि इस सौदेबाजी से न रूस को नुकसान हो रहा है, न अमेरिका को, असल मार आम भारतीय जनता ही झेल रही है। उन्होंने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' बताते हुए कहा कि नई दिल्ली व्यापार असंतुलन को बढ़ावा दे रहा है।



### टिप्पणी का विरोध

नवारो के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति संप्रभु फैसला है। किसी बाहरी सलाहकार को इस पर उंगली उठाने का हक नहीं है। तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने भी ट्वीट कर कहा कि नवारो का बयान न केवल भ्रामक है बल्कि उनकी अज्ञानता और भारत के सामाजिक ढांचे की गहरी अनभिज्ञता को भी उजागर करता है। प्रख्यात अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने कहा कि यह बयान अमेरिका में मौजूद भारत विरोधी पूर्वाग्रह का उदाहरण है।

लापरवाही की इंतहा

## एनआईसीयू में चूहों ने कुतरे नवजातों के हाथ

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के नामचीन सरकारी अस्पतालों में गिने जाने वाले इंदौर के महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच) के स्टॉफ की बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती दो नवजातों पर चूहों ने हमला कर दिया। चूहे दोनों बच्चों के हाथ कुतर गए। इसकी जानकारी मिलते ही पूरा अस्पताल प्रबंधन सकते में आ गया। नवजातों के परिजनों से पूरा छुपाकर तत्काल दोनों नवजातों का उपचार कर दिया गया। साथ ही चूहों को यहां रोकने की कोशिश शुरू कर दी गई है। दोनों दो-तीन दिन पहले जन्म के तत्काल बाद ही नवजात बच्चों के आईसीयू यानी नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शिफ्ट कर दिया गया था। एनआईसीयू में परिजन की आवाजाही भी प्रतिबंधित रहती है, लेकिन इंदौर के सबसे बड़े एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में चूहों की भरमार है। यहां इतने ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**इनोवेशन** बैक-ऑफिस, फार्मा रिसर्च का नया केंद्र, 23 शीर्ष कंपनियों ने जमाया डेरा

# भारत बना लाइफ साइंसेज का ग्लोबल हब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत तेजी से ग्लोबल लाइफ साइंसेज इंडस्ट्री के लिए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का केंद्र बन रहा है। ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट 'रीइमेजनिंग लाइफ साइंसेज ग्लोबल कैपेबिल्टी सेंटर्स (जीसीसीज)' के मुताबिक, दुनिया की टॉप 50 लाइफ साइंसेज कंपनियों में से 23 ने भारत में अपने जीसीसी स्थापित किए हैं। इनमें से ज्यादातर कंपनियां पिछले पांच सालों में आई हैं। यह बदलाव भारत को सिर्फ एक सपोर्ट हब नहीं बल्कि ग्लोबल इनोवेशन का केंद्र बना रहा है।

पहले लाइफ साइंसेज जीसीसीज को सपोर्ट फंक्शंस, जैसे अकाउंटिंग या एचआर के लिए जाना जाता था। लेकिन अब ये ड्रग डिस्कवरी, डिजिटल थेरेप्यूटिक्स, रियल-वर्ल्ड एविडेंस, एनालिटिक्स जैसे कोर फंक्शंस में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल कर ये कंपनियां नई दवाओं के विकास को तेज कर रही हैं और मरीज-केंद्रित इनोवेशन पर फोकस कर रही हैं।

भारत के जीसीसी अब लाइफ साइंसेज वैल्यू चेन के हर हिस्से को मैनेज कर रहे हैं। इनमें क्लीनिकल ट्रायल, फार्माकोविजिलेंस, रेगुलेटरी अफेयर्स, सप्लाई चेन एनालिटिक्स और बायोस्टैटिस्टिक्स शामिल हैं। साथ ही ये फाइनेंस, एचआर, आईटी और डेटा एनालिटिक्स जैसे एनेबलिंग फंक्शंस भी संभाल रहे हैं। ईवाई के आंकड़ों के मुताबिक, इनेबलिंग फंक्शंस में भारत की हिस्सेदारी काफी बढ़ी है। फाइनेंस (70 फीसदी), एचआर (75 फीसदी), सप्लाई चेन (62 फीसदी), और आईटी (67 फीसदी) तक की बढ़त दर्ज कर रहे हैं। वहीं कोर फंक्शंस में भी बड़ी भूमिका दिखाई दे रही है। ड्रग डिस्कवरी व डेवलपमेंट ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### भारत की सफलता के चार कारण

**नीतिगत समर्थन:** केंद्र और राज्य सरकारों ने जीसीसी को डिजिटल एक्सपोर्ट और रोजगार का इंजन मानते हुए विदेशी निवेश नियम आसान किए। कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने कैपेक्स सब्सिडी, किराया रिइम्बर्समेंट, स्किलिंग सपोर्ट और जमीन पर छूट जैसे प्रोत्साहन दिए हैं।

**टैलेंट एडवांटेज:** भारत में 27 लाख से ज्यादा लाइफ साइंसेज प्रोफेशनल्स हैं। हर साल 20 लाख एसटीईएम और 1.1 लाख मेडिकल ग्रेजुएट्स उपलब्ध होते हैं। यह बेहतरीन टैलेंट पूल है।

**इकोसिस्टम मैच्योरिटी:** ग्लोबल स्तर के कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन्स, प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, 100+ यूनिकॉर्न और समृद्ध स्टार्टअप इकोसिस्टम नवाचार हब बनाते हैं।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर एडवांटेज:** मेट्रो से लेकर टियर-2 और टियर-3 शहरों तक ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस की उपलब्धता जीसीसी के स्केलेबल और किफायती विस्तार को आसान बनाती है।

# संकट: अब टीईटी क्वालिफाई शिक्षक ही कर सकेंगे नौकरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अब टीचिंग सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए सभी शिक्षकों को टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) पास करना अनिवार्य होगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों की नौकरी में 5 साल से अधिक का समय बचा है, उन्हें टीईटी क्वालिफाई करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो उन्हें या तो इस्तीफा देना होगा या फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेनी होगी। हालांकि कोर्ट ने राहत देते हुए कहा कि जिन शिक्षकों की सर्विस में केवल 5 साल शेष हैं, उन पर यह शर्त लागू नहीं होगी। आरटीई एक्ट, 2009 की धारा 23(1) के अनुसार, शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता एनसीटीई तय करती है। 23 अगस्त 2010 को जारी नोटिफिकेशन में कक्षा ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

**ऐसा न करने पर इस्तीफा दें या रिटायरमेंट लें**

### माइनॉरिटी संस्थानों पर आएगा अलग फैसला

बेंच ने यह भी कहा कि यह नियम माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका निर्णय बड़ी बेंच करेगी। यह आदेश तमिलनाडु और महाराष्ट्र में टीईटी की अनिवार्यता से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान आया।

**क्या है टीईटी परीक्षा:** टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है। इसका उद्देश्य यह तय करना है कि कोई उम्मीदवार प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8) में पढ़ाने के योग्य है या नहीं। इसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2010 से अनिवार्य किया था।

# भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी की अर्थी निकाल कर कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव, फूंका पुतला



**जागरण, सतना ।** बिहार के दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस के सियासी मंच से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र भाषा व अशखील शब्दों का उपयोग किया गया जिसका विरोध सतना में भी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया है । विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हों या पूरी कांग्रेस उन्होने हमेशा ही नारी शक्ति का अपमान किया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आपत्ति जनक शब्द व अमर्यादित लहजे का उपयोग भरे मंचों से किया है । राहुल गांधी उनकी मां सोनिया गांधी से लेकर दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश तक ने कब.कब पीएम मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी की तारीख के साथ सांसद गधेश सिंह ने बताया । जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी की अर्थी और कांग्रेस के खिलाफ रैली निकाल कर रूई मंडी स्टेशन रोड में एकत्रीकरण कर नारे लगाते हुए पन्नीलाल चौक चौक बाजार बिहारी चौक जय स्तम्भ चौक में कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया व नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका।

## कांग्रेस देश की महिलाओं से मांगे माफी : सीमा यादव

कांग्रेस कार्यालय के सामने महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की नियति बन गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी पिछले दिनों प्रदेश की महिलाओं के ऊपर अपमान जनक टिप्पणी की थी।

## महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृतिः . प्रतिमा बागरी

इस अवसर पर जिले के प्रतिमा बागरी ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति व परम्परा है। जैसा राहुल गांधी व सोनिया गांधी अपने कार्यकर्ताओं को सिखाते है वैसे ही कार्यकर्ता सिख लेकर महिलाओं के खिलाफ अनर्गल बयान देते रहते है। चाहे वो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हो या आम कार्यकर्ता हो जो माता बहनों के खिलाफगलत बयानबाजी करते रहते है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय' की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं स्वर्गीय पूज्य उनकी माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में विशाल धरना आयोजित कर राहुल गांधी की अर्थी निकालकर पुतला दहन किया।

## एसपी आफिस पहुंचे कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन



**सतना।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले और प्रदेश की कानून.व्यवस्था का विरोध किया। कांग्रेस का आरोप था कि भाजपा सरकार में आम जनता और विपक्षी नेता सुरक्षित नहीं हैं। जिलाध्यक्ष ने एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपा।

## राशि की मांग करने और प्राइवेट अस्पताल के लिए प्रेरित करने पर 2 आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

**सतना।** जिला चिकित्सालय सतना से मरीज को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित करने पर मैहर विकासखण्ड की सोहैला की चिन्हित आशा कार्यकर्ता श्रीमती तुलसा रजक और रामपुर बघेलान विकासखण्ड की चिन्हित आशा कार्यकर्ता श्रीमती देवमती साकेत द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीज को ब्लड बैंक से ब्लड दिलाने के ऐवज में 4000 रूपये की मांग करने पर संबंधित कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने इस संबंध में वायरल वीडियो की तत्थ्यात्मक जांच के दौरान आरोप पुष्ट पाये जाने पर रामपुर बघेलान के बीएमओ डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुर्जर और मैहर के बीएमओ डॉ. पीयूष पाण्डेय को आशा कार्यकर्ता देवमती साकेत तथा तुलसा रजक को सेवा से निष्कासित कर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। सीएमएचओ ने अपने आदेश में कहा है कि मीडिया में वायरल वीडियो की जांच कराने पर पुष्टि हुई है।

# वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**जागरण, सतना।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार सितम्बर माह के प्रथम कार्य दिवस सोमवार को कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की उपस्थिति में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार प्रजापति को पुनः सामाजिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी बनाया गया



**जागरण, सतना।** प्रजापति कुम्हार संघ सतना की बैठक लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति जिला संघ महासचिव सतना के ग्रह निवास में संपन्न पहला एजेंडा अनुसार चर्चा पर निर्णय लेते हुए पूर्व में बनाई गई चुनाव निर्वाचन समिति सहित कोर कमेटी समिति के पदाधिकारियों की निष्क्रियता को देखते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारीगण सदस्यगण को निष्कासित कर वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार प्रजापति को पुनः चुनाव निर्वाचन समिति का मुख्य चुनाव अधिकारी सर्वसम्मति से बनाया गया ताकि प्रजापति कुम्हार संघ सतना जिला अध्यक्ष युवा अध्यक्ष सहित ब्लाकों के ब्लाक अध्यक्ष युवा अध्यक्ष का शीघ्र चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया से कराया जा सके वहीं चुनाव निर्वाचन समिति कोर कमेटी समिति अध्यक्ष पद से कामता प्रसाद प्रजापति ने स्तीफा दिया और चुनाव समिति के बाकी सदस्यों की पूर्ण निष्क्रिय होने के कारण चुनाव समिति को भी पूर्व पदाधिकारियों को सर्व सम्मति से निष्कासित कर दिया गया वहीं नवनियुक्त निर्वाचन चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार प्रजापति ने कहा कि समाज का निष्पक्ष चुनाव करने के लिए जिस प्रकार पहले चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया में आपत्तियां आई जिसके बाद जिला अध्यक्ष गोरेलाल प्रजापति और उनकी टीम ने ऐतिहासिक कार्य किए की सभी ने तन.मन.धन जन समर्पित कर समाजिक उत्थान कल्याण के लिए रजिस्ट्रेशन पेनकार्ड बैंक खाता खुलवा कर तैयार कर दिये ठीक वैसे ही समाजिक जनगणना कराकर वोटरलिस्ट के साथ चुनाव कराएंगे ताकि निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न हो।

# संजय के प्रयास से चोरी गई रकम बरामद, समाज के लोगों ने दी बधाई



**जागरण, सतना।** व्यापारी संघ नागौद एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ नागौद के अध्यक्ष प्रमोद केसरवानी के समधी प्रकाशचंद गुप्ता अनूपपुर जो व्यापारी संघ एवं वैश्य समाज अनूपपुर के अध्यक्ष होने के साथ साथ पेट्रोलियम कारोबारी एवं कोल्ड स्टोर के मालिक हैं। उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान से दिनांक 25 अगस्त 2025 को कर्मचारी आपरेटर मोहित तिवारीए सहायक आशु चमार के द्वारा तिजोरी का लाक तोड़ कर 2 लाख 86 हजार 802 रुपए नगद चुराकर टीवीएस स्पोर्ट्स वाहन से भागने तथा काफी तलाश व कोशिश करने के बाद न मिलने पर हताश होकर घटना की जानकारी कर्मठ समाज सेवी व मेडिकल फार्मा व्यवसायी संजय गुप्ता माधवगढ़ को रात्रि 11 बजे दी। घटना की स्थिति जानने के बाद संजय गुप्ता ने पुलिस प्रशासन जिला अनूपपुर से किया तथा व्यापारी के साथ घटी घटना की जानकारी के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा की । आरोपियों को पकड़वाने हेतु पुलिस एवं सहयोगियों के साथ दबिश दिलाकर चोरी गई सम्पूर्ण रकम व वाहन दूसरे ही दिन 24 घंटे के अंदर समर्पित निःस्वार्थ भाव से अनूपपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र गुप्ता को वापस दिलाया और समूचे वैश्य समाज में शानदार मिसाल कायम कर वैश्य समाज का गौरव बढ़ाया है जिसकी वैश्य समाज को पिछले कई वर्षों से तलाश थी। संजय गुप्ता द्वारा किये गये सहयोग एवं दिये गये योगदान की व्यापारी संघ नागौद एवं व्यापारी संघ अनूपपुर सराहना करता है इससे पहले भी कई योगदान रहा ।

## ग्रामोदय के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ाई गई

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकए परास्नातकए डिप्लोमा स्तर के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों सत्र 2025-26 में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए अब 15 सितंबर तक कर दिया गया है। इस आशय की सूचना निदेशक दूरवर्ती डॉ कमलेश थापक द्वारा निर्गत की गई है।

## सरस्वती विद्यालय के संचालन समिति का निर्वाचन संपन्न

**सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर चोरमारी विद्यालय की संचालन समिति का निर्वाचन कार्य सम्पन्न हुआ जिसमे सर्व सम्मति से संरक्षक अशोक कुमार सिंह मार्गदर्शक दल प्रताप सिंह तिवारी अध्यक्ष. मनभरण पाण्डेय उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी सचिव राकेश सिंह सह सचिव विभोर सिंह कोषाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी सदस्य डॉक्टर मनोज कुमार पाठक जय प्रकाश सिंह श्रीमती गीता कुशवाहा श्रीमती गल्लू दुवेदी राम ज्ञान दुवेदी को जवाबदारी सौंपी गई।ऊपरोक्त कार्यक्रम मे निर्वाचन अधिकारी के तौर पर विद्याभारती महाकौशल प्रान्त सह जिला सचिव विकास पाण्डेय एवं रीवा विभाग समन्वयक रवि कुमार मिश्र जी उपस्थित रहे।

## एकेएस के सहायक प्राध्यापक हरीशंकर कोरी का शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक हरीशंकर कोरी एवं प्रोफेसर डॉण् सुधीर कुमार जैन का संयुक्त शोधपत्र शिडजिटल न्याय प्रणाली में अधिवक्ताओं और पक्षकारों की भूमिका ई.कोर्ट अनुभव का मूल्यांकनश् प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका उन्नति इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी साइंटिफिक्र रिसर्च वॉल्यूम 7, अंक 7, अगस्त 2025 विशेषांक हिंदी में प्रकाशित हुआ है। इस शोधपत्र में ई.कोर्ट प्रणाली के अंतर्गत अधिवक्ताओं और वादियोंध्पक्षकारों की बदलती भूमिका का गहन विश्लेषण किया गया है अध्ययन में पाया गया कि डिजिटल न्याय प्रणाली ने न्यायिक प्रक्रिया में गतिए पारदर्शिताए लागत में कमी और न्याय तक सरल पहुँच सुनिश्चित की है ।

## स्वच्छता पाठशाला और ह्यूमन चेन से दिया स्वच्छता का संदेश



**सतना।** नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा 01 सितम्बर को वार्ड क्रमांक 26, 27, 30 एवं 38 में विविध स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वार्ड 26 में नागरिकों को सी एण्ड डी वेस्ट के निपटान, प्लास्टिक प्रतिबंध, चार डस्टबिन के उपयोग स्वच्छता शपथ स्वच्छता ऐप की जानकारी तथा डीटीडीसी एवं स्रोत पर पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। वार्ड 27 में प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया गया एवं दुकानदारों व नागरिकों को स्रोत पर कचरा पृथक्करण व स्वच्छता ऐप उपयोग की जानकारी दी गई। वहीं वार्ड 30 स्थित जेपी विद्यापीठ में स्वच्छता पाठशाला के माध्यम से छात्रों को कचरे के प्रकार और उनके प्रबंधन की जानकारी दी गई। वार्ड 38 में गणेश पंडाल पर नागरिकों ने ह्यूमन चेन बनाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छ सतना¸ लक्ष्य अपना का संकल्प दोहराया गया।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी गई विदाई



**जागरण, सतना।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालयए मेहुती में शिक्षक भीष्म प्रसाद त्रिपाठी के सेवा.निवृत्ति अवसर पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सैकड़ों की संख्या में सेवा निवृत शिक्षक भीष्म प्रसाद त्रिपाठी को शाल श्री फल से उनके रिश्तेदारों विद्यालय परिवार , आए हुए सभी शिक्षकों द्वारा शाल ,श्री फल और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया । साथ ही सभी आए हुए मेहमान शिक्षकों का डायरी और पेन से त्रिपाठी व उनके परिजन पुत्र ओम प्रकाश त्रिपाठी ,हिमांशु त्रिपाठी की तरफ से उपहार देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि रामायण प्रसाद द्विवेदी मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई मैहर ने अपने संबोधन में कहा कि दृष्शिक्षक केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं देते, वे जीवन मूल्यों और चरित्र निर्माण के माध्यम से समाज का भविष्य गढ़ते हैं। श्री भीष्म प्रसाद त्रिपाठी ने लगभग चार दशक तक अपने सेवाकाल में जो अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया हैए वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके मार्गदर्शन से अनगिनत छात्र.छात्राओं ने न केवल शिक्षा अर्जित की बल्कि जीवन के आदर्शों को भी आत्मसात किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के के वाजपेई सेवा निवृत प्राचार्य शिक्षण केवल एक पेशा नहींए बल्कि राष्ट्र निर्माण की तपस्या है। श्री त्रिपाठी ने जिस निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यालय को अनुशासन प्रबंधन और उत्कृष्टता का केंद्र बनायाए वह अतुलनीय है।

## शिक्षक एवं सहायक शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों की क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी

**सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी सतना कंचन श्रीवास्तव द्वारा शिक्षक एवं सहायक शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों के द्वितीय एवं तृतीय क्रमोंन्नति वेतनमान के आदेश 1 सितंबर को जारी किये । सतना जिला अन्तर्गत सहायक शिक्षक संवर्ग के 24 साल सेवा पूर्ण करनें वाले 18 एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करनें वाले 102 सहायक शिक्षकों को एवं शिक्षक संवर्ग के 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करनें वाले 64 लोक सेवकों को क्रमोंन्नति वेतनमान के लाभ से लाभान्वित करनें का आदेश जारी किया गया है ।

## दुर्गा शिक्षा निकेतन में की गई गजानन की पूजा



**अमदरा ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल युनवारा के छात्र.छात्राओं के द्वारा गणेश जी की पूजा अर्चना कर देश के खुशहाली के लिए प्रार्थना की साथ ही सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए गजानन महाराज से आशीर्वाद मांगे गौरवतलब हो हमेशा ही जो भी त्योहार आते हैं चाहे कैसे कृष्ण जन्माष्टमी हो चाहे नवरात्रि हो अथवा महाशिवरात्रि एवं गणेश चतुर्थी का त्यौहार हो मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल युनवारा के छात्र.छात्राओं के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर देश के खुशहाली की विनती करते हैं। सोमवार को गजानन की पूजा अर्चना कर आरती उतारी इसके पूर्व में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भी छात्र छात्राएं शामिल हुई थी इस समय ग्रामीण अंचलों में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है।

## मुडिया देव में लगाया मेडिकल कैम्प



**सतना।** मझगवा तसील के अंतर्गत 30 अगस्त को कैंप में इलाज के दौरान काफ़ी संख्या में ग्रामीण अलग.अलग बीमारी से ग्रसित निकलेंए जिनको मेडिकल टीम द्वारा उचित उपचार करते हुए उक्त रोग के विशेषज्ञ और मझगवां सीएचसी के साथ जिला अस्पताल में जाकर इलाज कराने की सलाह दी गई। कैम्प में कुल 92 लोग लाभन्वित हुए, जिसमें गीता खैरवार, रामवती, विक्रम, सुमित्रा, देवकली, लीसा, सोनमए मल्ही खैरवार सहित अन्यए स्वास्थ्य शिविर में एएमओ डॉण् धनेश द्विवेदी, फार्मासिस्ट अखिलेश सिंहए लैब टेक्नीशियन कन्हैयालाल, सी एच ओ अषिता गायकवाड, आशा कार्यकर्ता सुमित्रा खैरवार सहित माधवम ईप्सा फाउंडेशन के फाउंडर आशीष सेन उपस्थित रह कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी का वक्तव्य स्वागत योग्य . सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने आज केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रकाशित वक्तव्य जिसमें उन्होंने मंत्री और नेताओं को धर्म काज से दूर रखने की सलाह दी है को स्वागत योग्य मानते हुए कहा कि यह सही है कि धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है सत्ता के हाथ में धर्म को देना हानिकारक भी है जिसका इस्तेमाल रूकना चाहिए जिससे विकासए रोजगार और जनहित से सीधे तौर पर जुड़े विषय उपेक्षित न होने पाये वल्कि इसमें एक शब्द और जुडना चाहिए वो है जाति क्योंकि धर्म और जाति के आधार पर राजनीति ने राजनीति की परिभाषा ही बदल दी और आज इसी के चलते समाज के अंतिम छोर पर खडा व्यक्ति हर क्षेत्र में उपेक्षित है जिसका कारण भी साफहै समाज सेवा के लिए समर्पित व्यक्ति राजनीति में आगे आ ही नहीं पा रहा वह जातिए धर्म और धनबल के आभाव से ग्रसित है वर्तमान राजनीतिक दौर में यह एक गंभीर विषय है जो समता मूलक समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक भी है ।


### PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 14 सितंबर रविवार को रीवा में



**रीवा।** रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), छश्(एंडोक्रिनोलॉजी & मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 14 सितंबर 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक & डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का ब ?ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बु ?ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा , डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। advt


# पुण्यतिथि मनाएगा विश्व हिंदू महासंघ



**जागरण, सतना।** विश्वहिंदू महासंघ भारत म.प्र. की मासिक बैठक का आयोजन बस स्टैंड स्थित नगर निगम कांप्लेक्स के प्रथम तल स्थित कार्यालय में आयोजित की गई ।आयोजित बैठक में महासंघ के नवीन कार्यालय के शुभारंभ हेतु चर्चा के साथ जिलाध्यक्षों एवं ब्लाक अध्यक्षों के द्वारा अपने टीम के विस्तार पर चर्चा की गई आगे के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रणय धारा धर ने बताया कि 12 सितंबर से लेकर 18 सितंबर तक राष्ट्र संत ब्रम्हलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर सप्ताह भर कार्यक्रम मनाने की रूपरेखा बनी जिसमें 12 सितंबर को श्रृद्धांजलि कार्यक्रम 13 सितंबर को ओम नमः शिवाय का जप 14 सितंबर को गौ सेवा 15 सितंबर को असहायों की मदद 16 सितंबर को धार्मिक स्थलों की सफाई 17 सितंबर को संत सम्मान एवं 18 सितंबर को दीप जलाकर विदाई दी जाएगी ।कार्यक्रम की जिम्मेदारी समस्त पदाधिकारियों को सौंप कर कार्यक्रमों को निर्विघ्न पूरा करने पर जोर डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने की कार्यक्रम में मुख्यरूप से रामानन्द सिंह श्रीमती मिथलेश सिंह श्रीमती पूजा चतुर्वेदी श्रीमती जयश्री द्विवेदी दिलीप द्विवेदी एस एन सिंह अभिनय सिंह कृष्णा सोनी लोकेंद्र पाण्डेय ऋषि राज सिंह महेंद्र सिंह परिहार रघुराज सिंह बघेल विपुल सोनी प्रकाश कुशवाहा चंदन सिंह गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली के लिए परेशान सिंघौंलवासी



**जागरण, मुकुन्दपुर।** अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुना के ग्राम सिंघौल में 63 वाट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जबकि 60 के करीब समर्शियल पांच हार्ष पावर कुछ 3 हार्ष पावर कुछ 2 हार्ष पावर के समर्शियल मोटर कनेक्शन है ।और लगभग 200 घरेलू कनेक्शन हैं। ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड होने के कारण आये दिन ट्रासंफार्मर से फ्यूज उड़ता है और आये दिन खुली हुई तार टूटती रहती है। चूंकि खुली तार भी बहुत नाजुक हालात में लगी हुई हैं जिसके कारण बीते दिनों गरीब परिवार की दो भैंसें टूटी हुई तार में फंसे कर मर गयीं थीं। यहां के हर कनेक्शन धारी बहुत परेशान हैं। बरसात और गर्मी के समय रातों में यहां के लोग खुले आसमान तले सोने को मजबूर हैं कुछ लोग तो रात को जागकर समय व्यतीत कर रहे हैं ।बताया जा रहा है कि 56 वर्ष से यह ट्रांसफार्मर लगा हुआ है इस पर विचार विजली विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर कम से कम 100 केवीए का लग जाये तो किसी तरह यहां के किसानों को राहत की सांस मिल सकती हैं। कुछ किसानों के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यदि ऐसी हालात में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता तो हम लोग धरना प्रदर्शन आमरण अनशन करने के लिए मजबूर हो जायेंगें जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन और विजली विभाग की होगी।

दैनिक जागरण रीवा 02 सितंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com

# सीधी जागरण

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.22 अस्त : आज
05.43 उदय : कल

शहर का तापमान
33.0 0 अधिकतम
25.0 0 न्यूनतम



मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# विलुप्त हो रही जौ, ज्वार, बाजरा एवं दलहन की खेती



जागरण कृषि

## किसानों की मोटे अनाज की खेती में नहीं है दिलचस्पी

### मवेशियों की धमाचौकड़ी बनी किसानों की आफत



जागरण, सीधी

जिले में मोटे अनाजों की खेती को लेकर किसानों की दिलचस्पी लगातार घट रही है। लिहाजा जिले में जौ, ज्वार, बाजरा की खेती विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। बरसात के बाद गांवों में मेढ़ के दोनों ओर सिर से ऊंचे लहलहाते ज्वार-बाजरे की फसलों से भरे खेत अब सपने हो गए हैं। इन्ही फसलों के ऊपर सांझ-सबेरे मड़राती चिड़ियों की चहचआहट और उन्हे भगाने के लिए पुराने टीन के कनस्तर को पीटने की आवाज तो कहीं गोफने से निकली सनसनाती गोटी अब नहीं दिखती। जौ, अरहर, चना, मसूर, मूंग, उड़द आदि की फसल कम उगाई जाने लगी है। किसानों के घर में अब विभिन्न प्रकार के अनाजों से भरी मिट्टी की कुठुली भी विलुप्त हो रही है। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या, घटती कास्त की भूमि, लागत की अधिकता और अपर्याप्त उपज के उत्पादन में परम्परागत खेती के स्वरूप को ही बदल दिया है। खेती घाटे का व्यवसाय हो गया है। जो किसान व्यवसायिक खेती के ढर्रे पर चल पड़े हैं वे गेहूं, धान की फसल से अपनी अस्मिता को बचाए हुए हैं। व्यवसायिक खेती ने मशीनी उपकरण एवं रासायनिक खाद को बढ़ावा दिया है। किसान अब खलिहान से ही फसल की बिक्री करने के लिए बाध्य हो गया है। जिसके कारण सीधी जिले में तेजी से खेती का तरीका और उपज की विविधता बदल रही है। पशुधन की मात्रा घटने लगी है, किसानों के लिए दुधारू मवेशी के अलावा अन्य मवेशी समस्या बनते जा रहे हैं। जिससे ऐरा प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है। सीधी जिले में पहाड़ी अंचल के गांवों में कभी अरहर की फसल सर्वाधिक बोई जाती थी किन्तु अब आवारा पशुओं के कारण फसल की बोनी बन्द हो गई है। गांवों में ज्वार बाजरा की फसल अब नहीं बोई जाती। किसानों का कहना है कि इन फसलों की लागत अधिक है और लाभ कम है। जिले के कई गांव जो कभी दलहन और तिलहन के उत्पादन में अग्रणी था अब वहां भी फसल परिवर्तन की ओर किसानों का रूख बदल गया है। जिले के अधिकांश गांवों में अब धान की फसल अनवरत बोई जा रही है। जिसका कारण सिंचाई हेतु नहर का पानी उपलब्ध होना या किसानों के पास निजी ट्यूबवेल सुविधा उपलब्ध होना है। चर्चा के दौरान कई किसान मानते हैं कि ऐरा प्रथा का प्रचलन एवं किसानों की पशु पालन के प्रति रूचि कम होने से ज्वार बाजरा का उत्पादन बन्द हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्र के कुछ किसान कहते हैं कि रोझ नामक जानवर ने किसानों की कमर तोड़ दी है। उस पर कोई प्रतिबन्ध न होने से फसल की लगातार क्षति हो रही है। किसान यह मानते हैं कि आवारा पशु के साथ ही ज्वार बाजरा का उचित मूल्य न मिल पाना भी एक बड़ा कारण है। हालांकि कृषि वैज्ञानिकों का यह मानना है कि ज्वार बाजरा में पौष्टिक तत्व अधिक होता है उसके बावजूद फसल उगाने में तत्काल आर्थिक लाभ हानि हो मायने रखता है जिसके कारण विभिन्न अनाज की प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है। जिन्हे संरक्षण हेतु कदम उठाया जाना चाहिए। सीधी जिले में मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग को जो प्रयास करने चाहिए वह नहीं किये जा रहे हैं।

### जौ एवं ज्वार के सेवन के कई फायदे

सीधी जिले के मझौली, कुसमी, सीधी, सिहावल के पठार क्षेत्र में ज्वार एवं बाजरा की खेती कुछ किसान कर रहे हैं। ज्वार, बाजरा के पौधे से फल निकलने के बाद फरवरी तक उसके पौधें व पत्ती की करबी बनाकर मवेशियों को खिलाया जाता है। ज्वार के सेवन से कई फायदे हैं। ज्वार को उबालकर खाया जाता है, उसका फूटा बनाया जाता है। ज्वार के आटे से चाउसेला बनाया जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में ज्वार सुबह के नाश्ता का प्रमुख साधन रहता है। लोग ज्वार को उबालकर उसका फूटा तैयार कर लाई से लड्डू तैयार कर नाश्ते में उपयोग करते हैं। ज्वार का आटा बहुत फायदेमंद होता है। उसकी रोटी और पूड़ी बनाई जाती है। लेकिन अब ज्वार का सिर्फ स्वाद यादों में रह गया है। ज्वार का उत्पादन कम होने के कारण इसका स्वाद सभी नहीं नहीं मिल पाता। यह अवश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ किसान अपने व्यक्तिगत रुचि को देखते हुए ज्वार की खेती सीमित मात्रा में कर रहे हैं, जिससे इसका स्वाद मिल सके।

# अवैध गांजा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार, 6 किलो गांजा जब्त



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत एवं खड्डी पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रिमारी निवासी पुष्पेन्द्र नामदेव अपने घर में अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना पर तत्काल रेड की गई। तलाशी के दौरान ओसारी के भूसा वाले कमरे में बोरी से 5 किलो 960 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही एक टेक्नो स्पार्क मोबाइल एयरटेल की दो सिम सहित जब्त किया गया। मरामद किए गए मशरूका में गांजा 95,424 रुपए, मोबाइल 15,000 रुपए, कुल जब्ती 1,10,424 रुपए की गई। आरोपी पुष्पेन्द्र नामदेव को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ में उसने बताया कि उसने यह गांजा ग्राम गजरा बहरा थाना सरई निवासी ओमकार नामदेव से 16,000 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा था। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20बी, 27 एवं 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस सफलता में चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत, सउनि लालमणि बंसल, प्रधान आरक्षक दयानंद रावत, आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक वेद प्रकाश, आरक्षक रविंद्र सिंह, आरक्षक अंकित साहू, आरक्षक सत्यजीत मौर्य, सैनिक राजबहोर द्विवेदी, नायक कृष्ण कुमार पाण्डेय, चौकी टिकरी से एएसआई प्रमोद तिवारी, चालक सोनू साकेत, आरक्षक दीपेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## शराब की दुकान हटाने शिवसेना ने दिए आवेदन



जागरण, सीधी। शिवसेना प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी विभाग के जिला मुख्य अधिकारी संतोष सिंह कुशवाह से मुलाकात कर शहर के बस स्टैंड पर संचालित शराब भट्टी को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान शिवसेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि बस स्टैंड पर स्थित शराब भट्टी के कारण आए दिन वाद-विवाद, झगड़े और अशांति की स्थिति बनी रहती है। यात्रियों, महिलाओं और बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिक्षालय वेटिंग रिया शराबियों का अड्डा बन चुका है, जिससे व्यापारियों के साथ मारपीट जैसी घटनाएँ भी बढ़ रही हैं। श्री पाण्डेय ने कहा व्यापारी भाई के साथ मार पीट उपरांत भी एक पत्र सौंपा गया था लेकिन वो आवेदन हुआ अबकी बार निवेदन हो गया लास्ट बार दे दनादन करने के लिए मजबूर होंगे। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि बस स्टैंड के पास ही वीर हनुमान मंदिर स्थित है, जहां गणेश उत्सव एवं नवरात्रि के दौरान प्रतिमाएं स्थापित होती हैं। ऐसे में धार्मिक आस्था को भी लगातार ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में कहीं भी बस स्टैंड में शराब की दुकान नहीं है, फिर यहां क्यों संचालित की जा रही है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर शराब भट्टी को बस स्टैंड से नहीं हटाया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने साफ कहा कि कार्यवाही न होने की स्थिति में शिवसेना कार्यकर्ता शराब भट्टी के सामने बैठकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोला, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फमुन्ना, आशीष सिंह चौहान साजन कुमार मौजूद रहे।

## खाद के लिए उमड़ी किसानों की भीड़, लगी लंबी कतारें



जागरण, चुरहट। चुरहट स्थित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी वितरण संघ मर्यादित भंडारण केंद्र चुरहट में खाद वितरण को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सुबह से ही हजारों किसान खाद लेने पहुंचे और केंद्र के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। तेज धूप और उमस के बावजूद किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहे। वितरण व्यवस्था की धीमी गति से परेशान होकर कुछ किसान तो कतारें देखकर ही लौट गए। मौके पर मौजूद गोदाम कर्मचारी से पूछताछ में पता चला कि कुल चार गाड़ियां यूरिया खाद की आई हैं, जिनमें प्रत्येक गाड़ी पर 560 बोरी खाद रहती है। इनमें से एक गाड़ी समिति के लिए भेजी जाएगी, जबकि शेष किसानों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। कर्मचारी ने बताया कि आधार कार्ड दिखाने पर प्रति किसान दो बोरी और ऋण पुस्तिका होने पर पांच बोरी खाद देने का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

## 41 वारंट तामील, गुंडा-निगरानी बदमाशों की हुई चेकिंग

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 30-31 अगस्त एवं 31 अगस्त 1 सितम्बर 2025 की दरम्यानी रात विशेष कॉम्बिंग गश्त का संचालन किया गया। इस अभियान के दौरान जिले भर में विभिन्न अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल वारंट तामील 41, 4 स्थायी वारंट, 37 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए जिले भर में 52 गुंडा बदमाश एवं 40 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। उनकी गतिविधियों की जानकारी लेकर सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# दुर्गंधयुक्त प्रदूषण से पनपा जनाक्रोश, आज सौंपेंगे ज्ञापन

### कंपनी प्रबंधन के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं प्रभावित

## प्लांट के कचरे से दर्जनों गांवों में फैली बीमारी



जागरण, सीधी

अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट प्लांट प्रबंधन द्वारा बीते छह महीने से फैलाए जा रहे दुर्गंधयुक्त प्रदूषण तथा अन्य सभी जनोन्मुखी मूलभूत सुविधाओं का अकाल होने की स्थिति में ग्रामीण जन-मानस में आक्रोश पनपने लगा लगा हैए। उक्त के संबंध का ध्यानाकर्षण युक्त ज्ञापन जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण देव सिंह तथा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के नेतृत्व में प्रमुख क्षेत्रीय गणमान्य जनों के साथ आज कलेक्टर को सौंपा जाएगा। ज्ञातव्य है कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधन द्वारा जन विरोधी कार्यपालिक गतिविधियों को अख्तियार किया जाकर शिक्षाए स्वास्थ्यए जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीना जाकर दुर्गंधयुक्त प्रदूषण फैलाया जाकर ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, वहीं रोजगार अन्य सभी अधोसंरचनात्मक कार्यों को शून्य वत कर दिया गया है। सीएसआर तथा खनिज प्रतिष्ठान मद का प्रयोग ग्रामीणांचल, क्षेत्र के बाहर मन चाहे रूप से किया जा रहा है, जो पूर्णतया जनविरोधी है। बीते दिनों जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के पूर्व अध्यक्ष केडी सिंह के मुख्यातिथि में उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा के निज निवास पर हुई संगोष्ठी बैठक में समस्या मूलक जनविरोधी नीतियों के विरोध तथा जनकल्याणकारी कार्यों के अनुसार समस्याओं के निदान हेतु तीन सप्ताह की समयावधि में निर्णय लिए जाने विषयक कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया । संगोष्ठी बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच बघवार के अशोक सिंह, पूर्व जनपद सदस्य प्रशांत सिंह, जनपद पंचायत सभापति द्वय महेंद्र सिंह भदौरिया एवं अरुण शेखर त्रिपाठी, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश पाण्डेय, अशोक प्रताप सिंह बाघड के सहित ग्राम पंचायत पटना, मझिगवां, पिपरांव, बुढ़गौना, बघवार, भरतपुर खारा आदि समीपवर्ती गांवों के गणमान्य जनों की उपस्थिति समीचीन रही। अनसुना तथा अनदेखी किए जाने की स्थिति में व्यापक जनांदोलन हेतु ग्रामीण अग्रसर देखें गये।

## जीतू पटवारी को सुरक्षा प्रदान करे सरकार: ज्ञान



जागरण, सीधी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने एवं प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार को खत्म करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के अगुवाई कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक भोपाल के नाम का ज्ञापन एडिशनल एसपी सीधी को सौंपा। ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि दिनांक 31 अगस्त 2025 को रतलाम प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों द्वारा एकत्रित होकर हिंसक वातावरण निर्मित किया गया एवं उन पर जानलेवा हमला किया गया है। जीतू पटवारी पर पूर्व में भी इस तरह के हमले हो चुके हैं परंतु सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।साथ ही प्रदेश नशे का घर बन चुका है नित नए नशे के उद्योगों की जानकारी प्राप्त हो रही है वहां से करोड़ों रुपए की नशीली सामग्री प्राप्त हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी निरंतर नशे के खिलाफअभियान चलाए हुए हैं उनका प्रयास है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो प्रदेश उड़ता प्रदेश न बन सके उसके लिए वह निरंतर आंदोलनरत हैं। और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की इसी के चलते उन पर बार.बार हमले किए जा रहे हैं ताकि वह इस मुद्दे पर चुप हो जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि सरकार जीतू पटवारी की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है इसमें संदेह इसलिए भी पैदा होता है कि पकड़े जा रहे नशे के कारोबारियों के साथ भाजपा नेताओं के साथ संबंधों का खुलासा एवं आरोपियों के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर निरंतर वायरल होती आ रही है। इससे इन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता और इसी के चलते आरोपियों को होंसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि वो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला करने का दुस्साहस कर पा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, प्रवक्ता पंकज सिंह, महामंत्री जय सिंह, जिला संयोजक सेवादल अरविंद सिंह रोशन उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण: कलेक्टर

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



जागरण, सीधी

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर कोई उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी। संबंधित एल 1 एवं एल 2 अधिकारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने कहा कि अगले दो दिनों में सीएम हेल्पलाइन की पुनः समीक्षा की जाएगी जिसमें सभी अधिकारी प्रगति के विवरण के साथ उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों को गत दो महीनों की तरह ए ग्रेड प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि माह जुलाई एवं अगस्त में शिकायतों के निराकरण में अच्छी प्रगति हुई है। हमें इसे सतत रूप से जारी रखना है। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम हेतु चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को खाद विक्रय की स्थिति में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि खाद उपलब्धता की जानकारी पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उपलब्ध खाद का विक्रय पूरी निष्पक्षता के साथ किया जाए। कलेक्टर ने खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले से की जा रही नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग जिले में विभिन्न पदों में नियुक्ति करते समय शासन द्वारा जारी निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक तथा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गणेश उत्सव में नन्हें कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण, चुरहट। भाग्य विधाता इंटरनेशनल स्कूल कोष्टा में गणेश उत्सव के अवसर पर बच्चों की कला, आस्था और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विद्यालय परिसर में आयोजित गणेश उत्सव प्रतियोगिता में बच्चों ने भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं और आकर्षक ड्राइंग बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों ने मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाएं तैयार कीं, वहीं कुछ बच्चों ने रंग-बिरंगी पेंटिंग के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। पूरे स्कूल में उत्सव का माहौल बना रहा और बच्चों की कल्पनाशीलता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ ने भी पूरे हर्षोल्लास के साथ सहभागिता निभाई।

# पीएम का अपमान भारतीयों का अपमान, जनता देगी जवाब : डॉ. राजेश

### राहुल गांधी एवं कांग्रेस नेताओं का व्यवहार असभ्य और अक्षम्य: देव कुमार

## भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंक कर दिया धरना



जागरण, सीधी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं स्व. उनकी माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध स्वरूप स्थानीय मानस भवन के सामने के प्रांगण में विशाल धरना आयोजित कर राहुल गांधी की अर्थी निकालकर पुतला दहन किया। जिसमें प्रमुख रूप से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम और सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की विशिष्ट उपस्थिति रही। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता लगातार चुनावी हार के कारण विक्षिप्त और डिस्टर्ब हो गए हैं। उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इसलिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माताजी के लिए अभद्र शब्दों काए अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के लगाए जा रहे इल्जाम पर सांसद डॉ. मिश्रा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि बोट चोरी नहीं हुआ है, बल्कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अरमान चोरी हो गए हैं। राहुल गांधी का आचरण असभ्य और अक्षम्य है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी 90 से अधिक चुनाव हार चुकी है। मोदीजी गरीबों के मसीहा और देवता तुल्य हैं। उनका अपमान देश के 140 करोड़ देशवासियों का अपमान है। इसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जनता जनार्दन से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा देश भर में कांग्रेस का सफाया होगा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कडे शब्दों में कांग्रेस और राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेताओं का कार्य ही महिलाओं का अपमान करना हो गया है। कभी महिलाओं को शराबी कहकर, तो कभी बोरे में भरने की बात कहना। धौंहनी विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह टेकाम धरने को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी एवं संपूर्ण कांग्रेस परिवार देश से माफी मांगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की महाशक्तियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसी स्थिति में जहां कांग्रेस को देश की जनता ने नकारा है। वहीं कांग्रेस और उनके नेता और मर्यादित हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता यदुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी, बृज बिहारी लाल शर्मा, लाल चंद्र गुप्ता, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, अंजू केसरी, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, अनिल पाण्डेय, संदीप द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, अमलेश्वर चतुर्वेदी, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, मोतीलाल पटेल, डॉ. यूके श्रीवास्तव, विश्व बंधुधर द्विवेदी, विनय सिंह चौहान, भानु पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, डॉ. मनीला सिंह चौहान, पुनीत नारायण शुक्ला सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो कार्यकर्ता और महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रही और धरने को संबोधित किया।

## अर्थी निकालकर राहुल गांधी का फूंका पुतला

जबरदस्त धरना प्रदर्शन के पश्चात पार्टी नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अर्थी निकालकर कांग्रेस भवन के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंका। पुतले को मुखाग्नि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने दी। इस दौरान पार्टी नेताओं ने महिलाओं का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। राहुल गांधी माफी मांगो, माफी मांगो। महिलाओं के सम्मान में भाजपा मैदान में। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के जबरदस्त नारे महिला मोर्चा और पार्टी नेताओं ने लगाए। धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में आए हुए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं और आम जनों के प्रति भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने आभार व्यापित किया और कार्यक्रम को शानदार ढंग से संपादित करने के लिए उनका अभिनंदन किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन®
(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)
INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION
(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)
IBPS प्रज्ञाविभावनम्
असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत — In assessment, India trusts us
वेबसाइट देखने हेतु स्कैन करें Scan to visit Website

CRP RRBs XIV

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) में अधिकारियों (स्केल-I, II एवं III) तथा ऑफिस असिस्टेंट (मल्टीपर्पज़) की भर्ती हेतु साझा भर्ती प्रक्रिया

अधिकृत वेबसाइट : www.ibps.in; पूछताछ / शिकायतों के मामले में कृपया https://cgrs.ibps.in पर लॉग इन करें

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) के ग्रुप "A" – अधिकारी (स्केल-I, II एवं III) तथा ग्रुप "B" – ऑफिस असिस्टेंट (मल्टीपर्पज़) की भर्ती के लिए आगामी साझा भर्ती प्रक्रिया (CRP RRBs – XIV) हेतु ऑनलाइन परीक्षाएँ इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (IBPS) द्वारा नीचे दिए गए संभावित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएँगी। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत ग्रुप "A" – अधिकारी (स्केल-I, II एवं III) हेतु साक्षात्कार का समन्वयन NABARD एवं IBPS के सहयोग से संबंधित नोडल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको द्वारा संभवत: जनवरी/फरवरी 2026 में किया जाएगा।

महत्वपूर्ण तिथियां

| गतिविधि | संभावित समयावधि |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क / सूचना शुल्क का भुगतान | 01.09.2025 से 21.09.2025 |
| उम्मीदवारों हेतु आवेदन फॉर्म में संशोधन/सुधार के लिए एडिट विंडो (एडिट हेतु ऑनलाइन भुगतान सहित) | पंजीकरण की समाप्ति के बाद (अधिकृत IBPS वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा) |
| परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण (PET) का आयोजन | नवंबर, 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा – प्रारंभिक (अधिकारी/ऑफिस असिस्टेंट) | नवंबर / दिसंबर, 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा – प्रारंभिक का परिणाम | दिसंबर, 2025 / जनवरी, 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा – मुख्य/एकल (अधिकारी/ऑफिस असिस्टेंट) | दिसंबर, 2025 / फ़रवरी, 2026 |

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, वे विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिये आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट www.ibps.in का नियमित अवलोकन करें।

CRP RRBs – XIV के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें और आवेदन करने से पूर्व, सुनिश्चित करें कि वे अधिकृत IBPS वेबसाइट पर उपलब्ध और जारी विस्तृत अधिसूचना में उल्लिखित विनिर्दिष्ट तिथियों पर न्यूनतम पात्रता शर्तें पूरी करते हों। उम्मीदवारों को विस्तृत अधिसूचना में दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

मुंबई
दिनांक : 01.09.2025
निदेशक

# अंधे हत्याकांड का बाकल पुलिस ने किया खुलासा

जागरण, कटनी



थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंदेल के नेतृत्व में बाकल में 30 को सूचनाकर्ता राजेश लोधी पिता अंतर सिंह लोधी की सूचना पर थाना बाकल में मर्ग जांच में लिया गया। सूचनाकर्ता ने ग्राम चनपुरा थाना बाकल में गणेश पंडाल के बाजू बने आंगनवाड़ी आरोग्य केंद्र में ग्राम कोटवार सीताराम वंशकार की लाश मिली है जहां उल्टी पड़ी हुई जिससे प्रतीत होता है कि कोटवार सीताराम ने लंबी बीमारी के चलते जहर खाया होगा। जिसकी जांच हेतु थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंची जहां मृतक के शरीर में घसीटने के निशान व शरीर में नीलापन होने से मृतक की मृत्यु पर संदेह हुआ। मृतक सीताराम का परिवार जबलपुर होने से परिवार के कोई सदस्य नहीं मिले।

बाकल पुलिस ने स्थानीय व गणेश पंडाल में बैठे समिति सदस्य से पूछताछ की जिन्होंने कोई जवाब ना देकर कोटवार की मृत्यु कैसे हुई की जानकारी ना होना बताया गया। थाना बाकल पुलिस ने परिस्थिति जन्य व घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मुखबिर तंत्र व साइबर की मदद से संदेहियों के बारे में पता किया। शव को पीएम हेतु बहोरीबंद अस्पताल भेजा गया जहां पीएम कराया गया जहां मृतक के आंतरिक शरीर में चोट, खून के धब्बे, रीढ़ की हड्डी टूटना पाए जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बाकल में अपराध हत्या का मामला दर्ज कर संदेहियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कोटवार की मृत्यु से एक दिन पहले रात दिनांक 29 को गांव के मनीष पटेल व उसके पिता अमर सिंह पटेल से कोटवार का वाद विवाद हुआ है। संदेही मनीष पटेल को घर से उठाया गया। जिससे सबूत के आधार पर पूछताछ करने पर जुमे स्वीकार किया लेकिन पिता का नाम नहीं बताया किंतु घटना स्थल से अन्य सबूत पाए जाने से पिता अमर सिंह को जिला पन्ना से लाया गया पृथक से पूछताछ करने पर बेटे मनीष लोधी और अमर सिंह ने कोटवार सीताराम के साथ मारपीट करना स्वीकार किया।

हत्या का कारण बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी ने अपने दोस्त जीवन वंशकार जो कोटवार सीताराम वंशकार का नाती था साथ में रहता था। मेरे अच्छा दोस्त था साथ रहता था घर आता जाता था, राखी के दूसरे दिन कजलियों के दिन मेरी पत्नी को लेकर कहीं भाग गया। जिससे मैं बहुत दिन से ढूंढ रहा हुं लेकिन नहीं मिला है कोटवार सीताराम भी नहीं बता रहा था। 29 अगस्त को भी हमारा विवाद इसी बात को लेकर हुआ जहां मनीष पटेल और पिता अमर सिंह पटेल ने कोटवार को उसके कमरे के दरवाजे को लात से मार कर खोला जिससे कोटवार को आंख में लगी और जमीन पर गिर गया, घटना स्थल के दरवाजे पर आरोपी के पैर के निशान पाए गए कोटवार को हाथ पकड़ घसीटा जिससे शरीर में घसीट के निशान है और बाहर सीसी रोड में निकालकर मारा जहां कोटवार की हाथ घड़ी टूटी मिली थी। पिता अमर सिंह ने बांस के बेत से मारा जिससे वो टूट गई थी जो घटना स्थल से प्राप्त हुई थी। बाद में हाथ मुक्के से उसके दाहिने कमर में मारा जिससे पसली टूटी हुई थी। मनीष पटेल घर में छुपा बैठा था व अमर सिंह अपने ससुराल जिला पन्ना भाग गया था जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्यवाही में थाना बाकल प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अखिलेश प्यासी, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, आरक्षक राजभान, सूरलाल, अंकित अन्य स्टाफ साइबर सेल आरक्षक प्रशांत की सराहनीय भूमिका निभाई।

# कन्या महाविद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

## मलेरिया जैसी घातक बीमारी के प्रति किया जागरूक



**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में सोमवार को प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके निवारण के उपायों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला मलेरिया ऑफिसर शालिनी नामदेव और मलेरिया विभाग के इंचार्ज प्रमत कुमार मेंहर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्राओं को मलेरिया के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। एमएससी जूलॉजी की छात्रा शिक्षा शर्मा ने मलेरिया विषय पर अपने विचार विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए जिसमें उन्होंने मच्छरों के नियंत्रण और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उनके विचारों ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ.विमला मिंज, डॉ.रोशनी पांडे, डॉ.सोनिया कश्यप, स्मृति दहायत, भीम बर्मन, मीनाक्षी वर्मा, पूजा सिंह राजपूत, प्रेमलाल कांवरे, पूनम बाजपेई और डॉ.रंजना वर्मा ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने मलेरिया जागरूकता से संबंधित रचनात्मक और सूचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किएए जिनमें मलेरिया के रोकथाम के उपायों को दर्शाया गया। प्रथम स्थान शिक्षा शर्माए द्वितीय स्थान पलक हल्दकार, ततीय स्थान सुरभि खटीक ने प्राप्त किया। सात्वना पुरूस्कार में सविता हल्दकार, प्रिया हल्दकार, कंचन एवं सुषमा सिंह रही। इस आयोजन ने न केवल छात्राओं की रचनात्मकता को प्रदर्शित कियाए बल्कि सामाजिक जागरूकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी उजागर किया।

## लल्लू भैया तलैया जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु जनहित याचिका दायर

**कटनी।** एडवोकेट मौसूफ बिट्टू वर्तमान वरिष्ट पार्षद कटनी के द्वारा एक जनहित याचिका पीआईएल माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में लल्लू भैया की तलेया का जीर्णोद्धार कराये जाने बाबत याचिका प्रस्तुत की गई जिसमें कटनी नगर बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित लल्लू भैया की तलैया वर्तमान में बहुत ही दयनीय स्थिति में है जिसका जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण कराया जाना अति आवश्यक है जिसका कि पूर्व वर्ष 2024 में वेटलैंड समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया था परंतु आज दिनांक तक इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे कि तलैया की स्थिति और भी बद से बदतर होती जा रही है। जानवरों का विचरण हो रहा है, गंदगी की भरमार है, अराजकता चरम पर है। पूर्व में पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि तत्काल इस विषय में सकारात्मक कार्यवाही करने के संबंध में कटनी कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम को दिनांक 28 फरवरी 2025 एवं 27 फरवरी 2025 को आवेदन पत्र भी दिये गये किन्तु कार्यवाही नहीं होने पर जनहित याचिका प्रस्तुत की गई।

# कटनी में चाणक्य ब्राह्मण महासभा परिवार द्वारा आयोजित हुआ युवा महोत्सव

## अतिथि विद्वानों ने समाज को सही दिशा देने युवाओं को बताएं उनके महत्व



**कटनी।** बस स्टैंड नगर निगम ऑडिटोरियम में चाणक्य ब्राह्मण महासभा परिवार द्वारा पहली बार युवाओं को सही दिशा में ले जाने के उद्देश्य से युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा महोत्सव में अतिथि विद्वानों ने खासतौर से गलत दिशा में जा रही युवाओं को सही दिशा में चलने की सीख देते हुए देश के नवनिर्माण में उनके महत्व को समझाया। चाणक्य ब्राह्मण महासभा परिवार कटनी द्वारा इस तरह का यह पहला आयोजन था जिसमें ब्राह्मण परिवार के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि विद्वानों ने कहा कि परिवार में माता पिता ही हमारे पहले गुरु होते हैं। माता पिता द्वारा दी गई किसी भी सीख को कभी जो लोग नजर अंदाज नहीं करते ऐसे लोग हमेशा तरक्की हासिल करते हैं।

चाणक्य ब्राह्मण महासभा परिवार कटनी जिला अध्यक्ष उमाकांत पप्पू दीक्षित ने बताया कि ब्राह्मण समाज के युवाओं को आपस में जोड़ने और आपसी परिचय बढाने के लिए यह आयोजन किया गया। हर समाज को जीवंत रखने में युवाओं की भागीदारी बहुत ही आवश्यक होती है। समाज में सतसंग या मिलन समारोह या सामाजिक चुनावों के माध्यम से आपसी परिचय बढता है लेकिन ब्राह्मण समाज में ये एक अनोखा कार्यक्रम है जिसमें पंद्रह वर्ष से ऊपर के बच्चों ने अपना नाम, अपने पिता का नाम, अपने दादा जी का नाम एवं अपने गोत्र के साथ अपना कार्य क्षेत्र भी बताया। कार्यक्रम में पधारे अलग अलग कार्य क्षेत्र से उपस्थित वरिष्ठ जनों से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। युवा महोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों में चित्रकूट से पधारे पेशवा वंशज प्रभाकर नरसिंह पेशवा, भूप नारायण मिश्रा, बालेन्दु मिश्रा बरगड वाले महाराज, पवई से प्रख्यात कथा वाचक सचिन शास्त्री, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्रा, इंटक अध्यक्ष बी एम तिवारी, शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, सीए सुशील शर्मा, कोचिंग संचालक बाल कृष्ण मिश्रा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, सुनील मिश्रा गाताखेडा, विनय दीक्षित, पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्पित अवस्थी आदि ने युवाओं एवं समाज के विषय में अपने विचार रखें।

# पुलिया छतिग्रस्त होने पर ब्योहारी नगर से वार्ड नंबर नौ न्यू बरौधा का सम्पर्क टूटा, हजारों लोग का आवागमन ठप

## भारी बारिश के कारण बाणसागर विस्थापित परिवार हो रहे परेशान



**जागरण, ब्यौहारी।** शहडोल जिले ब्योहारी में विगत रात्रि भारी बारिश होने के ब्योहारी से वार्ड नंबर नौ न्यू बरौधा के बीच पुलिया छतिग्रस्त हो गई जिसके कारण न्यू बरौधा पूर्ण रूप आवागमन ठप्प हो गया जिससे बाणसागर विस्थापित परिवार के बच्चों का स्कूल आना जाना बंद हो गया तो कुछ छात्र जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं हालांकि कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिया के दोनों तरफ से बैरीकेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है फिर भी कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं हम आपको बता दें इस पुलिया का निर्माण वर्ष 2003 में कराया गया था लेकिन इस पुलिया का रख–रखाव और मरम्मत कार्य न कराये जाने के कारण विगत रात्रि भारी बारिश होने से पुलिया पूर्ण रूप छतिग्रस्त हो गई जिसकी सूचना नगर पालिका ब्योहारी एवं प्रशासन को दे दी गई है पर शायद प्रशासनिक अमला कुम्भकरणी निद्रा में लीन है बाणसागर विस्थापित परिवार ने प्रशासन से मांग की गई है कि जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए जब तक पुलिया का निर्माण न हो वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए जिससे न्यू बरौधा के लोगों का आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके।

# दुराचार का आरोपी सिंगरौली इंटरसिटी से गिरफ्तार



**कटनी।** न्यू कटनी जंक्शन आरपीएफ ने सोमवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुराचार के आरोपी को ट्रेन से फरार होने के दौरान पकड़ लिया। आरोपी ने निवास रोड हरदी गांव में 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार की वारदात को अंजाम देने के बाद सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11652 से भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क आरपीएफ जवानों ने उसे दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार हरदी गांव निवासी 19 वर्षीय राजेंद्र साहू पिता राजपति साहू ने गांव के स्कूल के पास खेल रही 7 वर्षीय बच्ची को बहला फुसलाकर उसके साथ दुराचार किया। घटना के बाद जब बच्ची ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई तो परिजनों ने तत्काल सरई थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और न्यू कटनी जंक्शन आरपीएफ को सूचना दी कि आरोपी ट्रेन से भागने की कोशिश कर सकता है। सूचना मिलते ही आरपीएफ के अधिकारी हरकत में आए और जैसे ही इंटरसिटी कटनी स्टेशन पहुंचीए जवानों ने हर कोच की तलाशी शुरू कर दी। तभी आरोपी को भनक लगी कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बचने के लिए वह जनरल कोच के बाथरूम में घुस गया और दरवाजा अंदर से बंद कर कपड़े बदलने लगाए ताकि पहचान से बच सके। इसी दौरान यात्रियों ने आरपीएफ को बताया कि बाथरूम में एक युवक संदिग्ध तरीके से छिपा हुआ है। आरपीएफ ने जबरन दरवाजा खुलवाया तो आरोपी वहां कपड़े बदलते हुए मिला।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# सरस्वती ओपीएम में छात्र संसद ने किया शपथ ग्रहण

**जागरण, शहडोल।** स्थानीय विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओ पी एम अमलाई में विगत दिवस सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश पर संस्था में छात्र संसद किशोर भारती , कन्याभारती, बाल भारती एवं शिशु भारती का विधिवत गठन पश्चात संस्था के कोषाध्यक्ष श्रीमान अतिराजसिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति में प्राचार्य श्री मृगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव,सह सचिव, कोषाध्यक्ष तथा सेनापति को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में संस्था के समस्त भैया बहिन आचार्य परिवार की उपस्थिति में किशोर भारती अध्यक्ष भैया कृष्णा सिंह कक्षा द्वादश(वाणिज्य संकाय ) ,उपाध्यक्ष बहिन प्राची तिवारी,सचिव दिव्यांश त्रिपाठी, सहसचिव अतुल सिंह, कोषाध्यक्ष रवींद्रनाथ पाण्डेय, सेनापति आरव पाण्डेय कन्याभारती की अध्यक्ष बहिन खुशी सिंह कक्षा द्वादश (वाणिज्य संकाय), उपाध्यक्ष महक बानो, सचिव रीतिका प्रजापति,सहसचिव आरना पाण्डेय, कोषाध्यक्ष आकृति सिंह, सेनापति रितु शाह ने अपने पद की शपथ ली। ज्ञातव्य है विद्यालय में विद्या भारती की योजना अनुसार छात्र संसद का गठन छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने, दायित्व बोध कराने एवं उनकी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने की दृष्टि से किया जाता है। भारत की लोकतांत्रिक पद्धति से परिचय कराना भी इसका एक विशेष उद्देश्य है। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्री पी डी मिश्रा जी के द्वारा भैया/बहिनों को छात्र संसद की महत्ता एवं दायित्व संबंधी विधिवत् जानकारी देते हुए शुभकामना प्रदान किया। बालभारती के पदाधिकारी अध्यक्ष भैया आयुष शर्मा (कक्षा अष्टम), उपाध्यक्ष आर्यन पहलवान, सचिव अभिषेक यादव, सहसचिव ध्रुव कुमार रैदास, कोषाध्यक्ष भूमि महतो, सेनापति सोनाक्षी मिश्रा ने शपथ ली। शिशुभारती के अध्यक्ष अंशिका कुमारी (कक्षा पंचम) उपाध्यक्ष करुणा यादव, सचिव वसुंधरा वर्मा, सह सचिव उमंग राने तथा अनुशासन प्रमुख आदित्य सोनी ने भी शपथ ली। छात्र संसद के पदाधिकारी भैया/बहिन को अपने पद/दायित्व का निर्वहन सत्यनिष्ठा व ईमानदारी पूर्वक करने हेतु विद्याभारती सरस्वती शिक्षा परिषद के विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा जी, जिला सचिव रवि कुमार रजक जी, संस्था के ऊर्जावान व्यवस्थापक बृज किशोर यादव जी तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारी, सदस्यों एवं आचार्य परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी गई। कल्याण मंत्र पश्चात् शपथ ग्रहण समारोह का समापन हुआ।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन-2025-151 | अनुमानित लागत रु : 29168848.69 |
| कार्य का नाम : (ए) थ्रू रेल रिन्यूअल (पी) 14.56 किलोमीटर वर्क ऑन झाँसी - धौलपुर सेक्शन अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ जूरिडिक्शन । (बी) थ्रू फस्टेनिंग रिन्यूअल, 53.98 किलोमीटर वर्क ऑन झाँसी - धौलपुर सेक्शन अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ जूरिडिक्शन। | |
| अमानत राशि : 295900.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 18.09.2025 at 15:00 hrs |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |

• निविदा **दिनांक 18.09.2025 को 15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे । • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें । **1570/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

**26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal**

**Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1651 Date: 01.09.2025**

**NOTICE FOR REQUEST FOR QUALIFICATION**

Notice Inviting Request for Qualification (RFQ) for Empanelment of Manufactures for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair And Maintenance of Two-Directional Automatic Food Grain Analyzer For Quality Assaying Of Food Grains in Various APMCs of Madhya Pradesh.

Online offers are invited for the above-mentioned work (Tender Number : 2025_MPSAM_448339) through Madhya Pradesh e-tender portal **https://mptenders.gov.in/** on or before date 24.09.2025 upto 5:00 PM. The submission of an offer by a manufacturer implies that he has read the detailed RFQ and all other documents. The detailed RFQ is available on **https://mptenders.gov.in/** & Madhya Pradesh State Agricultural Marketing Board website - **https://mpmandiboard.in/**

**Pre-bid meeting :** To discuss the scope of work and terms/ conditions, will be held on 10.09.2025 at 03.00 PM at the above address.

**EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**

M.P. Madhyam/121814/2025

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईंस, सतना (म.प्र.)

PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-25/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2236 — रीवा, दिनांक 26.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _447253_1 | रामपुर बाघेलान जिला सतना में उपसंभागीय कार्यालय लोक निर्माण विभाग (भ/स) सह 01 एफ टाईप, 05 जी टाईप एवं 02 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य मय जलप्रदाय, सेनेटरी एवं विद्युतीकरण के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 434.13 | 434130.00 | 15000 | 12 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01-09-2025 समय 10:00 से दिनांक 15-09-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**( इंजी. रोहित मरावी )**
**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
लोक निर्माण विभाग, सतना

**G-18045/25**

## कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सीधी (म.प्र.)

Email:- wcdsid@nic.in

क्रमांक/ / मबावि./ICPS/2025 — सीधी, दिनांक / /2025

**दत्तक ग्रहण हेतु विधिमुक्त के लिये विज्ञप्ति**



बालक का नाम – राजू ( बालक के दाहिने हाथ में राजू लिखा है )
उम्र – लगभग 15 वर्ष
लिंग – बालक
रंग – सांवला
लंबाई – 5 फिट 2 इंच
शरीर – इकहरा
शारीरिक स्थिति – बालक स्पष्ट बोलने में सक्षम नही है।
प्राप्त स्थान – थाना जमोड़ी सीधी

उक्त बालक दिनांक 19 जुलाई 2025 को एक मानसिक विक्षिप्त निराश्रित बालक ग्राम तेन्दुआ पुलिस थाना जमोड़ी सीधी म.प्र. में प्राप्त हुआ है। बालक मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण स्वयं अथवा परिजनों के बारे में कोई भी जानकारी देने की स्थिति में नहीं है। यदि कोई व्यक्ति बालक के माता पिता/संरक्षक होने का दावा या अधिकार रखता हो अथवा उक्त बालक के माता पिता को जानता या पहचानता हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर पर्याप्त पुष्टिकारक साक्ष्य व प्रमाण के साथ कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कलेक्ट्रेट परिसर सीधी, बाल कल्याण समिति, अभय ट्रेडर्स के उपर अर्जुन नगर सीधी (म.प्र.) फोन.नं.-07822356404 अथवा अधीक्षक अरूणोदय बालगृह (बालक) पड़रा जिला सीधी म.प्र. मो.नं.-7389281955 में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर दावा प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के उपरांत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधिमुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास**
**जिला सीधी ( म.प्र. )**

**G-18074/25**

## MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

**26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal**

**Board/Nirman/P.Cell./CGP/25-26/1652 & 1653 Date : 01.09.2025**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for 1. Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair and Maintenance of 5 ton per hr.(TPH) Cleaning, Grading & Packaging Plant in APMCs (APMC Khandwa - District Khandwa, APMC Burhanpur - District Burhanpur, APMC Ashoknagar - District Ashoknagar, APMC Ganjbasoda - District Vidisha, APMC Harda - District Harda, APMC Jaora - District Ratlam, APMC Berasia - District Bhopal, APMC Sehore - District Sehore, APMC Agar - District Agar-Malwa) with all the required amenities and allied structure for it and then maintain and operate it satisfactory for one (1) year from the date of final completion. (Tender Number : 2025_MPSAM_448340) (PAC amount Rs. 921.42 Lakh).;

2. Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair and Maintenance of 10 ton per hr.(TPH) Cleaning, Grading & Packaging Plant in APMCs (APMC Ujjain - District Ujjain, APMC Jabalpur - District Jabalpur, APMC Guna - District Guna, APMC Badnawar - District Dhar, APMC Neemuch - District Neemuch, APMC Seoni - District Seoni) with all the required amenities and allied structure for it and then maintain and operate it satisfactory for one (1) year from the date of final completion. (Tender Number : 2025_MPSAM_448341) (PAC amount Rs. 939.18 Lakh). The following Tender to be received online up to 5:00 PM on 24.09.2025. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note : -** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**

M.P. Madhyam/121813/2025

# मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व के हाथियों को मिली छुट्टी, रिजुविनेशन कैंप में 7 दिनों तक करेंगे आराम, मौज-मस्ती और खाने-पीने की विशेष व्यवस्था



**जागरण, मंडला ।** कान्हा टाइगर रिजर्व अपनी प्राकृतिक संपदा और जैव-विविधता के साथ-साथ हाथियों के संरक्षण व प्रबंधन के लिए पहचाना जाता है. यहां सालों से प्रबंधन द्वारा हाथियों की देखरेख की जा रही है. इनमें कुछ हाथी देश के मेलों से खरीदकर लाए गए हैं, तो कुछ यहीं पैदा हुए हैं. इन हाथियों के लिए कान्हा प्रबंधन द्वारा विशेष कैंप लगाया गया है, जो 31 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगा. सात दिवसीय रिजुविनेशन कैंप में हाथियों की सेवा की जाएगी.

**कान्हा में हाथियों को मिली छुट्टी :** रविवार को कान्हा टाइगर रिजर्व में डायरेक्टर रविन्द्र मणि त्रिपाठी ने हाथियों को तिलक लगाकर रिजुविनेशन कैंप का शुभारंभ किया. मुक्की परिक्षेत्र के अंतर्गत औराई मैदान में लगे कैंप में 17 हाथियों को शामिल किया गया है. 6 सितंबर तक चलने वाले इस कैंप में हाथियों को काम से छुट्टी दी गई है. इस दौरान हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और उनको स्पेशल पौष्टिक आहार दिया जाएगा. साथ ही उनकी नीम और अरंडी के तेल से रोजाना मालिश की जाएगी.

**महावत का भी होगा चेकअप :** कैंप में हाथियों को साथ महावत और चारा कटर को भी आराम दिया जाएगा. साथ ही उनकी पूरी स्वास्थ्य जांच होगी और मनोरंजन आदि की व्यवस्था की जाएगी. इसके अलावा हाथियों को अतिरिक्त खुराक के रूप में विटामिन, मिनरल्स, केला, मक्का, आम, नारियल, अनानास, पपीता, गुड़ और रोटी आदि परोसे जाएंगे. इस दौरान हाथियों के साथ महावत और चारा कटर पूरी तरह से छुट्टी पर रहते हैं ।

**कैंप में इस तरह से होगी सेवा :** कैंप के दौरान सुबह हाथियों को जंगल से लाकर स्नान कराते हैं. इसके बाद पैरों में नीम का तेल और सिर में अरंडी का तेल लगाकर मालिश की जाती है. फिर उन्हें पौष्टिक फल और अनाज खिलाकर जंगल में छोड़ दिया जाता है. दोपहर में पुनः हाथियों को लाकर नहलाया जाता है और रोटी, गुड़, पपीता व नारियल आदि खिलाया जाता है. इस दौरान हाथियों के रक्त के नमूने लेकर जांच की जाएगी. साथ ही उनके नाखूनों की ड्रेसिंग, पेट के कीड़ों की दवा द्वारा सफाई और आवश्यकता पड़ने पर हाथी दांत की कटाई भी की जाएगी.

### हाथियों के लिए वरदान है कैंप

कान्हा के डायरेक्टर रवीन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा, ऋइस तरह के कैंप हाथियों के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होते हैं. इससे न केवल उन्हें शारीरिक और मानसिक आराम मिलता है, बल्कि उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है. साथ ही यह सामाजिक प्राणी एक साथ समय बिताने का अनोखा अवसर भी पाते हैं. आगे उन्होंने कहा, कान्हा नेशनल पार्क के कैम्प का आयोजन 2015 से प्रारंभ किया गया. इसमें हमारे द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले 17 हाथियों की सेवाएं आदि की जाती है. ऐसा करने से हाथी तरोताजा महसूस करते हैं ।

## थाना कोतवाली पुलिस ने तालाब में आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को पहुंचाया सुरक्षित स्थान

**छतरपुर ।** थाना कोतवाली पुलिस को पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि छतरपुर नगर के प्रताप सागर तालाब किनारे बैठी महिला तनाव में है, आत्महत्या करने का प्रयास कर रही है, स्थानीय लोगों द्वारा समझाया जा रहा है, मान नहीं रही है।सूचना प्राप्त होते ही थाना कोतवाली चीता मोबाइल, निर्भया मोबाइल शीघ्र मौके पर पहुंचे। निर्भया मोबाइल में महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला को समझाया गया एवं सुरक्षित स्थान पर ले जाकर काउंसलिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा पुलिस टीम की इस सराहनीय एवं संवेदनशील कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत करने की उद्घोषणा की गई है। उक्त त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, आरक्षक कृष्णकांत पांडेय रूपेश, निर्भया मोबाइल से सहायक उप निरीक्षक रामरति, महिला प्रधान आरक्षक शांति देवी, पुलिस कंट्रोल रूम से प्रधान आरक्षक जय किशोर तिवारी, आरक्षक दीपक विश्वकर्मा एवं थाना कोतवाली चीता मोबाइल की भूमिका रही।

# आदिवासी समाज को पृथक धर्म कॉलम दिलाने की मांग, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**जागरण, मंडला।** सोमवार को अखिल गोंडवाना कोयापुनेम भूमका सेवा संस्था संघ के पदाधिकारियों ने मंडला कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि स्वतंत्रता पूर्व जनगणना प्रपत्रों में आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान के लिए पृथक कॉलम/कोड की व्यवस्था थी, जिसे स्वतंत्रता के बाद समाप्त कर दिया गया। इस कारण आदिवासी समाज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान प्रभावित हो रही है।संघ ने मांग की है कि आगामी जनगणना में आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान के लिए ट्राइबल रिलिजन नाम से पृथक कॉलम/कोड शामिल किया जाए, जिससे उनकी आस्था, परंपरा एवं सांस्कृतिक अस्मिता सुरक्षित रह सके। ज्ञापन में संविधान की विभिन्न धाराओं, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों एवं संयुक्त राष्ट्र केका हवाला देते हुए आदिवासी समाज को अलग पहचान दिलाने की मांग की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता, यादव समाज के शहर अध्यक्ष सहित कई लोग बने चोरों का शिकार

**जागरण, छतरपुर ।** बीते रोज जिला मुख्यालय के मेलाग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में एक ओर लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मुख्यमंत्री के भाषण को सुनने में व्यस्त थे, तो वहीं दूसरी ओर चोरों का गिरोह लोगों की जेब काटने में लगा हुआ था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जेब कटने तथा पैसे और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होने की कई शिकायतें सामने आई हैं।भाजपा नेता पुरुषोत्तम शिवहरे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर ने उनकी जेब से 11 हजार रुपए चोरी कर लिए। इसी तरह यादव समाज के शहर अध्यक्ष मुन्ना यादव ने बताया कि उनकी जेब से अज्ञात चोर ने पूरा पर्स चोरी कर लिया, जिसमें 8 हजार 200 रुपए के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। एक अन्य युवक देवराज परमार ने बताया कि उनका भी पर्स चोरी हुआ है, जिसमें 350 रुपए के अलावा उनके दस्तावेज रखे हुए थे। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों से कार्यक्रम में शामिल होने आए कई अन्य लोगों के साथ भी जेब कटने और पैसे चोरी होने की घटनाएं हुई हैं। गौरतलब है कि कार्यक्रम में सीएम की उपस्थिति के चलते सैकड़ों की संख्या में सुरक्षाकर्मी और पुलिस विभाग के आला अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे, बावजूद इसके दर्जनों लोगों की जेब कट जाना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

# पुलिस ने देरी रोड से अवैध शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार, 7 पेटी 63 लीटर शराब जब्त



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान देरी रोड में अवैध शराब सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम देरी रोड महर्षि स्कूल के पास पहुंची, संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसको पकड़ा गया। रोड किनारे झाड़ियों में छिपाई गई अवैध शराब 7 पेटी 63 लीटर अवैध देशी शराब कीमत करीब 26000 रुपये बरामद की गई। अवैध शराब में संलिप्त आरोपी विमल खटीक पिता बाबूलाल खटीक निवासी बीडी कॉलोनी देरी रोड थाना सिविल लाइन के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी विमल खटीक हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, आबकारी जैसे आधा दर्जन अपराधों में लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मिक चौबे, सहायक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र, जुगल किशोर, सत्येंद्र, भगवानदास, सूरजभान एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# नगर परिषद ने खेल मैदान को बनाया कचरा घर



**जागरण, लवकुश नगर ।** नगर में इस समय सबसे ज्यादा चिंता का विषय आवारा घूम रही गौ माता को उनका स्थाई घर दिलाने की मुहिम छिड़ी हुई है। नगर के युवा इस पुनीत कार्य में अपना सर्वस्य न्योछावर करने को तत्पर दिखाई दे रहे है वही नगरीय प्रशासन के अधिकारी इस मामले को लेकर खामोश एवं लापरवाह नजर आ रहे है। न तो अभी तक गौशाला के लिए जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है और न ही गौ माता को उनका स्थाई निवास बनाया गया है, भूखी प्यासी गाय अपना पेट भरने के लिए कचरे को खाकर अपना पेट भरने के लिए मजबूर दिखाई दे रही है। वही जब आज नगर के खेल मैदान में जाकर देखा गया तो यहां हकीकत कुछ और ही बयां होती हुई नजर आई, जहां प्रशासन की और से बने कचरे को डंप यार्ड तक न पहुंचा कर खुले में कचरे को फेक दिया गया, यह फोटो है नगर के खेल मैदान की यहां पर शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, वही इस मैदान पर नगर परिषद की गाड़ियों ने कचरे का डंपिंग यार्ड शुरू कर दिया है, आपको हम बता दे कि यहां पर हर वर्ष गणतंत्र मेले का एवं हर हफ्ते गुरुवार के दिन हाट बाजार का भी आयोजन होता है इस मैदान पर कई प्रदेशों की टीमों का क्रिकेट मैच भी हर वर्ष होता है इसके अलावा यहां पर हरिजन बस्ती के लोग भी निवास करते हैं उन लोगों की माने तो उनका कहना है कि हम लोगों के बच्चे ना ही इस मैदान पर खेल सकते हैं और हमारा यहां रहना भी बड़ा मुश्किल हो गया है इन कचरो के ढेर से बहुत ही बदबू निकलती है और इन्हीं कचरो पर गाय एवं अन्य पशु अपने भोजन की भी तलाश करते हैं, आखिर कब इन बेजुबान जानवरों की सुध ली जाएगी वही प्रशासन के आदेश को भी एक मात्र कागज का पन्ना समझ कर कब तक कूड़े में डाला जाएगा।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक गिरफ्तार



**जागरण, मंडला ।** थाना निवास पुलिस ने एक नाबालिग छात्रा से अशोभनीय व्यवहार करने वाले शिक्षक को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। थाना निवास की टीम ने तत्परता एवं गंभीरता से कार्य कर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। बता दें थाना क्षेत्र निवास में एक नाबालिग छात्रा द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि 27 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 2 बजे स्कूल में पदस्थ शिक्षक ने उसे जबरन गले लगाकर गलत नीयत से छेड़छाड़ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना निवास में तत्काल भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो अधिनियम एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओ में अपराध पंजीबद्ध कर एक विशेष टीम गठित की गई जिसमें एसडीओपी निवास के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। गहन पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल मंडला भेजा गया है।इस कार्रवाई में निरीक्षक वर्षा पटेल (थाना प्रभारी, निवास) सहायक उप निरीक्षक अरुण आर्मो, आरक्षक रोहित कुमार कुशवाहा, हरवंश ठाकुर, सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद बघेल, अजय यादव का सराहनीय योगदान रहा ।

# नौगांव की बेटी तृप्ती कठैल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**नौगांव ।** नगर की बेटी तृप्ती कठैल ने दिल्ली में आयोजित 25वें गंतव्य राष्ट्रीय सम्मान समारोह में स्त्री शक्ति सम्मान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। देशभर से चुनी गईं 62 विशिष्ट हस्तियों में शामिल तृप्ती को यह सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री ने प्रदान किया। इस उपलब्धि से नौगांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित 25वें गंतव्य राष्ट्रीय सम्मान समारोह में नौगांव की तृप्ती कठैल को स्त्री शक्ति सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील शास्त्री ने की, जबकि दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंच पर सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी, ममता महंता, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, विधायक राजकुमार भाटिया, पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजीब पाटजोशी, पार्षद नेहा अग्रवाल, उद्योगपति अमित गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अजय शर्मा और प्रितपाल सरना जैसे प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। इस समारोह में देशभर से प्राप्त 1040 प्रविष्टियों में से शिक्षा, समाज सेवा, साहित्य, स्वास्थ्य, पत्रकारिता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली केवल 62 हस्तियों का चयन किया गया। तृप्ती कठैल का इस सूची में शामिल होना नौगांव के लिए गर्व का विषय बन गया। सुनील शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश की असली ताकत वे लोग हैं जो निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करते हैं, और ऐसे लोगों को सम्मानित करना सबका कर्तव्य है।

# दो माह की अखण्ड रामधुन कीर्तन के बाद हुआ कन्या भोज एवं विशाल भण्डारे का आयोजन



**जागरण, लवकुशनगर ।** नगर के सिचाई कालौनी स्थित दुर्गा माता मंदिर में 2 माह 5 दिनो से संगीतमय अखण्ड रामधुन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा था। रामधुन की समाप्ति के बाद सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन सम्पन्न हुआ । (2 माह 5 दिन) चली अखण्ड रामधुन कीर्तन में वार्ड वासी जिसमें दिन में महिलाये और रात्रि में पुरुष वर्ग शामिल होकर रामधुन करते थे । सोमवार को अखण्ड रामधुन समापन के बाद विधिवत् हवन,पूजा- अर्चना हुई जिसके बाद सुबह 9 बजे से कन्या भोज और भण्डारा प्रारंभ हुआ भण्डारे में प्रसाद के रुप में पूड़ी सब्जी और बूदी का वितरण किया गया इसको स्वदेशी के लिये तालाबो में मिलने वाले पुरेन के पत्तो में लोगो को प्रसाद दिया गया । भण्डारा सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ खबर लिखे जाने तक देर रात तक चलता रहा जिसमें करीब 10 हजार से अधिक भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया । इस आयोजन में सिचाई कालौनी सहित अन्य सामजिक वर्ग एवं सभी के सहयोग से सम्पन्न हुआ ।

# राधा अष्टमी पर लोगों ने की गौवंश की सेवा

## गांधी आश्रम में हुआ कार्यक्रम गौ संरक्षण का लिया संकल्प

**जागरण, छतरपुर ।** शहर के गांधी आश्रम में रविवार को राधा अष्टमी पर्व पर गौ माता के प्रति प्रेम और सेवा भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में गौ प्रेमियों ने हिस्सा लिया और गौ संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौ माता के प्रति समर्पण और सेवा भाव को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में दोपहर साढ़े 12 बजे से विभिन्न गतिविधियां हुईं। जिनमें गौ माता के संरक्षण और सेवा से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई तथा आश्रम की देशज गौशाला में लोगों ने गायों को अपने हाथों से भोजन कराकर सेवा की। आयोजन में शामिल गौ प्रेमियों ने गौ माता के प्रति अपनी निष्ठा और सेवा भाव को व्यक्त किया। दमयंती पाणी ने बताया कि देशज गौशाला में 2006 में केवल तीन गायों से शुरू हुआ सफर 2025 में बढ़कर लगभग 60 गायों तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि गत 26 जुलाई से शुरू की गई गौ-सेवा मुहिम में विभिन्न समाजों लगभग 5 सैकड़ा लोगों ने आर्थिक मदद की है, जिससे गायों के भोजन और देखभाल की व्यवस्था को मजबूती मिली है। दमयंती पाणी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंडला में संडे ऑन साइकिल का भव्य आयोजन

## मंडला और सभी विकासखंड में 600 साइकिलिस्ट ने प्रतिभागिता की



**जागरण, मंडला ।** राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा पूरे मंडला जिले में संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला खेल अधिकारी श्री विकास ख़राडकर ने किया। मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जिला खेल अधिकारी श्री विकास खराडकर एवं अन्य साइकिलिस्टों के साथ पैडल मारकर फिटनेस और खेल का संदेश दिया। आयोजित रैली ऑडिटोरियम, कलेक्ट्रेट, बैगा बैगी चौराहा, नेहरू स्मारक, बिंझिया चौराहा, बस स्टैंड, चिलमन चौक, उदय चौक, बुधवारी, नावघाट सिंहवाहिनी, रानी रामगढ़ स्कूल होते हुए ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। विधायक विधानसभा क्षेत्र श्री नारायण सिंह पट्टा ने भी युवाओं के साथ साइकिल चलाई और जनता को फिट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उनका फिट रहना ही स्वस्थ समाज और राष्ट्र की नींव है।केवल मंडला नगर ही नहीं, बल्कि जिले के सभी 9 विकासखंड नैनपुर, बिछिया, मोहगांव, घुघरी, मंडला, बीजाडांडी, मवई, नारायणगंज और निवास में भी यह आयोजन हुआ। कुल मिलाकर लगभग 600 साइकिलिस्टों ने इसमें भाग लिया और फिट इंडिया मूवमेंट का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। मंडला जिले ने राष्ट्रीय खेल दिवस को खेल, स्वास्थ्य और ऊर्जा के महापर्व के रूप में मनाकर पूरे प्रदेश में एक मिसाल है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मण्डला जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रथम दिवस खेल दिवस समारोह और कुश्ती मेट के उद्घाटन एवं खेल प्रदर्शन में जिले के 900 लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इसी श्रंखला में द्वितीय दिवस जिले के सभी 9 विकासखंडों में हैंडबाल, वालीबॉल, हॉकी, शतरंज, तीरंदाजी, कैरम, बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन और राष्ट्रीय खेल दिवस के द्वितीय दिवस पर भोपाल में खेल विषयों पर आयोजित सेमीनार का प्रदर्शन मण्डला किया गया। कुल 850 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। तृतीय दिवस जिला और सभी विकासखंडों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कुल 340 युवाओं ने भाग लिया। इस प्रकार तीन दिवस के आयोजन में मंडला जिले के कुल 2090 खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# सीसीटीवी में कैद हुई भैंस चोरी की वारदात

**छतरपुर ।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र से भैंस चोरी की वारदात सामने आई है। यह वारदात घटना स्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पता चला कि देर रात दो चोरों ने बाड़े का गेट तोड़कर भैंस चोरी की है। पीड़ित पशुपालक ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओरछा रोड थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक, नारायणपुरा रोड, सिद्धेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाले रत्नेश सिंह चौहान के बाड़े में शनिवार देर रात दो अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की। सीसीटीवी फुटेज में दोनों चोर पहले बाड़े का गेट तोड़ते हुए तथा बाद में भैंस ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। रत्नेश ने ओरछा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से चोरों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गोली मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास




**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना मेंहदवानी के अपराध क्रमांक 182/2024 सत्र प्रकरण क्रमांक 66/2024 में आरोपी रामदयाल मरकाम पिता बारेलाल मरकाम उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कोंडाझिर, थाना बजाग जिला डिंडौरी को न्यायालय ने कठोर दंड सुनाया है।माननीय न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश डिंडौरी ने आरोपी रामदयाल को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 4000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 27(1) आर्म्स एक्ट में 5 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में क्रमशः 3 माह एवं 1 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

**ये रहा पूरा मामला :** घटना 22 जून 2024 की रात लगभग 9:30 बजे की है। प्रार्थी ने बताया कि उसका परिवार खेती किसानी करता है और उसके घर के पास आरोपी रामदयाल मरकाम का मकान है। रामदयाल का बेटा विगत 3-4 वर्षों से प्रार्थी के घर पर रहता था, जिसे लेकर आरोपी अक्सर विवाद करता था। घटनाक्रम के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपी रामदयाल ने गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी के घरवालों को धमकाया और फिर अपने आंगन में खड़े होकर भरमार बंदूक से प्रार्थी के पिता पर गोली चला दी। गोली सीने में लगने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया और विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को उपर्युक्त दंड से दंडित किया।

# मेकल ने यंग स्टार को और खैरी ने खेल विभाग को दी मात



**मंडला ।** सोमवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग के अंतरगत मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में मेकल ने यंग स्टार को 5 / 1 से शिकस्त दी। मेकल की तरफ से अभिषेक, हर्ष कुमार व ?कमलेश ने 1 - 1 और विकास ने 2 गोल किए। यंग स्टार की तरफ से एक मात्र गोल उत्कर्ष राय ने किया। दूसरा मैच खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में हिमांशु, कुनाल और अनुज के गोलों की मदद से खैरी 3 / 0 से विजयी रही। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, ललित लोधी, मोहन शाह, अभिषेक, स्वामी शारदात्मानन्द, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप शर्मा, जिला फुटबाल संघ व नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अनिल सोनी, राजेंद्र शर्मा, पार्षद विनय वरदानी, अली इमाम अंसारी, मतीन खान, कुशल अग्निहोत्री, राजेंद्र सिंगौर पंचू, पंकज उसराठे, मुजबी हसन, बिलाल अहमद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# निराश्रित गौवंश को मनरेगा गौशालाओं में मिलेगा आश्रय



**जागरण, डिंडोरी।** जिले में महात्माच गांधी नरेगा से निर्मित गौशालाओं में गौवंश की रख-रखाव की समीक्षा कलेक्टार श्रीमती नेहा मारव्यां द्वारा समय-सीमा बैठक में की गई। जिले में निर्मित गौशालाओं में गौवंश का रख-रखाव करने तथा निराश्रित गौवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने की व्यगवस्थाम करने के निर्देश समस्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्या नगर पंचायत अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी को दिये। कलेक्टरर ने निर्देशित किया कि सभी मुख्यख कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौशालाओं का निरीक्षण आजीविका मिशन के विकासखण्डट प्रबंधक के साथ करते हुये स्वक-सहायता समूह को सक्रिय करें। जिले में कोई भी निराश्रित गौवंश सडकों पर घूमता न पाया जाए, इसके लिये शासन द्वारा गौशाला एंव चारा भूसा की समुचित व्येवस्थार की गई है। ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत मे मुनादी कराते हुये निराश्रित गौवंश का चिंहाकन एक सप्तायह मे किया जाकर सभी निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में पंहुचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिले के प्रत्यौक विकासखण्डे में 100-100 पशुओं की क्षमता वाली गौशालाएं निर्मित है। जनपद पंचायत अमरपुर में किसलपुरी, बजाग में करोपानी, डिण्डौ0री में रूसामाल, करंजिया में मौह्त्तारा, मेंह्दवानी में डोकरघाट, समनापुर में मुकुटपुर और शहपुरा में केंहेजरा में महात्माो गांधी नरेगा से वर्ष 2019-20 में गौशाला का निर्माण एवं चारागाह की व्य,वस्थाा की गई है। पशुपालन विभाग, गौ-संवर्धन बोर्ड द्वारा प्रत्येृक गौशाला में सौ पशु होने पर चालीस रूपये प्रति पशु के हिसाब से चारा भूसा के लिये सहायता प्रदान की जाती है ।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ग्रामीण स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति में गिरावट चिंताजनक

*राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के नवीनतम समग्र मॉड्युलर शिक्षा सर्वेक्षण के नतीजों ने एक जाहिर तथ्य को रेखांकित किया है और वह यह कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था विफल हो रही है। यह हमारे जनसांख्यिकीय रुझानों को भी प्रभावित कर रहा है। सर्वेक्षण बताता है कि 2017-18 से शहरी और ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम हुई है। ग्रामीण भारत में तो उपस्थिति में गिरावट चिंताजनक स्तर पर रही है। वहां सरकारी स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थी 68 फीसदी से घटकर 2025 में 58.9 फीसदी रह गए। शहरी इलाकों में कम गिरावट आई और यहां ऐसे विद्यार्थी 38.9 फीसदी से कम होकर 36.4 फीसदी रह गए। नए नामांकनों की बात करें तो उनमें भी सभी स्तरों पर भारी गिरावट आई है। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर स्तर की बात करें तो प्राथमिक और माध्यमिक में तीव्र गिरावट आई है।*

*सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या इतनी तेजी से कम होने के बावजूद एक तथ्य यह भी है कि निजी शिक्षा भी कोई सस्ती नहीं है। सर्वेक्षण बताता है कि सरकारी स्कूलों में अभिभावकों द्वारा होने वाला शैक्षणिक व्यय, निजी स्कूलों में होने वाले खर्च की तुलना में बहुत मामूली होता है। ग्रामीण भारत में दोनों में सात गुने का अंतर है। विडंबना यह है कि कई प्रमाण बताते हैं कि निजी स्कूल भी बहुत स्तरीय शिक्षा नहीं प्रदान कर रहे हैं। सर्वे बताता है कि तकरीबन 27 फीसदी बच्चे निजी कोचिंग में पढ़ते हैं। इनमें 31 फीसदी शहरी और 25.5 फीसदी ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हैं।*

*सरकारी से महंगी निजी शिक्षा की ओर इस स्थानांतरण को बढ़ती समृद्धि और छोटे परिवारों में इजाफे के रूप में भी देखा जा सकता है जिसके चलते अधिक भारतीय अपने बच्चों को उन निजी स्कूलों में भेज पा रहे हैं जो उनकी दृष्टि में अच्छे हैं। हालांकि बहुत से निजी स्कूल किताब, गणवेश और अन्य चीजों के बदले भी पैसे लेते हैं। यहां गौरतलब यह है कि सरकारी स्कूलों की लगातार खस्ता होती हालत (शैक्षणिक गुणवत्ता में गिरावट)ने भी निजी स्कूलों का चयन किए जाने में अहम भूमिका निभाई है।*

*दरअसल, सरकारी स्कूलों की बुनियादी समस्या जवाबदेही की कमी में है जिसके चलते अधोसंरचना कमजोर है और शिक्षण के मानकों में भी काफी अंतर है। शिक्षकों की गैरमौजूदगी के रूप में इसे भलीभांति महसूस किया जा सकता है। देश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का वेतन विकासशील देशों में तुलनात्मक रूप से सबसे बेहतर है। खासतौर पर छठे और सातवें वेतन आयोग के बाद इनमें काफी सुधार हुआ है। इसके बावजूद देशव्यापी सर्वेक्षण बताता है कि शिक्षकों की अनुपस्थिति 25 फीसदी तक और कुछ राज्यों में यह 46 फीसदी तक हो सकती है। एक ओर शिक्षक पठन-पाठन का अपना मूल काम नहीं कर रहे हैं तो वहीं सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर रिक्तियां समस्या को और बढ़ाती हैं। निजी स्कूलों में वेतन भत्ते सरकारी स्कूलों की तुलना में काफी कम होने के बावजूद वहां ऐसी समस्या नहीं है, जबकि वहां पेंशन या अन्य लाभ भी नहीं मिलते।*

*देश में दिनोंदिन सरकारी और निजी शिक्षा में इस अंतर का नतीजा समाज में बढ़ती असमानता के रूप में सामने आ रहा है। जो लोग महंगे निजी स्कूलों की फीस चुका सकते हैं, वे अब वहां की ओर रुख कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि सरकारी शिक्षा प्रणाली, जो पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, अब केवल गरीब और हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक सीमित रह जाएगी। ऐसे एक बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षा तंत्र से निकलने वाले छात्र बेहतर वेतन वाली नौकरियों व अवसरों से और दूर होते जाएंगे और न्यूनतम वेतन वाली नौकरियों में फंसे रहेंगे। सरकारी शिक्षा एशियाई टाइगर्स कहलाने वाले देशों और चीन की सफलता की बुनियाद रही है। उससे दूरी बनाकर सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है।*

# सोशल मीडिया उपदेशकों के संजाल से बेहाल समाज

सामाजिक बदलाव

डॉ. संजय वर्मा

सोशल मीडिया का कोई भी मंच और सीखने-सिखाने का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा है, जहां सैकड़ों-हजारों उपदेशकों की फौज मौजूद न हो। इनके पास शिक्षा देने की कोई डिग्री या विशद अनुभव है भी या नहीं- चूंकि इसकी जांच का कोई तरीका नहीं है। एक फिल्मी कहावत है कि ज्ञान जहां से भी मिले, लपेट लेना चाहिए। इस ज्ञान बांटू और बटोरू मानसिकता का अगर सबसे ज्यादा असर कहीं हुआ है, तो सोशल मीडिया उपदेशकों के क्षेत्र में हुआ है। खासतौर से सोशल मीडिया का कोई भी मंच और सीखने-सिखाने का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा है, जहां सैकड़ों-हजारों उपदेशकों की फौज मौजूद न हो। इनके पास शिक्षा देने की कोई डिग्री या विशद अनुभव है भी या नहीं- चूंकि इसकी जांच का कोई तरीका नहीं है। इसलिए सिर्फ प्रभावशाली उपदेश देकर बरास्ता सोशल मीडिया ये लोग शिक्षा, तकनीक, अध्यात्म से लेकर शेयर मार्केट तक में छाए हुए हैं। इसका नतीजा क्या है- यह बानगी हाल में कथित तौर पर देश के जाने माने फाइनेंशियल इन्फ्लूएंसर और ट्रेडिंग एडवाइजर अवधूत साठे की ट्रेनिंग एकेडमी पर शेयर बाजार नियामक संस्था सेबी के छापे और तलाशी-जब्ती अभियान से स्पष्ट होती है। सेबी को अंदेशा है कि साठे की अकादमी के पाठ्यक्रमों के जरिए कम कीमत वाले (पेनी) स्टॉक्स को बढ़ावा देने वाले ऑपरेटरों के साथ मिलकर खुदरा निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं। यूट्यूब पर करीब एक लाख नियमित सब्सक्राइबर रखने वाले साठे को लेकर संदेह है कि अपने पाठ्यक्रमों से जुड़े सेमिनार और यूट्यूब चैनल के जरिए जिस तरह से वह खुद को बाजार का विशेषज्ञ बताकर और रातोरात करोड़ों रुपये कमाने का झांसा देते हैं, उसमें कुछ न कुछ झोल अवश्य है।

सेबी को इसकी तमाम शिकायतें मिली हैं कि देश में फाइनेंशियल इन्फ्लूएंसरों की एक ऐसी फौज पैदा हो गई है, जो निवेशकों को शेयर बाजार की शिक्षा देते हुए गारंटिड रिटर्न का दावा करती है, जबकि ऐसे ज्यादातर लोग सेबी के नियमों के तहत यह शिक्षा देने के लिए पंजीकृत तक नहीं हैं। हालांकि उपदेशक होना बुरा नहीं है। हर दौर में देश और समाज को दिशा दिखाने और सही-गलत का फर्क बताने वाले विद्वानों, ऋषि-मुनियों, साधु-फकीरों की जमात की मौजूदगी रही है। ये उपदेशक बताते थे कि क्या और कैसे बोला जाए, आहार और दिनचर्या क्या हो, आदर-सम्मान के क्या तौर-तरीके हैं। तभी मन का आपा न खोने वाली वाणी बोलने की सलाह देने वाले कबीरदास को संत की उपाधि दी गई। आज के संदर्भों में देखा जाए तो संत कबीर पुराने वक्त के इन्फ्लूएंसर थे। हाल की कुछ घटनाओं में उपदेशकों की भूमिका को संदिग्ध माना गया है। जैसे, साल के शुरू में सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो वायरल हुए थे कि जब मनाली से लेकर अयोध्या-काशी में पर्यटकों की फौज उमड़ी पड़ रही थी, तो उसी दौरान अपने मनोरम समुद्र तटों के लिए मशहूर गोवा के समुद्री किनारे (बीच), होटल आदि खाली पड़े थे। इन दावों को गोवा सरकार ने फर्जी बताते हुए झूठ परोसने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसरों पर मानहानि का दावा ठोकने की बातें कही थीं। सरकार का दावा था कि कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर एक टूलकिट इस्तेमाल कर रहे हैं। इस टूलकिट के जरिए वे पर्यटकों को गोवा से मुंह मोड़कर दूसरी जगहों पर जाने की भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक हमारे ही देश में इस वक्त 40.6 लाख से ज्यादा सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर मौजूद हैं, जिनमें से 10 फीसदी हर महीने लाखों रुपये कमाते हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक आदि तमाम मंचों पर हर किस्म का ज्ञान परोस रहे हैं। घुमक्कड़ी , खाना बनाने-पकाने, फैशन टिप्स से लेकर वीडियो के संपादन और शेयर बाजार के खिलाड़ी बनाने तक के गुर बताने वाले इन्फ्लूएंसर्स की संख्या भी लाखों में है। इनमें से सैकड़ों ऐसे भी हैं, जिनके शुभचिंतकों (फॉलोवर्स) की संख्या भी लाखों-करोड़ों में है।



**सोशल मीडिया का कोई भी मंच और सीखने-सिखाने का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा है, जहां सैकड़ों-हजारों उपदेशकों की फौज मौजूद न हो। इनके पास शिक्षा देने की कोई डिग्री या विशद अनुभव है भी या नहीं- चूंकि इसकी जांच का कोई तरीका नहीं है। इसलिए सिर्फ प्रभावशाली उपदेश देकर बरास्ता सोशल मीडिया ये लोग शिक्षा, तकनीक, अध्यात्म से लेकर शेयर मार्केट तक में छाए हुए हैं।**

इधर कुछ वर्षों से विभिन्न राजनीतिक दल जिस प्रकार खुद सोशल मीडिया का बढ़-चढ़कर इस्तेमाल करने से लेकर इन्फ्लूएंसर्स की सेवाएं भी लेने लगे हैं, उसका निष्कर्ष है कि इन सोशल मीडिया उपदेशकों का सही या गलत- कुछ प्रभाव तो होता ही है। यही वजह से ऑनलाइन सामान और सेवाएं बेचने वाली कंपनियां तो विविध तरह से भुगतान करके इनकी सेवाएं लेती हैं। लेकिन यहां सवाल है कि इन्हें सही करने या इन्हें रोकने-टोकने का जिम्मा आखिर किसका है। इसमें तो संदेह नहीं है कि सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को अपनी बात खुलकर कहने का अवसर देकर नागरिकों को सशक्त बनाया है। मुसीबत तब शुरू हुई जब एक तरफ सोशल मीडिया कंपनियों ने यह फैसला अपने हाथ में ले लिया कि लोग ऑनलाइन क्या देखें और क्या नहीं।

दूसरी तरफ, इनके विभिन्नों मंचों पर अधकचरी जानकारी के साथ आने वाले उपदेशकों ने हर क्षेत्र में हाथ आजमाने की कोशिश की। इनमें से ज्यादातर के पास न तो संबंधित ज्ञान परोसने की कोई डिग्री है और न ही ऐसा विशद अनुभव, जिसके आधार पर उन्हें विद्वान माना जा सके। लेकिन कहने की शैली और डिजिटल प्रबंधों के बल पर ये कोई भी बात इस तरह पेश करते हैं कि आम लोग बड़ी आसानी से इनके प्रभाव में आ जाते हैं। समस्या का एक छोर यह है कि ये इन्फ्लूएंसर अपनी लोकप्रियता का फायदा उठाकर लोगों को घटिया या फर्जी उत्पाद खरीदने को प्रेरित करते हैं। इंग्लैंड की पोर्ट्समाउथ यूनिवर्सिटी ने एक शोध में बताया कि इन्फ्लूएंसर की सलाह पर 16-60 साल की उम्र के बीच करीब 22 फीसदी उपभोक्ताओं ने ऐसे नकली उत्पाद खरीद लिए, जिन्हें इन्फ्लूएंसर्स ने प्रमोट किया था। हालांकि एक्स (ट्विटर), फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि ने फेक (नकली) अकाउंट की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने जैसे उपायों को लागू किया है, लेकिन यह रोकथाम बहुत असरदार नहीं रही है। इनमें से बहुत से ऐसे हैं जो अपना प्रभाव दिखाने के लिए पैसे देकर अपने फॉलोअर और व्यूज़ बढ़ाते हैं।

देश में बड़ी संख्या में युवाओं के शेयर बाजार में ट्रेडिंग को लेकर बढ़ती दिलचस्पी को देखकर जब बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया पर वित्तीय सलाह देने वाले विशेषज्ञों (फाइनेंशियल इनफ्लुएंसर्स या फिनफ्लूएंसर) की बाढ़ आ गई तो उससे एक फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पता चला कि इनमें से ज्यादातर के पास वित्तीय सलाह देने वाली कोई डिग्री नहीं है। यह भी पता चला कि कई फाइनेंस इनफ्लुएंसर ने शेयर कारोबार में हुए नुकसान की भरपाई के लिए युवाओं को फ्यूचर एंड ऑप्शन के कोर्स बेचकर पैसे वसूले। यही नहीं, इनमें से कुछ वित्तीय इन्फ्लूएंसर डिजिटल मीडिया, चैनल आदि के माध्यम से लोगों को निवेश की सलाह देने वाली पोस्ट डालने के बदले लाखों रुपये लेते हैं और अपनी राय से लोगों के वित्तीय फैसलों को प्रभावित करते हैं। इस फर्जीवाड़े का पता चलने पर शेयर बाजार की नियामक संस्था- सेबी ने इन फिनफ्लूएंसर्स पर लगाम लगाने की कोशिशें शुरू कीं। यह प्रावधान सुझाया गया कि शेयर बाजार में पंजीकृत बिचौलियों के जरिए विज्ञापन, इवेंट्स और अन्य आयोजनों में इन्फ्लूएंसर्स को जोड़ने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। साथ ही वित्तीय इन्फ्लूएंसर को सेबी के पास अपना पंजीकरण कराना होगा।

निस्संदेह, विषय की जानकारी और संबंधित डिग्री व अनुभव रखने वाले कई सोशल इन्फ्लूएंसर अच्छी जानकारी देते हैं, लेकिन इस आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता है कि अनियंत्रित इन्फ्लूएंसर तमाम सामाजिक और आर्थिक जोखिमों को बढ़ा सकते हैं। ऐसे में, इनके व्यवहार, सलाह और जवाबदेही को नियंत्रित करने का काम खुद सोशल मीडिया कंपनियों और कुछ अर्थों में सरकारों को नियम-कायदे अपनाते हुए करना होगा।

# बच्चों और किशोरों को बीमार बना रहा है स्क्रीन टाइम

बचपन और सेहत

क्षमा शर्मा

स्वीडन ने स्कूलों में स्क्रीन को बैन कर दिया। अब वहां किताबों की वापसी हो रही है। बच्चे सिर्फ किताबों से ही पढ़ेंगे। स्वीडन ने सुधारा, बाकी देश कब सुधारेंगे, वक्त बताएगा। अपने देश में तो अधिकांश दल अपने-अपने घोषणा पत्रों में बच्चों को लैपटाप और मोबाइल देने की बातें करते हैं।

नौ साल के एक बच्चे की अचानक भूख कम हो गई। उसने खेलना छोड़ दिया। स्कूल का होमवर्क बंद कर दिया। रात भर सोता भी नहीं था। बस मोबाइल देखता रहता , स्कूल भी नहीं जाना चाहता था। उसके नम्बर भी बहुत कम आ रहे थे। जब माता-पिता ने डाक्टर से सलाह ली और डाक्टर ने उसका स्क्रीन टाइम कम करने को कहा तो माता-पिता ने उससे मोबाइल ले लिया। बच्चे को इस बात पर इतना गुस्सा आया कि चाकू से उसने अपने हाथ की नस काट डाली। जब उसे अस्पताल में दाखिल कराया तो उसमें गहरे अवसाद के लक्षण भी पाए गए। यह अवसाद स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के कारण हुआ था। इलाज से धीरे-धीरे उसका मूड ठीक हुआ। नींद आने लगी। अपने स्कूल के कामों में भी मन लगाने लगा। ऐसे ही एक दूसरे मामले में पंद्रह साल की एक बच्ची जो हमेशा अपनी कक्षा में टॉप करती थी, लेकिन धीरे-धीरे उसने पढ़ना-लिखना, दोस्तों से मिलना सब छोड़ दिया। रात में तीन, चार बजे तक वीडियो देखती रहती। उसे लगातार स्क्रीन देखने के कारण गम्भीर अनिद्रा रोग हो गया था।

ये आंकड़े महानगर के हैं, कल्पना कीजिए कि हमारे देश के दूर-दराज के इलाकों में क्या होता होगा,क्योंकि गांवों में भी मोबाइल एडिक्शन बढ़ता जा रहा है। वहां तो महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं भी मौजूद नहीं हैं।

बच्चों, किशोरों में बढ़ती स्क्रीन टाइम की समस्या से पूरा विश्व परेशान है। आस्ट्रेलिया ने तो सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल रखना भी बैन कर दिया है। बहुत से दूसरे देश भी ऐसा ही करने की सोच रहे हैं। स्वीडन में डेढ़ दशक पहले किताबों को स्कूलों से बिल्कुल गायब कर दिया था। छोटी से छोटी कक्षा का बच्चा स्क्रीन से ही पढ़ रहा था। लेकिन वहां पाया गया कि इससे बच्चों में नया कुछ सीखने की क्षमता घट रही थी। वे आंखों से लेकर शरीर के अन्य तमाम अंगों के रोगों के शिकार भी हो रहे थे। उनका गुस्सा बढ़ रहा था । वे हिंसक हो रहे थे। अंततः स्वीडन ने स्कूलों में स्क्रीन को बैन कर दिया। अब वहां किताबों की वापसी हो रही है। बच्चे सिर्फ किताबों से ही पढ़ेंगे।



**स्वीडन में डेढ़ दशक पहले किताबों को स्कूलों से बिल्कुल गायब कर दिया था। छोटी से छोटी कक्षा का बच्चा स्क्रीन से ही पढ़ रहा था। लेकिन वहां पाया गया कि इससे बच्चों में नया कुछ सीखने की क्षमता घट रही थी। वे आंखों से लेकर शरीर के अन्य तमाम अंगों के रोगों के शिकार भी हो रहे थे। उनका गुस्सा बढ़ रहा था । वे हिंसक हो रहे थे। अंततः स्वीडन ने स्कूलों में स्क्रीन को बैन कर दिया।**

स्वीडन ने सुधारा , बाकी देश कब सुधारेंगे, वक्त बताएगा। अपने देश में तो हाल यह है कि अधिकांश दल अपने-अपने घोषणा पत्रों में बच्चों को लैपटॉप और मोबाइल देने की बातें करते हैं। कभी चुनाव हारने-जीतने के मुकाबले दलों को बच्चों और देश के भविष्य के बारे में बात करनी चाहिए। हद तो ये है कि माता-पिता अपने शिशुओं के हाथों में मोबाइल पकड़ा देते हैं और बहुत गौरव से वीडियो और रील बनाते है। बताते हैं कि उनका तो इतना छोटा बच्चा ही मोबाइल चलाना जानता है। ऊपर जिन केसेज का जिक्र किया गया है, वे मनोवैज्ञानिक और डाक्टरों द्वारा ही बताए गए हैं। कुछ माह पहले अपने एक परिचित मनोवैज्ञानिक से मिलने गई थी। उनका क्लीनिक दक्षिण दिल्ली के एक बहुत पाश इलाके में है। वहां बैठकर उनका इंतजार कर रही थी। ये मित्र कुछ उम्र दराज हैं। एक दूसरे डाक्टर बहुत युवा हैं। उनके पास बहुत छोटे बच्चे भी आते हैं। जब रिसेप्शनिस्ट से पूछा कि क्या यहां बहुत छोटे बच्चे भी आते हैं। तो उन्होंने कहा कि हां आठ साल तक के बच्चे आते हैं। कितने पूछने पर कहा कि खूब आते हैं। यह संख्या बढ़ती ही जा रही है।

चिकित्सकों का यह भी मानना है कि ऐसे बच्चों में आत्महत्या के विचार भी तेजी से आते हैं। इसलिए इनके बदले व्यवहार से सावधान रहना चाहिए। चिकित्सकों से भी जरूरी सलाह लेनी चाहिए। बच्चों को डिजिटली परेशान भी किया जाता है। कई बच्चों ने स्कूलों में अपनी कहानी बताई भी थी। बहुत से स्कूल मोबाइल फोन्स पर रोक लगा चुके हैं मगर इससे भी समस्या सुलझती नहीं है क्योंकि स्कूल घरों की निगरानी तो कर नहीं सकते कि बच्चे वहां क्या कर रहे हैं। यह काम तो माता-पिता तथा अन्य परिजनों का है।

इसी साल फरवरी में दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि स्कूलों में मोबाइल फोन को बैन नहीं किया जा सकता। हां स्कूलों को यह प्रविधि विकसित करनी चाहिए कि वे बच्चों को बताएं कि वे कैसे सही तरीके से इस्तेमाल करें। इसे कितना समय दें जिससे कि उनकी अन्य गतिविधियों पर कोई असर न पड़े। स्कूल उन्हें सुरक्षित तरीके से अपने पास रखें और लौटा दें। मोबाइल को सिर्फ भोजन की छुट्टी आदि में ही इस्तेमाल करें। बच्चों को इसके फायदे, नुकसान बताने के लिए काउंसलिंग भी की जा सकती है। इस आदेश को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए आदेश जारी किया था कि वे स्मार्टफोन के उपयोग की पॉलिसी बनाएं। इसीलिए कई स्कूल अब सिर्फ नम्बर वाले फोन के उपयोग की सहमति दे रहे हैं। जिससे कि किसी आपात स्थिति में उन्हें इस्तेमाल किया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में बच्चों के हाथ में मोबाइल चुनौतियां और अधिक बढ़ा सकता है। इसके अलावा सिर्फ सरकारी स्कूल ही क्यों, निजी स्कूलों में भी बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं। उनकी सुरक्षा भी जरूरी है।

बच्चों का स्क्रीन टाइम कैसे कम किया जाए, इसके लिए माता-पिता को प्रशिक्षण देना भी शुरू किया गया है। डिजिटल समय पर लगभग कर्फ्यू लगाने की बात बताई जाती है। व्यवहार संबंधी परिवर्तनों से कैसे निपटें यह बताया जाता है। बच्चे क्या देख रहे हैं, माता-पिता इस पर भी ध्यान दें। लेकिन इन दिनों महानगरों में जब अधिकांश माता-पिता नौकरी पर चले जाते हैं, तब यह निगरानी करना बहुत मुश्किल भी है। जब बच्चों को इन बातों को ध्यान में रखते हुए हैंडल किया गया तो परिणाम सकारात्मक निकले।

प्रसंगवश

## लेखक नहीं, एक बहुत अच्छा सहायक हो सकता है एआई

इतिहास लेखन में एआई के उपयोग से सवाल उठता है कि एआई इतिहास लिखेगा, तो इतिहासकार क्या करेंगे? वर्षों से मेरा काम लेखकों को यह समझाना रहा है कि कहानी क्या है - इसे कहां से शुरू और कहां समाप्त करना है तथा इसमें क्या महत्वपूर्ण और नया है। इस वर्ष की शुरुआत में मैनहट्टन स्थित गूगल के कॉरपोरेट ऑफिस कैफेटेरिया में मेरे पुराने मित्र, लेखक, इतिहासकार और तकनीकी पत्रकार स्टीव जॉनसन ने बताया कि वह कहानी लिखने के लिए एआई से सलाह ले रहे हैं। कई ऐतिहासिक पुस्तकों के लेखक जॉनसन ने इस बार 19वीं सदी के मध्य की महत्वपूर्ण घटना कैलिफोर्निया गोल्ड रश के बारे में किताब पर काम शुरू किया था, लेकिन उन्हें सूझ नहीं रहा था कि कैसे लिखें।

24 जनवरी, 1848 को जेम्स मार्शल ने कोलोमा, कैलिफोर्निया की एक मिल में सोने की खोज की। जब यह खबर पूरे देश व दुनिया में फैली, तो लाखों लोग सोने की तलाश में कैलिफोर्निया की ओर आकर्षित हुए और इस घटना को ही कैलिफोर्निया गोल्ड रश कहा गया। जॉनसन ने इस पर लिखने के लिए एक ऐसा एप डाउनलोड किया, जो खासकर शोधकर्ताओं और लेखकों के लिए ही तैयार किया गया है। मुझे दिलचस्पी इस बात में थी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस तरह से इतिहास लेखन के तरीके को बदल सकती है। उस शाम जॉनसन ने एआई पर किए अपने प्रयोगों के कुछ परिणाम मुझे दिखाए। शुरुआत में जॉनसन को लगा था कि एआई शायद उनकी इतनी मदद न कर सके। लेकिन उन्हें इस बात पर हैरानी हुई कि कैसे एआई, ज्यादातर ओपन-सोर्स टेक्स्ट और थोड़े से मानवीय श्रम के साथ उन्हें एक ऐसी अवधारणा दे गया, जिसका वे पूरी तरह से इस्तेमाल कर सकते थे। उन्होंने बताया, 'मैंने अभी आपको जो कुछ भी दिखाया है, वह लगभग 30 मिनट का काम है।' यही नहीं, जिस घाटी में सोना मिला, एआई ने जॉनसन को उसका क्रमबद्ध पूरा इतिहास लिखकर दिया था। जॉनसन ने जितना सोचा था, यह उससे कहीं ज्यादा था।

शब्दों से जीविका चलाने वाले ज्यादातर लोगों की तरह, मैंने भी बड़े भाषा वाले मॉडलों के उदय को आकर्षण और भय के साथ देखा है, और यह सोचकर ही मेरी रूह कांप उठती है कि उनमें से कोई मेरी ओर से लिख रहा है। कोई भी इतिहास प्रेमी जानता है कि ऑनलाइन कुछ घंटों की खोज से महीनों या वर्षों तक की पठन सामग्री मिल सकती है। इसे पूरा पढ़ना नामुमकिन है, लेकिन जैसे-जैसे एआई बड़े डाटा सेटों को कम समय में पढ़ने में ज्यादा सक्षम होता जा रहा है, यह लाजिमी है कि इतिहासकार और अन्य लेखक मदद के लिए इसकी ओर रुख करेंगे। पिछले कुछ महीनों में मैंने पाया है कि मेरी उम्मीद से ज्यादा लोग इसका प्रयोग करते हैं। एआई के संबंध में जॉनसन के अनुभव से यह कल्पना कर मैं कुछ चिंतित हुआ कि यदि एआई इतिहास लिखने लग गया, तो उनका क्या होगा, जो वर्षों की मेहनत के बाद दस्तावेजीकरण करते हैं। इस संबंध में मैंने कुछ इतिहासकारों से चर्चा की। स्टैनफोर्ड विवि के संचार विभाग में पढ़ाने वाले इतिहासकार फ्रेड टर्नर के पास मैं यह सोचकर पहुंचा था कि उनसे पूछूंगा कि सूचना प्रौद्योगिकी के लंबे इतिहास में एआई कैसे फिट बैठता है, उल्टे उन्होंने बताया कि चैटजीपीटी ने उनकी नवीनतम पुस्तक में कैसे मदद की है। ऐसे ही एक अन्य विद्वान मार्क हंफ्रीज ने बताया कि 'एआई की मदद से जो काम 20 सेकंड में हो जाता है, वही एक स्नातक छात्र को पूरा करने में हफ्तों लग सकते हैं।' पुलित्जर विजेता पुस्तक 'क्यूबा-एन अमेरिकन हिस्ट्री' की लेखिका एडा फेरर ने बताया कि मैं एक किताब पूरी कर उसके शीर्षक पर अटकी हुई थी, चैटजीपीटी से पूछा, तो उसने मुझे करीब 20 शीर्षक सुझा दिए। हालांकि, मैंने उनका इस्तेमाल नहीं किया, फिर भी वह काम के तो थे। वहीं, द विजार्ड एंड द प्रोफेट के लेखक चार्ल्स सी. मान कहते हैं, 'मैंने नए शोध के लिए एआई का उपयोग किया, तो उसने कई बेहतरीन सुझाव व सुराग दिए, लेकिन एआई के लिए गलती दोहराना आसान था। अगर इसकी जगह इन्सान होता, तो गलती करने से पहले एक सेकंड रुकता, फिर सोचता क्या यह समझ में आ रहा है, फिर कहता-ओह बकवास, यह समझ नहीं आता। यही वह बात है, जो एआई नहीं कर सकता। यानी इसमें अपनी गलतियों को पकड़ने की क्षमता नहीं होती है।'

**जॉनसन ने इस पर लिखने के लिए एक ऐसा ऐप डाउनलोड किया, जो खासकर शोधकर्ताओं और लेखकों के लिए ही तैयार किया गया है। मुझे दिलचस्पी इस बात में थी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस तरह से इतिहास लेखन के तरीके को बदल सकती है।**

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**नैनं छिद्रन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः॥**

**भावार्थ**

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा - अर्जुन, आत्मा को न कोई शस्त्र काट सकता है, न अग्नि जला सकती है, न जल गीला कर सकता है और न ही वायु इसे सुखा सकती है।

जीवन दर्शन

# विनाश से बचने के लिए पतन के कारण जानना जरूरी

श्रीमद्भगवद्गीता में मनुष्य के स्वभाव के बारे में कई जानकारियाँ दी गयी हैं, जिसे समझ व्यक्ति खुद को पतन से बचा सकता है। गीता जीवन प्रबंधन का अद्भुत मार्गदर्शक है। इसमें श्रीकृष्ण ने मनुष्य के उत्थान और पतन के मूल कारणों का स्पष्ट वर्णन किया है। भगवान श्रीकृष्ण बताते हैं कि मनुष्य के पतन के तीन मुख्य द्वार हैं। वो क्या हैं, चलिए जानते हैं । अक्सर खुद को समझने के लिए और मार्गदर्शन के लिए व्यक्ति एक उचित गुरु या मार्गदर्शक की तलाश में भटकता रहता है। लेकिन लोग भूल जाते हैं कि गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने किसी इंसान के गुण और अवगुण, उसके स्वभाव, चरित्र और प्रकृति की इतनी अच्छी व्याख्या की है कि मनुष्य गीता को भी अपना मार्गदर्शक बना खुद का आध्यात्मिक उत्थान कर सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने इंसान की बर्बादी के तीन मुख्य कारण बताए हैं, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने युद्धभूमि में अर्जुन के लिए थे। तो, चलिए जानते हैं इन तीन कारणों के बारे में...मनुष्य के विनाश के तीन कारण



*भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है -*
*त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।*
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥
(गीता 16 ।21)

इसका अर्थ है कि काम, क्रोध और लोभ - ये तीन नरक के द्वार हैं, जो आत्मा के विनाश का कारण बनते हैं। इसलिए इन्हें त्याग देना चाहिए। गीता के अध्याय 3 और श्लोक 37 में श्रीकृष्ण ने कहा है -

*काम एष क्रोध एष जोगुणसमुद्भवः।*
*महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम॥*

श्रीकृष्ण कहते हैं कि कामना और क्रोध दोनों ही रजोगुण से उत्पन्न होते हैं। ये मनुष्य के भीतर अनंत भूख की तरह हैं, जो कभी शांत नहीं होते और इंसान को पाप व पतन की ओर ले जाते हैं। कामना पूरी न होने पर क्रोध उत्पन्न होता है, और क्रोध से मोह, फिर बुद्धि का नाश होता है। इसलिए इन्हें ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। कम, क्रोध और लोभ से कैसे बचें गीता में इन तीनों से बचने के लिए उपाय भी बताये गए हैं। इनसे बचने के लिए श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म, भक्ति, और आत्मसंयम का मार्ग बताया है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि इच्छाओं पर संयम रखो और केवल धर्मसम्मत कामनाओं को ही स्वीकार करो। धैर्य, क्षमा और आत्म-नियंत्रण ही क्रोध पर विजय पाने के उपाय हैं और संतोष सबसे बड़ा धन है। जितना आवश्यक है उतना ही ग्रहण करो। श्रीमद्भगवद्गीता हमें सिखाती है कि यदि जीवन को सफल और शांतिपूर्ण बनाना है तो इच्छाओं पर संयम, क्रोध पर नियंत्रण और लोभ का परित्याग आवश्यक है। यही तीन बातें हमें बर्बादी से बचाकर आत्मिक उत्थान और सच्चे सुख की ओर ले जाती हैं।

चंदा कुमारी

### "ट्वीट ऑफ द डे"



तेजस्वी यादव
नेता विपक्ष, बिहार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो चीटिं कर ही रहे हैं, उनका अपना विजन तो है नहीं। वह मुख्यमंत्री की तरह नहीं, बल्कि चिट मिनिस्टर की तरह काम कर रहे हैं। इनके पास अपना कोई विजन नहीं है। बिहार की जनता इनके चाल और चरित्र को पहचान गई है। अब परिवर्तन लाएगी।

# नाबालिग को जबरन ले जा रहा था आरोपी, दो पक्षों में पथराव

## चार थानों के पुलिस बल ने पहुंचकर संभाली स्थिति



**जागरण, जबलपुर।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। आरोपी लड़की का हाथ पकड़कर ले जाने लगा। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ और जमकर पत्थर चले। 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एक पक्ष ने आरोपी को पीटते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान आरोपी पक्ष के लोग पुलिस से भिड़ गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी को ले गई।

घटना बाबा टोला इलाके की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद बाबा टोला इलाके के लोगों ने हनुमानताल थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में खुलेआम शराब, जुआ और स्मैक का धंधा चल रहा है। पुलिस को सख्त कदम उठाना चाहिए। कोर्ट ने छेड़छाड़ के आरोपी को जेल भेज दिया है। मालूम हो कि नाबालिग कॉलेज से अपनी सहेलियों के साथ घर पैदल जा रही थी। इसी दौरान मोहम्मद समीर अंसारी उर्फ बब्लू खटीक ने उसका रास्ता रोक लिया। जबरन बात करने के लिए उसका हाथ पकड़कर ले जाने लगा। लड़की ने विरोध कर किसी तरह हाथ छुड़ाया और घर पहुंची।

इसके बाद लड़की के परिजन आरोपी समीर के घर पहुंचे। यहां दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ। विवाद की सूचना मिलते ही हनुमानताल, घमापुर, बेलबाग और गोहलपुर थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान पुलिस की कुछ लोगों से झड़प हो गई। एएसपी जितेंद्र सिंह ने बताया, बाबा टोला में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। विवाद को शांत कराने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद समीर के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है। फिलहाल क्षेत्र में शांति है।

## जीएमसी के 1500 छात्र जर्जर हॉस्टल में रहने को मजबूर, अटका रिनोवेशन का काम

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज में 1500 से अधिक मेडिकल स्टूडेंट्स जर्जर हॉस्टल में रहने को मजबूर हैं। जिन हॉस्टल बिल्डिंग में छात्रों को रखा जा रहा है, वह लगभग 50 सान पुराने भवन हैं। समय पर मरम्मत कार्य न होने के कारण इनकी स्थिति और अधिक दयनीय होती जा रही है। जानकारी अनुसार गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के छह बॉयज हॉस्टल 50 साल से भी ज्यादा पुराने हो चुके हैं। यहां रहने वाले छात्रों को सीलन, गिरते प्लास्टर और जर्जर ढांचे से लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। बीते दो साल से छात्र इन समस्याओं को उठा रहे हैं। स्थिति को देखते हुए जीएमसी प्रबंधन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग से बजट की मांग की थी। विभाग ने हॉस्टल रेनोवेशन के लिए 3.5 करोड़ रुपए स्वीकृत भी किए और इंजीनियरों की टीम ने निरीक्षण कर काम शुरू करने की तैयारी कर ली थी।

### चीफ इंजीनियर हुए रिटायर तो अटक गया काम

जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने बताया कि संस्थान की ओर से कोई देरी नहीं हुई है। जैसे ही चीफ इंजीनियर की नियुक्ति होगी, रेनोवेशन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि बरसात को देखते हुए अब काम बारिश के बाद ही शुरू करने की योजना है, ताकि काम के बीच कोई व्यवधान न आए। जीएमसी में एमबीबीएस के चार बैचों में करीब 1000 और पीजी के तीन बैचों में लगभग 500 विद्यार्थी पढ़ते हैं। कुल मिलाकर डेढ़ हजार छात्र कॉलेज से जुड़े हैं, लेकिन हॉस्टल की संख्या कम होने के कारण सभी को सुविधा नहीं मिल पाती।

### इन समस्याओं से जूझ रहे छात्र

- साफ-सफाई का अभाव, गंदे कमरे और शौचालय
- दरकी दीवारें, सीलन, लीकेज और खराब फर्नीचर
- जर्जर ढांचा, 50 साल से भी पुराना स्ट्रक्चर
- बिजली की खराब वायरिंग, हादसे का खतरा
- मच्छर व गंदगी से डेंगू का डर
- सुरक्षा व्यवस्था कमजोर, बाहरी लोगों की आवाजाही
- जूडा- 50 साल पुराने भवन अब रहने लायक नहीं

"हॉस्टल 50 साल पुराने और बेहद जर्जर हो चुके हैं। यहां रहना मुश्किल है, लेकिन विकल्प न होने से छात्र मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। पीजी सीटें बढ़ने के बाद नए हॉस्टल की भी सख्त जरूरत है।

■ डॉ. कुलदीप गुप्ता, जुडा अध्यक्ष जीएमसी

# रतलाम में पीसीसी अध्यक्ष को घेरा कार का कांच तोड़ा

## भाजपा नेता मनोहर धाकड़ पर बयान से समाज नाराज, पटवारी ने माफी मांगी



**जागरण, भोपाल/रतलाम।** रतलाम में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले को धाकड़ समाज ने घेर लिया। उन्हें काले झंडे दिखाए। उनकी कार का शीशा तोड़ दिया। बता दें कि पटवारी ने एक सभा में मंच से भाजपा से जुड़े मंदसौर के धाकड़ समाज के दो नेताओं को लेकर बयान दिया था। जिसके विरोध में नाराज समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। जीतू पटवारी ने काफिला रोककर समाजजनों से उस बयान पर माफी मांगी। उन्होंने समाज के लोगों को अपना रिश्तेदार बताया। वह रविवार को रतलाम में वोट चोर, गद्दी छोड़ जनसमर्थन यात्रा में पहुंचे थे। हालांकि बाद में जीतू पटवारी ने काफिला रोककर समाजजनों से माफी मांगी। जनसमर्थन यात्रा शहीद चौक पहुंची। यहां आमसभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि वे नशे के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री मोहन यादव उनकी हत्या कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रतलाम आने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं से उन पर हमला कराया गया। उनके पुतले भी जलाए जा रहे हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि पीएम कहते हैं स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ, जबकि खुद 10 लाख का अरमानी सूट पहनते हैं, जो इटली से आता है। जूते डेढ़ लाख के पहनते हैं, वह भी इटली से आते हैं। जो चश्मा पहनते हैं वह रेबिन का है, जो अमेरिका का है। मोदी जी के पास आईफोन है, जो भी अमेरिका का है।

### कांग्रेस ने हमले की कराई एफआईआर

जीतू पटवारी पर हमले के बाद कांग्रेस के प्रदेश महासचिव किशन सिंघाड़ की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। किशन सिंघाड़ ने स्टेशन रोड थाने पर जावरा जनपद के पूर्व अध्यक्ष रामविलास धाकड़ व मंडल अध्यक्ष अशोक धाकड़ के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने अभी सिर्फ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नशे के खिलाफ अभियान नहीं रोकूंगा

पटवारी ने कहा कि यह मुझ पर पांचवां हमला है। मेरी सुरक्षा में एक भी पुलिसकर्मी नहीं लगाया गया। मोहन भैया मेरी हत्या भी करवा देंगे, तब भी नशे के खिलाफ अभियान नहीं रोकूंगा। मुझे नहीं पता था कि मुख्यमंत्री और बीजेपी को मुझसे इतनी नफरत है। लोकतंत्र में स्वस्थ परंपरा होती है, आरोप-प्रत्यारोप होते हैं। आज बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने मेरी गाड़ी पर पत्थर मारे। लाठी-डंडे लेकर मारने की कोशिश की। मोहन भैया, यह मप्र की तस्वीर है। मेरी हत्या करवाकर नशा रोका जा सकता है तो करवा दो, लेकिन नशे के खिलाफ मैं लगातार बोलता रहूंगा।

# जिनका विश्व में सम्मान, उन्हें अपशब्द कहते हैं कांग्रेसी: हेमंत

## पीएम की मां को अपशब्द कहने पर भाजपा ने जताया विरोध, राजधानी में अर्थी लेकर किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ भाजपा ने रविवार को प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के नेतृत्व में भोपाल में लिंक रोड नंबर-एक, छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष महिला मोर्चा के नेत्रियों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांकेतिक अर्थी निकाली और उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता जी को लेकर कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री जी का पूरा विश्व सम्मान करता है, कांग्रेस नेता उनको भी अपशब्द कहते हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की माताजी ही नहीं देश की सभी माता-बहनों का अपमान किया है। मातृशक्ति को अपमानित करना कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं की संस्कृति व परंपरा बन गई है। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि बिहार की सभा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री की माता को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई। इस टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के साथ देश के बुद्धिजीवी एवं संभ्रांतजन भी आक्रोशित हैं। देश और दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की ब?ती लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेस नेता अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। नफरत की आग में जलने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल राजनीतिक मर्यादा और राजनीतिक सुचिता को छोड़कर असभ्यता की सीमा लांघ चुके हैं। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता की दिवंगत माताजी के संबंध में इस तरह के शब्दों का प्रयोग कर कांग्रेस ने भारतीय समाज और संस्कृति के विपरीत कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ प्रधानमंत्री जी की माता जी का नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान किया है। देश की जनता और मातृशक्ति इस अक्षम्य अपराध के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी।




### भाजपा महिला नेत्रियों ने किया जोरदार प्रदर्शन, जलाई अर्थी

हजारों की संख्या में भाजपा महिला नेत्रियों ने राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की महिला नेत्रियों ने छत्रपति शिवाजी चौराहे से राहुल गांधी की सांकेतिक अर्थी लेकर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर पहुंचीं, जहां अर्थी को सड़क पर लिटाकर जलाया और मातृशक्ति का अपमान करने पर राहुल गांधी से माफी की मांग की। भोपाल के अलावा प्रदेश के कई जिलों में पार्टी की महिला नेत्रियों के नेतृत्व में कांग्रेस जिला कार्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए उनका पुतला जलाया।

### जनप्रतिनिधि और ब्यूरोक्रेट्स को सामंजस्य से काम करना चाहिए

भिंड में विधायक और कलेक्टर के बीच हुए विवाद को लेकर बैतूल दौरे पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी सीमाएं होती हैं। कई बार जनप्रतिनिधि समाज और जनता की समस्याओं के कारण दबाव में होते हैं, जिसके कारण वे ऐसा व्यवहार कर बैठते हैं जो नहीं होना चाहिए। इसी तरह अधिकारियों को भी परिस्थितियों के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। जनता की समस्या सर्वोपरि है, इसलिए दोनों वर्गों को सामंजस्य और संयम से काम लेना चाहिए। खंडेलवाल ने रविवार को स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया और लोगों से मुलाकात की। संगठन और सरकार ने लिया संज्ञान खंडेलवाल ने कहा कि संगठन ने प्रदेश में हाल ही में सामने आई दो-तीन घटनाओं का संज्ञान लिया है।

# पचौरी की पत्नी के रिटायरमेंट कार्यक्रम में पहुंचे कमलनाथ



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को जोर का झटका देने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी की आईएएस पत्नी सुपर्णा पचौरी के रिटायरमेंट कार्यक्रम में पूर्व सीएम कमलनाथ पहुंचे तो दिल्ली से लेकर भोपाल तक सियासी चर्चा ने जोर पकड़ लिया। इस विशेष आयोजन में प्रमोद कृष्णन सहित दूसरे नेता मौजूद रहे। पचौरी पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में सांसद विवेक तन्खा, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, होशंगाबाद सांसद चौधरी दर्शन सिंह सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी और नेतागण शामिल हुए। सुरेश पचौरी के कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस के तमाम नेताओं ने उन पर हमले किए थे। सुरेश पचौरी के बीजेपी में शामिल होने के बाद भी कांग्रेस नेताओं से अच्छे संबंध हैं।

**संयुक्त सचिव पद से रिटायर:** सुरेश पचौरी की पत्नी सुपर्णा पचौरी केन्द्रीय पशुपालन मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी के पद से रिटायर हुई हैं। वे वित्त सलाहकार भी रहीं हैं। कई महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी अहम भूमिका रही है।

# सत्र शुरू होने के दो माह बाद भी यूजी-पीजी में हो रहे प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग सोमवार से एक बार फिर यूजी और पीजी में प्रवेश देने काउंसलिंग शुरू कर रहा है। विभाग दो माह पूर्व एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू कर चुका है। जबकि चार माह पूर्व शुरू हुई काउंसलिंग में उच्च शिक्षामंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा था कि तय कार्यक्रम के तहत ही प्रवेश दिए जाएंगे। काउंसलिंग में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्होंने एक-एक कर तीन अतिरिक्त राउंड की मंजूरी तक दे दी है। अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी के बाद भी उन्होंने चार माह बाद भी कालेजों के यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की एक और सीएलसी विशेष राउंड पहले आओ पहले पाओ के नाम से सोमवार से शुरू करा रहे हैं, जो छह सितंबर तक चलेगा। सत्र शुरू होने के बाद विभाग समय रहते प्रवेश लेने की कक्षाएं समय पर पूरी नहीं करा पाएगा। इससे यूजी की वार्षिक और पीजी की सेमेस्टर परीक्षाओं पर असर पड़ेगा। विद्यार्थियों का सिलेबर्स पूरा करने के लिए विभाग को अतिरिक्त कक्षाओं का सहारा लेना इसका विद्यार्थी हमेशा विरोध करते हैं। यहां तक प्रोफेसर भी अतिरिक्त कक्षाओं से परहेज करते हैं। वर्तमान में प्रदेश भर के विवि में यूजी और पीजी की परीक्षाओं और रिजल्ट को लेकर करीब तीन माह की लेटलतीफी चल रही है।



### विषय बदला तो प्राचार्य तय करेंगे पात्रता

मेजर माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता विश्विद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्य विश्विद्यालय से समन्वय कर पात्रता निर्धारण की तय करेंगे। विद्यार्थी सोमवर से छह सितंबर की शाम पांच बजे तक फीस जमा प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

### कॉलेजों में खाली सीटों की जानकारी किसी को नहीं

कालेजों की सीटों पर प्रवेश देने के लिए चार माह पहले काउंसलिंग शुरू की गई थी, जो अभी भी जारी है। कालेजों की संबद्धता समाप्त की गई और बाद में उन्हें काउंसलिंग में जोड़ा गया। विभाग के किसी भी अधिकारी के पास कालेजों की संख्या भर पता है। इसके बाद उन्हें कोर्स और यूजी और पीजी की सीटों की कोई जानकारी नहीं हैं। जबकि प्रदेश का हर विश्वविद्यालय सरकारी और निजी कालेजों को तय सीटों पर संबद्धता देता है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों की सीटों की जानकारी नहीं होना प्रवेश प्रक्रिया की गंभीरता को स्पष्ट कर रहा है। यहां तक गत वर्ष तक एमपी आनलाइन के साथ आयोजित काउंसलिंग में अधिकारियों को सीटों के साथ प्रवेश और निरस्त तक की जानकारी रहती थी।

### विशेष सीएलसी शुरू

विभाग के तहत सत्र 2025-26 में प्रदेश के निजी, सरकारी और अनुदान प्राप्त कालेजों में यूजी और पीजी में प्रवेश लेने के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सोमवार से छह सितम्बर तक विशेष सीएलसी में प्रवेश देगा। विभाग ने विशेष सीएलसी को अंतिम चरण कहा है। इसलिए विद्यार्थियों को इसके बाद कालेजों के किसी भी कोर्स में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कालेज अपनी रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दे पाएंगे। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी और कालेज लॉगिन में दिखाई देंगी। विद्यार्थी पंजीयन कराकर फीस जमा कर सीधे प्रवेश ले पाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### अफगानिस्तान में फिर तबाही...

झटके महसूस होते रहे और लोग खुले मैदानों में डरे-सहमे खड़े रहे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक भूकंप का केंद्र जलालाबाद शहर से 17 मील दूर और राजधानी काबुल से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में था। यह झटके 65 किलोमीटर गहराई में दर्ज किए गए। एम्बुलेंस की कमी के कारण कई इलाकों में घायलों को चारपाई और हाथगाड़ी पर अस्पताल ले जाया जा रहा है। स्थानीय लोग अपने स्तर पर मलबा हटाकर फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भूकंप पीड़ितों के लिए संवेदना जताई। उन्होंने लिखा- 'इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संत परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।'

### एनआईसीयू में चूहों ने कुतरे नवजातों...

बड़े-बड़े चूहे हैं कि इन्हें देखकर स्टॉफ भी सहम जाता है। रविवार को स्टॉफ की मौजूदगी में ही एक चूहा दो नवजातों के हाथ कुतर गया। आश्चर्य की बात यह है कि दोनों नवजात इनक्यूबेटर्स में रखे गए थे, लेकिन चूहों ने उसमें घुसकर बच्चों के हाथ कुतर दिए। जैसे ही स्टॉफ ने नवजातों के हाथ देखे, सभी के हाथ-पैर फूल गए। तत्काल सीनियर्स को सूचना दी गई और आनन फानन में ही उनका उपचार किया जाने लगा। बदनामी और हंगामे से बचने के लिए प्रबंधन ने परिजनों को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई। बताया जाता है कि पूरे अस्पताल में ही चूहों की भरमार है।

### भारत बना लाइफ साइंसेज...

(45 फीसदी), रेगुलेटरी अफेयर्स (60 फीसदी), मेडिकल अफेयर्स (54 फीसदी), और कमर्शियल ऑपरेशंस (50 फीसदी) तक की ग्रोथ दर्ज कर रहे हैं। ईवाई इंडिया के पार्टनर अरिंदम सेन के मुताबिक, 'भारत अब सिर्फ कॉस्ट आर्बिट्राज के लिए नहीं, बल्कि इनोवेशन और ग्लोबल आरएंडी पाइपलाइन का अहम हिस्सा बन गया है।

### संकट: अब टीईटी क्वालिफाई...

1 से 8 तक पढ़ाने के लिए टीईटी पास करना आवश्यक कर दिया गया था। एनसीटीई ने पहले उम्मीदवारों को टीईटी क्वालिफाई करने के लिए 5 साल का समय दिया था, जिसे बाद में 4 साल और बढ़ाया गया। इस नोटिस को चुनौती दी गई और मद्रास हाईकोर्ट ने जून 2025 में फैसला सुनाते हुए कहा था कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त हुए शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए टीईटी की जरूरत नहीं होगी, लेकिन प्रमोशन के लिए यह अनिवार्य रहेगा।

**आयोजन** प्रधानमंत्री ने मन की बात में वाटर स्पोर्ट्स में सबसे ज्यादा मेडल जीतने पर एमपी को दी बधाई

# पीएम बोले- शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ी जर्मनी में लेंगे ट्रेनिंग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में रविवार को खेल, आपदा प्रबंधन और जम्मू-कश्मीर की बदलती तस्वीर उल्लेख किया। उन्होंने खास तौर पर खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और सबसे ज्यादा मेडल जीतने पर प्रदेश को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विशेष बधाई मध्यप्रदेश को, जिसने सबसे ज्यादा मेडल जीते। इसके बाद हरियाणा और ओडिशा का स्थान रहा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर सरकार और वहां की जनता की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए बताया कि शहडोल के कुछ प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अब जर्मनी जाकर ट्रेनिंग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुरैना जिले के पिपरसेवा में सुना। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और स्थानीय रहवासी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि एक पॉडकास्ट में उन्होंने मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में फुटबॉल के क्रेज से जुड़े एक गांव का वर्णन किया था। यही बात जर्मनी के फुटबॉल खिलाड़ी और कोच श्री डिडमार बायर डार्फड ने सुनी। शहडोल के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों की रुचि और प्रतिभा ने फुटबॉल कोच को प्रभावित किया। किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि शहडोल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी दूसरे देशों को भी आकर्षित करेंगे। अब जर्मनी के कोच ने शहडोल के कुछ खिलाड़ियों को जर्मनी की एक एकेडमी में ट्रेनिंग देने की पेशकश की है। मध्यप्रदेश की सरकार ने भी उनसे संपर्क किया है। जल्द ही हमारे कुछ युवा साथी फुटबॉल का प्रशिक्षण लेने के लिए जर्मनी जाएंगे। भारत में फुटबॉल की लोकप्रियता बढ़ रही है। देशवासियों से अपील है कि वे एक बार शहडोल जरूर जाएं और वहां हो रहे स्पोर्टिंग रिवोल्यूशन को करीब से जरूर देखें। भारत में विकास की अनंत संभावनाएं छुपी हैं।



### सीएम सहित अन्य नेताओं ने सुनी मन की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुरैना जिले के मुरैना विधानसभा के रिठौराकला मंडल के पीपरसेवा में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा विधानसभा के केसला एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल के दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के तात्या टोपे मण्डल में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की खेल उपलब्धियों और विशेष रूप से शहडोल के फुटबॉल खिलायिों का उल्लेख किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मध्यप्रदेश का दो बार उल्लेख किया जाना राज्य के खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है।

### मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाएं वैश्विक पहचान बना रही हैं : डॉ. मोहन यादव

यह खेल क्रांति 'नए मध्यप्रदेश' की तस्वीर है, और हम प्रदेश की प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग और अवसर प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जर्मनी के कोच द्वारा शहडोल के युवाओं को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया जाना यह सिद्ध करता है कि मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभा अब वैश्विक स्तर पर पहचान बना रही है। प्रधानमंत्री जी का यह संदेश हम सभी के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को समान अवसर देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के हर क्षेत्र में आगे लाने निरंतर प्रयासरत है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम देश के हर कोने की प्रतिभाओं को करता है सम्मानित: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को आज प्रदेश के सभी बूथों पर उत्साहपूर्वक सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी जी 'मन की बात' में उन छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करते हैं, जिन्हें देश के सामने लाना आवश्यक है। वे ऐसे कई महत्वपूर्ण विषयों का उल्लेख करते हैं, जिन्हें हर भारतीय को जानना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे भारतीय संस्कृति दुनिया के कई देशों तक पहुंची। साथ ही, उन्होंने हमारे देश के छुपे हुए खिलाड़ियों और प्रतिभाओं, की प्रशंसा की। जम्मू-कश्मीर से लेकर मध्यप्रदेश के एक छोटे से गांव और शहडोल के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का भी उन्होंने जिक्र किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट सात के मरने की आशंका

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा में दशहरा की तैयारी के लिए बनाए जा रहे देसी पटाखे की फैक्ट्री में रविवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट से पटाखे बना रहे आलम, उनकी पत्नी मुन्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आलम का बड़ा लड़का इमरान और पड़ोसी नदीम गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल दो धमाके हुए हैं। धमाका इतना तेज था कि आधा किलोमीटर तक आवाज सुनाई दी। आलम अपने ही घर में बारुद रखा था और उससे पटाखा बनाता था। आशंका जताई जा रही है कि मकान में अभी भी कुछ लोग दबे हुए हैं। ब्लास्ट की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड, एडीसीपी पूर्व, एसीपी गाजीपुर, इंस्पेक्टर गुडंबा फोर्स के साथ पहुंच गए हैं।

**ट्रांजिट फ्लाइट का झंझट खत्म**

### भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू होंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन के तियानजिंग में एससीओ शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इस महा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री मेत रूस के राष्ट्रपति पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी शामिल हुए हैं। चीन और भारत के लिए यह अवसर बहुमुल्य रहा क्योंकि दोनों देश के प्रतिनिधि पूरे 7 साल बाद मिले थे। हालांकि, ट्रंप के टैरिफ अटैक के बाद भारत और चीन की मुलाकात के मायने वर्ल्डवाइड पॉलिटिक्स के लिहाज से भी अहम है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच एकबार फिर डायरेक्ट फ्लाइटों की शुरुआत होने की उम्मीद जगी है। कोविड-19 महामारी का मुख्य केंद्र चीन था। चीनी वायरस और गलवान घाटी में चल रहे तनाव के चलते दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिए गए थे।

### मराठा आरक्षण: जरांगे से मिलने पहुंचीं सुप्रिया सुले

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन लगातार जारी है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को कहा कि जब तक मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वह मुंबई नहीं छोड़ेंगे। उनका अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। जरांगे ने यह भी दावा किया कि उनकी मांग संवैधानिक रूप से वैध है और सरकार के पास ऐसे रिकॉर्ड मौजूद हैं, जो दर्शाते हैं कि कुनबी और मराठा एक ही जाति हैं। दूसरी ओर रविवार को एनसीपी शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले मनोज जारंगे पाटिल से मिलने आजाद मैदान पहुंचीं। उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार, रविवार को पुणे और दरेगांव के निर्धारित कार्यक्रमों को रद्द कर मुंबई लौट हैं। शरद पवार के भी आज रात शहर पहुंचने की उम्मीद है।

### दुकान के बाहर बैठे शख्स को आया हार्ट अटैक, तोड़ा दम

**जागरण, झाबुआ।** दुकान के बाहर बैठे एक शख्स को हार्ट अटैक आ गया। पहले वह एक तरफ झुका और फिर गिर गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामला थांदला का है। नौगांवा निवासी हीरिया (55) थांदला रोड स्थित एक दुकान के बाहर सीढ़ियों पर बैठे थे, उनका घर यहां से एक किलोमीटर की दूरी पर है। वे किसी का इंतजार कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि हीरिया सड़क किनारे दुकान के बाहर सीढ़ियों पर बैठे हैं। पास में ही एक बाइक खड़ी है। एक युवक वहीं खड़ा है। अचानक हीरिया नीचे लुढ़क गये। युवक तुरंत उनके पास पहुंचा। उन्हें उठाने की कोशिश की लेकिन जब वे नहीं उठे तो उसने हीरिया को आखिरी सीढ़ी से टिकाकर बैठाया। फिर उनके लिए पानी लेने गया।


**राधाजन्मोत्सव की धूम**



मथुरा में राधाअष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने राधा जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

# ब्रिक्स देशों पर भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन ने दिखाई एकजुटता





**नई दिल्ली, जेएनएन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के विरुद्ध साझा रुख अपनाया है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि रूस और चीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ब्रिक्स की क्षमता मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। पुतिन की उक्त टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के बाद आई है। ब्रिक्स का गठन ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने किया था। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्त्र, अर्जेंटीना व संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य बने हैं। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन आइएमएफ और विश्व बैंक में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों इस बात पर सहमत हैं कि नई वित्तीय प्रणाली खुलेपन और वास्तविक समानता के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए, जो सभी देशों को समान व भेदभाव रहित पहुंच प्रदान कर सके।

**पीएम मोदी को शी जिनपिंग ने दी अपनी पसंदीदा कार**

तिआनजिन में हो रहे एससीओ समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत चीन की सरकार ने खास अंदाज़ में किया। दो दिन की इस यात्रा के लिए मोदी को चीन की प्रतिष्ठित मेड इन चाइना होंगची एल 5 कार मुहैया कराई गई है। यही कार है राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने आधिकारिक दौरों पर इस्तेमाल करते हैं। होंगची एल 5 कार को रेड फ्लैग के नाम से भी जाना जाता है।

**उत्तरी भारत में उत्तराखंड और हिमाचल से लेकर राजस्थान तक बारिश का कहर जारी**

# उत्तराखंड: भूस्खलन, सुरंगों में 19 कर्मी फंसे
# राजस्थान: दीवार ढही छह दबे, एक की मौत

**देहरादून/पिथौरागढ़/जयपुर/शिमला, जेएनएन।** उत्तराखंड के जनपद पिथौरागढ़ के विकासखंड धारचूला में एनएचपीसी के पॉवर हाउस के पास भूस्खलन होने से टनल का मुहाना बंद हो गया है। जिसकी वजह से 19 कर्मचारी टनल के भीतर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए आठ मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है, जबकि 11 लोग टनल में फंसे हुए हैं। जिन्हें निकालने की कार्यवाही की जा रही है। भारी वर्षा के चलते पिथौरागढ़ के धारचूला में एलागाढ़ स्थित भूमिगत एनएचपीसी की जल विद्युत परियोजना के मुहाने पर भूस्खलन होने से भारी मात्रा में मलबा और पत्थर जमा हो गया, जिससे टनल का मार्ग बंद हो गया। इस संबंध में पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि जिला प्रशासन और बी.आर.ओ. की तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है और सुरंग के मुहाने से मलबा हटाया दिया है। इमरजेंसी शाफ्ट एरिया को भी निरंतर साफ किया जा रहा है।



1800 साल पुराने दुर्ग की दीवार ढही,1 की मौत

पश्चिमी राजस्थान में हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक भटनेर दुर्ग की एक दीवार गिर जाने से आधा दर्जन मजदूर उसमें दब गए। हादसा दुर्ग में मरम्मत के दौरान हुआ। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हताहतों को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी और चिकित्सकों को उनके उचित उपचार के निर्देश दिए। यह किला 1800 साल पुराना बताया जाता है। जानकारी के अनुसार दुर्ग में इन दिनों मरम्मत का काम चल रहा है।



हिमाचल में 3 दिन होगी भारी बारिश

हिमाचल में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक राज्य के कई हिस्सों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है रेड अलर्ट वाले जिलों में लोग बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें, नदियों-नालों और भूस्खलन संभावित स्थानों से दूरी बनाए रखें और गैरजरूरी यात्रा से परहेज करें।

**इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट:** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान ही हिमाचल के कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, चंबा, हमीरपुर, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और वज्रपात के साथ भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**रेड अलर्ट वाले जिले**

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान ऊना और बिलासपुर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ भारी से ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसी प्रकार शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में भी बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में भारी बारिश के साथ वज्रपात और भूस्खलन की घटनाओं का खतरा रहने की संभावना है।



**सुरंग में फंसे कर्मी सुरक्षित**

डीएम गोस्वामी ने बताया कि अब तक आठ कर्मचारियों को टनल से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है और 11 बचे हुए कार्मिक भी सुरक्षित हैं। प्रशासन निरंतर उनसे संपर्क में है। जिला प्रशासन, बी.आर.ओ., एनएचपीसी, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ और अन्य बचाव दल निरंतर संयुक्त प्रयास कर रहे हैं। वहीं, उपजिलाधिकारी धारचूला जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर स्टेशन को लेकर मीडिया में कुछ भ्रामक सूचनाएं प्रसारित हो रही हैं, लेकिन इसके विपरीत पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार-बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन (बीआरओ) के माध्यम से लगातार हटाया जा रहा है।

**'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री**

### आपदाओं से देश दुखी राहत कार्यों में जुटे जवानों को कहा धन्यवाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बारिश के मौसम में देश के कुछ हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं पर दुख व्यक्त किया है। रविवार को रेडिया कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए। इन घटनाओं में परिवार के परिवार उजड़ गए। पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए और सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों में जुटे सेना, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ समेत तमाम बचाव दलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान और अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, और स्निफर डॉग्स की मदद के साथ ड्रोन से निगरानी की गई। ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई। हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुंचाई गई, और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हर उस नागरिक का हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने आपदा के समय मानवीयता को सबसे ऊपर रखा।



## एचएएल अगले महीने वायु सेना को सौंपेगी दो तेजस मार्क-1ए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में स्वदेशी रक्षा उत्पादन को गति देने की दिशा में एक अहम कदम के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अगले महीने भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकती है। रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि सरकार पहले दो विमानों की आपूर्ति और उनके हथियारों के पूर्ण एकीकरण के बाद एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस विमानों की खरीद के लिए नया अनुबंध करने पर विचार कर रही है। यह सौदा करीब 67,000 करोड़ रुपये का होगा। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि सितंबर के अंत तक हथियारों से पूरी तरह लैस दो तेजस मार्क-1ए वायुसेना को सौंप दिए जाएंगे। इसके बाद ही हम अतिरिक्त 97 विमानों की खरीद पर अनुबंध करेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 38 तेजस विमान सेवा में हैं और 80 से अधिक का निर्माण जारी है।



फरवरी 2021 में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए 48,000 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। लेकिन इनकी डिलीवरी में देरी हुई है। मुख्य कारण अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से विमान के इंजन की आपूर्ति में समय पर विफलता बताया गया है। तेजस मार्क-1ए एकल इंजन, बहु-भूमिका लड़ाकू विमान है, जिसे भारतीय वायुसेना के पुराने मिग-21 विमानों के विकल्प के रूप में तैयार किया गया है। फिलहाल वायुसेना के स्क्वॉड्रन की संख्या घटकर 31 रह गई है, जबकि अधिकृत संख्या 42 है।

### कैबिनेट ने विधेयक संशोधन को दी मंजूरी

**जयपुर, जेएनएन।** विधानसभा सत्र से पहले रविवार को भजनलाल कैबिनेट ने राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दी है। बिल के नए ड्राफ्ट में जबरन धर्म परिवर्तन पर उम्रकैद तक की सजा सहित कड़े प्रावधान किए गए हैं। नए बिल में घर वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना है। मूल पैतृक धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- इसके साथ ही अवैध धर्मांतरण में लिप्त संस्था का रजिस्ट्रेशन रद्द करने, राज्य सरकार द्वारा ग्रांट बंद किए जाने, जिस स्थान पर अवैध धर्म परिवर्तन हुआ है, उस संपत्ति की जांच के बाद जब्ती अथवा गिराए जाने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया- मूल पैतृक धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया गया है। इस प्रस्तावित कानून में सबूत का भार उस व्यक्ति पर होगा, जिसने धर्म परिवर्तन करवाया है।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों समेत प्रवासियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग, कई शहरों में प्रदर्शन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया में हजारों लोग आव्रजन विरोधी रैलियों में शामिल हुए। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इन आयोजनों की निंदा करते हुए प्रदर्शनों को नफरत फैलाने वाला और नियो-नाजियों से जुड़ा बताया है। मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नाम की रैलियों के लिए जारी किए गए विज्ञापन में भारतीय मूल के निवासियों को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो अब वहां की जनसंख्या का तीन प्रतिशत हैं। एक पर्चे पर लिखा था, पांच साल में जितने भारतीय आए हैं, उतने तो 100 साल में ग्रीक और इटालियन भी नहीं आए। यह सिर्फ एक देश से आए हैं, जिसके बारे में हम जानते हैं कि प्रवास का सांस्कृतिक प्रभाव पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया कोई ऐसा आर्थिक क्षेत्र नहीं है जिसके संपत्ति का अंतरराष्ट्रीय शोषण किया जा सके। कार्यक्रम से पहले फेसबुक पर जारी की गई प्रचार सामग्री में भारतीयों का भी जिक्र किया गया था।



**सिडनी-मेलबर्न में तीखा विरोध**

आयोजकों ने खुद को बड़े पैमाने पर आव्रजन को खत्म करने के मकसद के तहत आस्ट्रेलियाई लोगों को एकजुट करने की एक जमीनी कोशिश बताया और अन्य समूहों के साथ अपने संबंधों से इनकार किया। सिडनी, मेलबर्न, कैनबरा और अन्य शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गईं। सिडनी में, 5,000 से 8,000 लोग, जिनमें से कई राष्ट्रीय ध्वजों में लिपटे हुए थे, शहर के मैराथन के मैदान के पास जमा हुए।

**उधर... इंडोनेशिया में सांसदों की सैलरी पर प्रदर्शन, संसद जलाई**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता समेत देश के कई हिस्सों में सांसदों की तनख्वाह बढ़ाने के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार रात मकास्र शहर की क्षेत्रीय संसद में आग लगा दी। हाल ही में इंडोनेशियाई पुलिस के वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे डिलीवरी बॉय को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद हालात और ज्यादा बिगड़ गए।




## जाह्नवी कपूर ने बताया वे क्यों 3 ही बच्चे पैदा कर करना चाहती हैं

**मुंबई, जेएनएन।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'परम सुंदरी' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं इस फिल्म का दोनों स्टार्स ने खूब प्रमोशन भी किया है। इसी सिलसिले में वे कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में भी पहुंचे थे। वहीं बातचीत के दौरान, कपिल ने बताया कि जाह्नवी अपने पति के साथ तीन बच्चे पैदा करना चाहती हैं और साउथ में बसना चाहती हैं। फिर उन्होंने जाह्नवी से पूछा कि वह तीन बच्चे क्यों चाहती हैं। इस पर एक्ट्रेस ने चौंकाने वाला जवाब दिया। जाह्नवी से पूछा गया था कि वह तीन बच्चे क्यों चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अच्छा होता है तीन, पहले तो, मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात यह है कि लड़ाई झगड़े हमेशा अक्सर दो लोगों के बीच होते हैं, जान्हवी ने आगे कहा, ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा तो मैंने बहुत सोच समझ के ये प्लानिंग की है। जाह्नवी की ये बात सुन सिद्धार्थ मल्होत्रा भी हैरान रह गए। जाह्नवी अपने पति-तीन बच्चों संग तिरुपति में बसना चाहती हैं। जाह्नवी कपूर ने एक बार कोमल नाहटा के शो में कहा था, मेरी प्लानिंग है कि मैं शादी करके अपने पति और तीन बच्चों के साथ तिरुमाला तिरुपति में बस जाऊं। हम रोज़ केले के पत्तों पर खाना खाएंगे और गोविंदा गोविंदा सुनेंगे।



**खुलासा** 30 साल पहले लंदन के एक अस्पताल में छोड़ा गया था टाइम कैप्सूल

# डायना के टाइम कैप्सूल में मिली अजीबोगरीब चीजें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजकुमारी डायना की मृत्यु के 30 साल से भी ज्यादा समय बाद, लंदन के एक अस्पताल में उनके द्वारा छोड़ा गया एक टाइम कैप्सूल खोदकर निकाला गया है। यह एक छोटा सा बक्सा है, जिसे दिवंगत वेल्स की राजकुमारी ने दफनाया था। डायना, वेल्स की राजकुमारी, ग्रेट ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय की पहली पत्नी और वेल्स की राजकुमारी थीं। राजकुमारी डायना लंदन स्थित ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन की अध्यक्ष भी थीं। इस दौरान ही उन्होंने अपना कैप्सूल यहां छोड़ा था। इस कैप्सूल के अंदर 90 के दशक के शुरुआती जीवन की एक दिलचस्प झलक दिखाई दी। एक चैनल रिपोर्ट के अनुसार, सीसे से बने लकड़ी के इस टाइम कैप्सूल की खोज एक नए बच्चों के कैंसर केंद्र के निर्माण के शुरू होने के बाद हुई।



### कैप्सूल के अंदर दिखी 90 दशक के जीवन की झलक

इसके अंदर 90 के दशक के शुरुआती जीवन की एक दिलचस्प झलक थी। ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1991 में जन्मे या उस वर्ष पहले से ही वहां कार्यरत कर्मचारियों ने इस कैप्सूल को निकालने में मदद की। इसमें एक पॉकेट-साइज टेलीविजन, काइली मिनोग की एक सीडी और कुछ पेड़ों के बीज थे।

कैप्सूल के रखे जाने के साक्षी अस्पताल के कर्मचारी थे जो उस समय वहां काम कर रहे थे। राजकुमारी डायना, जिनकी 1997 में पेरिस में एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, राजकुमार डायना का ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन इस अस्पताल से गहरा नाता था। उन्हें 1989 में अस्पताल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वे नियमित रूप से अस्पताल आती थीं।




*कैप्सूल में एक कैसियो पॉकेट टीवी भी शामिल था।*

### दो बच्चों ने कैप्सूल में रखी चीजों का किया था चयन



*डायना ने 1991 में ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन का दौरा किया था।*




*काइली मिनोग का तीसरा स्टूडियो एल्बम रिदम ऑफ लव टाइम कैप्सूल में था।*

दो बच्चों, सिल्विया और डेविड, जिन्होंने प्रसिद्ध बच्चों के टेलीविजन शो ब्लू पीटर में एक प्रतियोगिता जीती थी, उन्होंने कैप्सूल की सामग्री चुनी थी। कैप्सूल में काइली मिनोग की सीडी, एक सौर ऊर्जा से चलने वाला कैलकुलेटर, दशमलवीकरण के 20 साल पूरे होने के प्रतीक ब्रिटिश सिक्के, एक पॉकेट टीवी, क्यू गार्डन के पेड़ों के बीज, पुनर्चक्रित कागज, एक यूरोपीय पासपोर्ट, एक चमकदार होलोग्राम स्नोफ्लेक, राजकुमारी की एक तस्वीर और उस दिन के द टाइम्स अखबार की एक प्रति शामिल थी।

## डेंगू ने पकड़ी रफ्तार, अगस्त में मिले 14 नए मरीज, बढ़ाई जांच की व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** शहर में डेंगू व चिकनगुनिया का प्रकोप रफ्तार पकड़ चुका है। इसकी बानगी है अगस्त महीने का डाटा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जनवरी से जुलाई तक भोपाल में डेंगू मरीजों की कुल संख्या 54 थी, इसके बाद अगस्त में 14 नए मरीज मिले। जिससे शहर में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 68 हो गई। सीएमएचओ कार्यालय से यह भी पता चला है कि इस बार डेंगू के साथ साथ चिकनगुनिया के मरीज भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक शहर में चिकनगुनिया के 58 मरीज मिल चुके हैं, अगस्त में कुल 4 नए मरीज चिकनगुनिया के मिले हैं। इस बार ज्यादातर मामलों में एक कॉमन बात देखने को मिल रही है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में वायरल के साथ जो लक्षण दिखाई दे रहे हैं, वह डेंगू और चिकनगुनिया जैसे हैं। लेकिन चिकित्सकों द्वारा जांच कराने पर उसकी रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। इस बारे में जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव का कहना है कि कभी कभी मरीज को वायरल बुखार में हाथ पैर दर्द के साथ अन्य लक्षण आ जाते हैं।

**चिकनगुनिया के लक्षण:** चिकनगुनिया के लक्षण और संकेत 10-12 दिनों तक रहते हैं, जो धीरे-धीरे खुद ठीक होने लगते हैं। बुखार और जोड़ों में असहनीय दर्द के अलावा चिकनगुनिया में कुछ और भी समस्याएं महसूस हो सकती हैं। सिर दर्द, थकान, चक्कर आना लिम्फ नॉड्स में संवेदनशीलता, उल्टी आना।

# बच्चों को बासी खिचड़ी खिला रहे, सहायिका ने अपने बच्चों को खिलाने से किया मना

## समूह संचालक दिल्ली में रहकर कर रही मजदूरी, कार्यकर्ता के पति करते समूह का संचालन

जागरण, टीकमगढ़

मध्यप्रदेश सरकार आंगनबाड़ी में बच्चों और महिलाओं को लेकर सचेत है और उनके हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर भरपूर लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा 2 क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरगांय खुर्द केंद्र अ कार्यकर्ता मनमानी कर विभाग की योजनाओं को पलीता लगाने और बच्चों की सेहत से खिलवाड़ करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जिसका अंदाजा 12 बजते ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हर रोज लटक रहे तालों व केन्द्र में बच्चों कि अनुपस्थित से लगाया जा सकता है। जिसकी ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत कर मामले में कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता दीपक यादव ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया है कि क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति इनदिनों बदतर दिख रही है। मनमर्जी से इसका खुलना बंद होना आम बात हो गई है। इसलिए दरगाय खुर्द के अधिकांश केंद्र रामभरोसे चल रहें है। यहां पिछले कई दिनों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाएं बच्चों को नहीं मिल रही है। ऐसे में नौनिहाल और गर्भवती महिलाओं को सरकार की योजनाओं का कैसे लाभ मिल सकता है। क्योंकि उन्हें किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के निरीक्षण का डर नहीं है।

शासन द्वारा केंद्रों के खुलने का समय सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक का है। लेकिन दरगांय खुर्द (अ) केंद्र पर पदस्थ कार्यकर्ता सरताज बानो टीकमगढ़ से केवल मंगलवार को दोपहर में आती है खुलने और बंद होने के समय के बीच कभी भी एक से दो घंटे के बीच केंद्र पर अपनी ड्यूटी करके चली जाती हैं। और बाकी के 6 दिनों तक केवल सहायिका ही आंगनबाड़ी का संचालन करती है। जब ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे तो वंहा केवल सहायिका उन्हें केंद्र पर उपस्थित मिली और वह बच्चों को पैकिट में मिलने बाले पोषण आहार की ही खिचड़ी बनाकर खिलाई जा रही थी, वह भी रात के समय पर बनी हुई, इस दौरान सहायिका ने अपने बच्चों को वह खिचड़ी बासी और सेहत के लिए हानिकारक होने के चलते खुद मना किया, जिसका ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है।

**बच्चों को नहीं मिल पा रहा पोषण आहार :** दरगाह खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र (अ) पर स्थानीय निवासी दीपक यादव द्वारा केंद्र पर जाकर देखा तो केवल आंगनवाड़ी सहायिका उपस्थिति पाई गई एवं वहां की मुख्य कार्यकर्ता सरताज बानो की अनुपस्थित पाई गई एवं लोगों के द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरताज बानो सिर्फ मंगलवार को 1 घंटे के लिए ही आती है और सहायिका के भरोसे ही आंगनवाड़ी छोड़कर टीकमगढ़ चली जाती हैं और ना ही बच्चों को यहां पर पोषण अहार का वितरण किया जाता है और मध्यान्ह भोजन के नाम पर रोज बच्चों के पोषण अहार वाली खिचड़ी बनाकर वितरित की जाती है।








### पोषण आहार बेचने के ग्रामीणों ने लगाए आरोप

स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि इलाके में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्र कभी-कभार ही खुलते हैं। इस कारण से बच्चों को शासन की ओर से मिलने वाला पोषण आहार भी नहीं मिल पा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा मिलने बाला पोषण आहार अधिकांश बाजार में बेच दिया जाता है। इसके अलावा जो पोषण आहार एक्सपायरी हो जाता है। उसको केंद्र के कर्मचारी कचरे और मवेशियों को फेंक देते हैं। सबसे अहम बात यह है कि यहां पर संबंधित लापरवाह पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी जांच करने के लिए नहीं आती हैं। इनकी सांठ गांठ होने से इस कारण से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हौंसले बुलंद हैं।

### जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ता ने बनाया निवास

ग्रामीणों ने बताया कि दरगांय खुर्द (अ)की कार्यकर्ता सरताज बानो अपना निवास टीकमगढ़ बनाये हुए है, जबकि उनका मकान भी दरगांय में बना हुआ है, लेकिन वंहा उनका परिवार निवास नही करता है, ग्रामीणों ने बताया कि कार्यकर्ता के पति के द्वारा ग्राम में एक निजी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा हैं, जो वंहा पर मरीजो का उपचार करते है, जो वंहा पर जाते है लेकिन उनकी पत्नी मंगलवार के मंगलवार ही उनके साथ जाती है।

### इनका कहना है

मेरे पास इस मामले की शिकायत आई है, जिस पर परियोजना अधिकारी को जांच के लिए निर्देशित किया है, अगर उनके द्वारा लापरवाही की जा रही है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

ऊदल सिंह
जिला महिला बाल विकास अधिकारी, टीकमगढ़

# प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराएं : कमिश्नर

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवई, अजयगढ़, अमानगंज एवं पन्ना को अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश



**जागरण, पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश सागर संभाग के सभी नगर पालिका अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने सागर संभाग में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की प्रगति की नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में गति लाई जाए तथा हितग्राहियों को आवास योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने सागर संभाग की पवई, अजयग?, अमानगंज एवं पन्ना सहित अन्य नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने और हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उक्त सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सागर संभाग को दिए हैं।

कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग की सभी नगरीय निकायों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की संभाग स्तरीय समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स से दूरभाष पर चर्चा की तथा सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह जिले स्तर पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था एवं जल संवर्धन के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग के सभी नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने अमानगंज एवं अजयगढ़ सहित अन्य नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास कार्यक्रम और विशेष निधि के कार्यों की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि उक्त योजनाओं के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

# जिला स्तरीय खेलकूद आवंटन बैठक का आयोजन



**पन्ना।** आज दिनांक 1 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस.डी. चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं पन्ना जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं क्रीड़ा अधिकारीगण ,क्रीड़ा प्रभारियों की उपस्थिति में सत्र 2025 26 के लिए जिला स्तरीय खेलकूद आवंटन बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया गया। उक्त बैठक में आगामी सत्र हेतु बिंदुवार चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस चतुर्वेदी द्वारा सभी से परिचय प्राप्त कर बैठक के बिंदुओं को संक्षेप में बताया एवं तादुपरांत जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आयोजनों हेतु प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा संभाग स्तरीय बैडमिंटन (पुरुष) बास्केटबॉल (पुरुष) एवं कबड्डी (महिला) का आयोजन शासन से मांगा जाएगा तथा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन संभाग स्तर पर शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ द्वारा प्रस्तावित किया गया। साथ ही संभाग स्तरीय बैडमिंटन ( महिला) प्रतियोगिता का प्रस्ताव शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा दिया गया। अन्य सभी आयोजन जिला स्तर पर विभिन्न महाविद्यालय को वितरित किए गए हैं जो शासन द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार विभिन्न तिथियां पर पन्ना जिले के विभिन्न महाविद्यालय में आयोजित किए जाएंगे, बैठक का संपूर्ण संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा अंतिम वर्ष के खेल परिणाम एवं आगामी खेल व्यवस्थाओं हेतू विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई.इस खेल आवंटन बैठक में शासकीय महाविद्यालय खोरा से प्राचार्य डॉ जे के वर्मा,शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गिरजेश शाक्य एवं क्रीड़ा अधिकारी श्रीमति नाहिद अख्तर, शासकीय गुन्नौर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ, सिद्धू सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार पांडेय ,शासकीय महाविद्यालय अमानगंज से प्राचार्य डॉ पूनम सिंह एवं खेल प्रभारी आरिफ खान, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्र नगर से प्राचार्य डॉक्टर नीरज शर्मा एवं क्रीड़ा प्रभारी बाबूलाल जमुरा, शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर से प्राचार्य डॉ सुखेंद्र गौतम एवं क्रीड़ा अधिकारी अरुण कुमार सिंह, शासकीय महाविद्यालय पवई से क्रीड़ा प्रभारी के.पी. सिंह परमार, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ से प्राचार्य जेपी अहिरवार एवं क्रीड़ा अधिकारी रवि पाल, शासकीय महाविद्यालय शाह नगर से प्राचार्य डॉक्टर रजनी सोनी उपस्थित रहे।

# 5 सितम्बर को अमानगंज आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में करेंगे सहभागिता, विकास कार्यों की देंगे सौगात

### कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों के दिए निर्देश




**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के अमानगंज आगमन के संबंध में अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दोपहर 2 बजे महिला सम्मेलन के कार्यक्रम सहित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा अन्य कार्यक्रमों में शामिल होना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नगर परिषद अमानगंज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत बैठक व्यवस्था, संचार, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग एवं यातायात, रूट चार्ट, लायजनिंग अधिकारी की नियुक्ति, ग्रीन रूम की स्थापना इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में समय सीमा में जरूरी समन्वय के साथ पूर्व तैयारी के निर्देश दिए। इसके अलावा जल जीवन मिशन एवं केन-बेतवा लिंक परियोजना पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी कार्यक्रम स्थल पर लगाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन, कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा वन विभाग के अधिकारियों को भी विभागीय योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आरटीओ सहित खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के साथ अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा। इस क्रम में प्रारंभिक तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के आठ चयनित विषयों सहित 100 दिवस से सहित समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा कर समय सीमा में शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही विभाग स्तर पर अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। राजस्व विभाग अंतर्गत बार-बार निर्देश के बावजूद भी प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही और अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एक दिवस में प्रकरणवार निराकरण नहीं होने पर पटवारियों के निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर स्थिति में 100 दिवस से अधिक समय की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं अथवा स्पेशल क्लोज कराना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से स्वीकृति अथवा मंजूरी के मामलों में भी समय पर पत्र भेजने की कार्यवाही की जाए।

**प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ :** कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकायों के सीएमओ प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में प्रगति की मॉनिटरिंग कर आवास योजना 2.0 का पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान करें। आवास का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण हो। प्रत्येक नगरीय निकाय हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में गति लाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नगरीय निकायों से संबंधित पीएम आवास योजना सहित अन्य मामलों के निराकरण में विलंब की स्थिति में सीएमओ सहित अन्य लापरवाह निकाय कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की सख्त चेतावनी भी दी। सभी सीएमओ को समन्वय और हितग्राहियों से संवाद कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

# आबकारी आरक्षक देवघर शर्मा सेवानिवृत हुए



**पन्ना।** आबकारी विभाग में पदस्थ आरक्षक देवघर शर्मा लगभग 37 वर्ष 10 महीने की सेवा के पश्चात सेवा निवृत हो गए। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय पन्ना में उनकी सेवा निवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी जिला पन्ना मुकेश कुमार मौर्य ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव ने श्री शर्मा की ईमानदारी को याद किया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने श्री शर्मा की अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण की जानकारी दी । आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय और विक्रांत जैन ने उनके अनुभवों और सहयोगियों के मार्गदर्शन के अनुभव सुनाते । मुख्य लिपिक नाथूराम सौर ने उनके अच्छे भविष्य और स्वास्थ्य के लिए कामना की । इस अवसर पर अरुण चौरसिया, ॠषिकांत सोनी, रजनीश खरे, अशोक पाण्डेय, प्रीतम नायक, स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, रविप्रकाश मिश्रा, मोतीलाल प्रजापति, वीरेंद्र यादव, जहान सिंह, सोनू बुंदेला, आकाश साहू, धर्मेंद्र वाजपेई, सुरेश शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के परिवहन पर जब्त वाहन होगा राजसात

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर जप्त वाहनों को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 के तहत वाहन राजसात की कार्यवाही की गई है। साथ ही आबकारी अधिकारी एवं थाना प्रभारी को विधिक प्रावधान एवं नियमों के तहत निवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा 7 फरवरी 2021 को आरोपी रामरूप द्विवेदी निवासी ग्राम कपूरी थाना जसो जिला सतना से बिना नंबर की सफेद अल्टो कार में 27 हजार 600 रूपए कीमत की 63 लीटर शराब जप्त की गई थी। इस प्रकरण में आरोपी सहित वाहन मालिक विजय सिंह निवासी ग्राम वार्ड नंबर 12 बांधवग? कॉलोनी जिला सतना को भी सुनवाई का अवसर प्रदान कर जप्ती वाहन को राजसात करने की कार्यवाही के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

इसी तरह थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा 15 दिसम्बर 2022 को आरोपी अमीन अली निवासी ग्राम एवं थाना रैपुरा को मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 35 एमसी 4111 में दो बोरियों में 21 हजार रूपए कीमत की 54 लीटर शराब का परिवहन करते पाया गया था। इस प्रकरण में भी आरोपी सहित वाहन मालिक रमजान खान को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया।

# प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## विधायक बुंदेला बोले नशा माफिया को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण



**टीकमगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टीकमगढ़ में कड़ा विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि 31 अगस्त को रतलाम में अज्ञात लोगों ने पटवारी पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले पहले भी कई बार हो चुके हैं, क्योंकि पटवारी प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं और नशे के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। साहू ने आरोप लगाया कि नशे के कारोबारियों के भाजपा नेताओं के साथ संबंधों के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं संबंधों के चलते नशा माफिया पर लगाम नहीं लग रही है और उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। यही वजह है कि पटवारी जैसे नेताओं को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। इस मौके पर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि जीतू पटवारी आमजन और युवाओं को नशे से बचाने का काम कर रहे हैं। उनका प्रयास प्रदेश को नशामुक्त बनाने का है, लेकिन नशा माफिया और उनके राजनीतिक संरक्षक इस मुहिम से घबराए हुए हैं। हम सभी कार्यकर्ता पटवारी के साथ मजबूती से खड़े हैं और सरकार को चेतावनी देते हैं कि इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महामंत्री संजय नायक, नगर अध्यक्ष भगतराम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इसरार मोहम्मद, राजीव जैन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेसी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई।

# राधाष्टमी पर जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का हुआ समापन



**जागरण, पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा 27 से 31 अगस्त तक श्रीराधाष्टमी के अवसर पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पांच दिवसीय 'रासलीला समारोह' का आयोजन किया गया था। समारोह में प्रतिदिवस रासलीला, भक्ति गायन एवं स्थानीय लोकनृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया। रविवार को पांच दिवसीय रासलीला समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। पांचवे दिवस पर पूर्वरंग अंतर्गत प्रदीप-नितिन अग्रवाल एवं साथी, दमोह द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने उधो मत आइयो समझाने जाको कांटा लगे वो ही जाने...,लागे वृंदावन नीको आली मोहे लागे वृंदावन नीको...,जैसे सूरज की गर्मी से जलते हुए तन को मिल जाए तरुवर की छाया...,तुम बिन मोरी कौन खबर ले गोवर्धन गिरधारी...,जागो बंसी वारे ललना जागो बंसी वारे ललना...,जैसे भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी।

अगले क्रम में श्री माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलाकारों ने समारोह में श्रीराधा रानी के प्राकट्य एवं होली प्रसंग पर आधारित रासलीला का भव्य मंचन किया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत समारोह ने भक्तों को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया। रासलीला का शुभारंभ श्रीराधा रानी के प्राकट्य लीला से हुआ, जिसमें श्रीराधा के जन्म का दिव्य वर्णन किया गया। जैसे ही मंच पर श्रीराधा का प्राकट्य हुआ, सम्पूर्ण पंडाल राधे राधे के जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात होली लीला का रंगारंग मंचन हुआ, जिसमें श्रीकृष्ण और गोपियों के मध्य हास्य-व्यंग्य एवं प्रेम की मधुर झलक दिखाई गई। कलाकारों ने पुष्पवर्षा एवं नृत्य के माध्यम से दृश्य रचा कि उपस्थित दर्शक भी स्वयं को उस लीला में सहभागी अनुभव करने लगे।

# नगर पालिका गणेश दरबार में गूंजा सुंदरकांड, विधायक यादवेन्द्र सिंह बोले, आस्था और एकता का अद्वितीय संगम



**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ में स्थापित गणेश दरबार में सोमवार को धार्मिक वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मालिक ने विधिविधान से आरती की। इस अवसर पर वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोषों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्य प्रकाश मिश्रा उर्फ दाद्दी, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक, पार्षद जसवंत बाल्मीक, अनीस अहमद, देवी लाल अहिरवार, पूनम जायसवाल, सनी सुरेंद्र सोनी, नगर पालिका इंजीनियर विजय यादव, पार्षद प्रतिनिधि फरीद खान, बाबू अनिल मिश्रा सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने कहा कि नगर पालिका में स्थापित गणेश दरबार आस्था और भक्ति का अद्वितीय संगम है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूती मिलती है। गणेश दरबार में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिससे नगर का वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर है। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर, आरती और प्रसाद वितरण में भाग लेकर गणपति से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

# इलेवन केवी लाइन को छू रही लताए एवं बेल का पेड़, कभी भी हो सकता दर्दनाक हादसा

**पवई।** इसे विभाग की लापरवाही कहा जाए य उदासीनता पन्ना कटनी मुख्य मार्ग पर मिलोनीगंज मे सुशील मेडिकल के पास लगे इलेवन के बी तथा एल टी दोनो विद्युत पोल के अलावा ट्रांसफर के आस पास वृक्ष के बेल व तलाओ मे विद्युत तार टच हो रहे है। जब कि दिन भर इसी मार्ग से विद्युत विभाग के कर्मचारी से लेकर अधिकारियों का निकलना होता भी फिर उनकी निगाहें ऐसे स्थानो पर नही जाती जहां चौबीस घंटे खतरा बना हुआ ज्ञात हो कि पोल के आस पास हरियाली देख मवेशियों का आना जाना भी स्वाभाविक है चौबीस घंटे विद्युत तारों मे करंट दौडता रहता है भगवान न करे जरा सी लापरवाही बडे हादसे का कारण बन सकती है इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल

# महिला मोर्चा ने निकाली विशाल आक्रोश रैली, किया पुतला दहन

जागरण, बैढ़न

गत दिनों बिहार राज्य मे कांग्रेस और पीडीए के मंच पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माता पर की गई अभद्र टिप्पणी पर देश भर मे नाराजगी है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के इस कुकृत्य पर बहुत ही आक्रोशित दिखाई दे रही है। देश भर में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस एवं राहुल गांधी के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रही है तथा उन पर माफी मांगने का दबाव बना रही है। मध्यप्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सिंगरौली जिले में भारतीय जनता पार्टी ने विशाल आक्रोश रैली निकालकर कांग्रेस पार्टी को घेरा और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय की विशेष उपस्थिति मे महिला मोर्चे की हजारों कार्यकर्ताओं ने इस विरोध प्रदर्शन मे हिस्सा लिया तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया। आक्रोश रैली का एकत्रीकरण करण अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी मे हुआ तथा राहुल गांधी के पुतले के साथ हजारों की संख्या मे आई महिला कार्यकर्ताओं तथा भाजपाइयों ने कांग्रेस एवं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के साथ बिलोंजी चौराहे से मुख्य मार्ग पर पहुंचे तथा कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने से जाते हुए राजीव गांधी चौक पर एकत्रित हुए जहां राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफजमकर नारेबाजी की गई तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष समेत समस्त नेताओं ने कांग्रेस पार्टी को संस्कारहीन तथा गैर शिष्टाचारी बताया और राहुल गांधी को मानसिक रोगी बताते हुए खूब खरी खोटी सुनाई। महिला नेत्रियों न प्रधानमंत्री की माता पर की गई टिप्पणी को बेहद शर्मनाक बताते हुए राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने विगत दिनों कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के वक्तव्य पर भी अपना आक्रोश प्रकट किया तथा पूरी कांग्रेस पार्टी को महिला विरोधी बताया। इस आक्रोश रैली मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुभाष वर्मा पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी सरोज शाह आशा यादव सरोज सिंह जिला महामंत्री लालपति साकेत राजकुमार दुबे जिलामंत्री पूनम गुप्ता कलावती यादव अरविंद तिवारी प्रवेंद्र धर द्विवेदी विनोद चौबे कोषाध्यक्ष हरिदास गुप्ता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल महामंत्री ऋचा सिंह वरिष्ठ नेत्री मधू झा इतवारी देवी आशा पांडेय नीलम तिवारी प्रीति पनाड़िया अर्चना तिवारी सुंदर कली उर्मिला साकेत रैवती पनिका सुनीता शाह अनीता गुप्ता संध्या चंद्रवंशी सरस्वती शाह दुर्गा कनौजिया सत्यभामा सिंह पूजा द्विवेदी सहित हजारों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



### ईद मिलादुन्नबी के दिन शराब की बिक्री पर रोक से शहर में सुरक्षा व्यवस्था में मदद मिलेगी : उसैद

**जागरण बैढ़न।** मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक विकास कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मन्नान खान एडवोकेट ने संयुक्त रूप से ईद मिलादुन्नबी के दिन शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिला कलेक्टर सिंगरौली को ज्ञापन दिया है अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ईद मिलादुन्नबी जो 5 सितंबर को मनाया जाएगा के अवसर पर शहर में शराब की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाएए यह त्योहार मुस्लिम समाज के लिए अत्यधिक धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है और इस दौरान शहर का माहौल शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है हमें विश्वास है कि इस विशेष अवसर पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने से शहर के सामाजिक सौहार्द और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने में मदद मिलेगीएइससे मुस्लिम समुदाय के लोगों को अपने धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करने में सुविधा होगी और शहर का वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा ईद मिलादुन्नबी हमारे समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार हैए और इस दौरान शराब की बिक्री से शहर का माहौल प्रभावित हो सकता है। शराब की बिक्री पर प्रतिबंध से शहर का माहौल शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहेगा जिससे विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा अल्पसंख्यक विकास कमेटी कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार करें और ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर में शराब की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के लिए आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।

## प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर हुए हमले के विरोध में जिला कांग्रेस सिंगरौली ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन



**जागरण, बैढ़न।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के रतलाम प्रवास के दौरान अज्ञात हमलावरों के द्वारा किए गए हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ने जिला दंडाधिकारी सिंगरौली को ज्ञापन सौपा। सिंगरौली कांग्रेस के पदाधिकारी माजन स्थित विश्राम गृह एकत्रित हुए तत्पश्चात गगनभेदी शासन विरोधी नारे के साथ पैदल चलते हुए जिला दंडाधिकारी कार्यालय पहुचे। ज्ञापन पत्र लेने मे देरी करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ और मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों के बीच झड़प भी हुई और कॉंग्रेस कार्यकर्ता गेट के भीतर जा पहुचे। स्थिति को देखते हुए तत्काल सक्षम अधिकारी ज्ञापन लेने उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष शहर प्रवीण सिंह चौहान ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर लगातार प्रायोजित हमले करवाये जा रहे जो की स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान नहीं है। जीतू पटवारी लगातार नशे के खिलाफ अभियान चला रहे और मुखरता से अवैध नशीली वस्तुओ की बिक्री के खिलाफ आवाज़ बुलंद कर रहे जिसका परिणाम है के उनके ऊपर लगातार प्रायोजित हमले कराये जा रहे। मोहन सरकार और उनकी कानून व्यवस्था की पोल इसी बात से खुल जाती है के इसकी रोकथाम हेतु सरकार और प्रशासन तनिक भी गंभीर नहीं है। जब मुख्य विपक्षी दल का प्रदेश अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता की स्तिथि इसी बात से स्पस्ट हो जाती है। मातृ शक्तियों के सम्मान का ढकोसला करने वाली भारतीय जनता पार्टी को यह नही दिखाई देता के शहर मे मुख्य मार्गो मे शराब की दुकाने संचालित हैं और बहनो को पठन पाठन माताओ को दैनिक उपयोग की वस्तुएँ क्रय हेतु उसी सड़क से गुजरना होता है और नशेड़ी वहीं बैठे रहते पर इस सरकार को इस समस्या से कोई सरोकार नही सिर्फ मातृ सम्मान का दिखावा करते और अगर सच मे सम्मान करते तो ऐसी दुकानों को कबका स्थानांतरित कर दिया गया होता। पूरे प्रदेश मे अवैध मादक नशीली वस्तुएँ खुले आम बेची जा रही बहनो के घर तबाह हो रहे परन्तु सरकार के कान मे जूँ तक ना रेंग रही। जब हमारे प्रदेश अध्यक्ष इन सब विषयो पर आवाज़ बुलंद करते हैं तो उनपर हमले कराये जाते हैं और झूठी रिपोर्ट दर्ज की जाती।

## खेल मैदानों की हो रही दुर्दशा, कहीं उग रहा चारा, कहीं कीचड़ गड्ढे



### खेलों के अलावा होते हैं अन्य आयोजन भी

**जागरण, रीवा।** शहर के विद्यालय, महाविद्यालयों में स्थित खेल मैदानों में से अधिकतर खेल मैदानों की दुर्दशा हो रही है। देखरेख के अभाव में खेल मैदान उबड़-खाबड़ हो रहे हैं, जहां खेल स्पर्धाओं के दौरान खिलाड़ी असमतल मैदानों के कारण खिलाड़ी चौटिल हो जाते हैं। वहीं बरसात वगैरह हो गई तो मैदान कीचड़ से भी पट जाते हैं। जिसके कारण खिलाड़ी फिसल जाते हैं, पिछले दिनों इसका उदाहरण मार्तण्ड स्कूल क्रमांक-1 में जिला स्तरीय खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई थी, बरसात होने से पूरा मैदान कीचड़ से पट गया था, जिससे खिलाड़ियों को काफी परेशानी हुई।

**अन्य विद्यालय के मैदानों में करवाते हैं स्पर्धाएं :** मार्तण्ड स्कूल व क्रमांक-1 व क्रमांक-3 का खेल मैदान एक ही है, दोनों स्कूलों की खेल स्पर्धाएं इसी मैदान में होती हैं। पीके स्कूल का खेल मैदान अपनी दुर्दशा स्वयं ही बयां कर रहा है। समान विद्यालय में छोटा खेल मैदान है, लेकिन वह भी अनुपयोगी है। क्योंकि स्कूल की बाउंड्री बनाने वालों ने मलबा अंदर ही डाल दिया। वहीं उच्च शिक्षा की बात करें तो टीआरएस कॉलेज का खेल मैदान खरपतवार से भरा है, बड़ी-बड़ी घास हो रही है, जिससे यहां खेल आयोजन होने की फिलहाल संभावना ही नहीं। पिछले वर्ष से मैदान को समतल करवाया जा रहा है, लेकिन अभी तक मैदान तैयार नहीं हुआ। कुछ विद्यालय जैसे एसके स्कूल, शहर से सटे पड़रा-दुआरी के विद्यालय ऐसे हैं जहां खेल मैदान ही नहीं हैं, जबकि परिसर में खेल मैदान बनाने काफी भूमि उपलब्ध है, किन्तु मैदान नहीं बने, जिसके चलते उन विद्यालयों की खेल स्पर्धाएं अन्य विद्यालयों के खेल मैदानों में करवाई जाती है।

**खेल स्पर्धाओं के अलावा होते हैं अन्य आयोजन भी :** शहर के जिन विद्यालय, महाविद्यालयों में खेल मैदान हैं वहां खेल स्पर्धाओं के अलावा अन्य आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे मार्तण्ड स्कूल के मैदान में कभी कृषि मेला तो कभी अन्य आयोजन भी किए जाते हैं, इन आयोजनों के चलते मैदान में टेण्ट लगवाए जाते हैं, जिसके लिए गड्ढे खोदे जाते हैं, आयोजन के बाद उन्हें यथावत छोड़ दिया जाता है। वहीं मैदान के अंदर वाहन भी ले जाए जाते हैं, इससे भी मैदान की दुर्गति होती है।

### उधम सिंह मार्ग के लिए ज्ञापन दिया गया



**जागरण, बैढ़न।** उधम सिंह मार्ग के लिए अपर कलेक्टर तिर्की को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से जो सड़क पानी से बह गया है उसको बनाने के लिए अपर कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि दो दिवस के अंदर बन जाएगा अगर नहीं बनता है तो पूनः धरना किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार साकेत जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली सहित जिनहर रजबाँध परसौना के लोग शामिल हुए।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के दूसरे दिन इनडोर खेलों का आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस 25 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एनटीपीसी विन्ध्याचल द्वारा दूसरे दिन का आयोजन इनडोर खेलों के साथ किया गया जो वीवा क्लब में संपन्न हुआ। पूरा वातावरण उत्साह और जोश से भरपूर रहा जहाँ कर्मचारियों और बच्चों ने विभिन्न इनडोर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे खेलों में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विन्ध्याचल ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण मणिक्यन सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम और अध्यक्ष वीवा दीपु ए. महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विन्ध्याचल और आशीष अग्रवाल उपाध्यक्ष वीवा की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अपने प्रेरणादायक शब्दों से कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया जो उनके प्रयासों और खेल भावना की सराहना का प्रतीक थीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वीवा क्लब समिति के सदस्यों सुनील गहलोत बबलू मीणा आर्यन गौंड और बाबूजी शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन एक बार फिर यह दर्शाता है कि एनटीपीसी विन्ध्याचल स्वास्थ्य टीम भावना और कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।




## प्रार्थना सभा में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का लिया संकल्प




**जागरण, विंध्यनगर।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज प्रार्थना सभा में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान् का सकल्प लिया इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार प्रातः की प्रार्थना सभा में भैया/बहनों ने विद्यालयीन वातावरण को सुरम्य एवं सुसज्जित बनाने के लिए परिसर की स्वच्छता एवं विद्यालय प्रेरणा का केन्द्र बने आदि विषयों पर अपना विचार व्यक्त किया। विद्यालयके प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने उपस्थित छात्रों के मध्य विद्यालीयन गौरव एवं सम्मान की विषय वस्तु छात्रों के समक्ष रखते हुये उन्हें स्वाभिमानी बनने की प्रेरणा दिए।

## एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर विभिन्न प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे फ़ैन्सी ड्रेस नृत्य कहानी सुनाना सुंदर कांड लड्डू खाना शंखनाद रंगोली चित्रकला पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता मूर्तिकला गीत.गायन प्रतियोगिता प्रश्नोत्री प्रतियोगिता गणपती बिंगो आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा सायं 7.00 बजे से फ़ैन्सी ड्रेस डांस एवं कहानी सुनाना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या मे ज्यादा संख्या में बच्चों नें विभिन्न परिधानों में सज.संवरकर भाग लिया एवं अपनी.अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तदोपरांत पुजा समिति द्वारा कक्षा 5 तक के बच्चों हेतु लड्डू खाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही रंगोली चित्रकला पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता मूर्तिकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या मे ज्यादा संख्या में बच्चों नें भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री दीपू ए महाप्रबंधक मेंटीनेंस एवं एडीएम मणिकायन सुरेश मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा अन्य महाप्रबंधकगण पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## झलरी बना चैम्पियन : धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास की 8 गांवों के करीब 100 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

### अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** सरई तहसील अन्तर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों में युवाओं को खेलों के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से सिंह स्पोर्टिंग क्लबए धिरौली द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर शनिवार को धिरौली गांव में आयोजित फाइनल मुकाबले में झलरी की टीम ने धिरौली की टीम को 2-.0 से हराकर विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में झलरी की टीम ने पोड़ीपाठ की टीम को हराया था और धिरौली की टीम ने सिरसवाह को शिकस्त देकर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी जगह बनाई थी। धिरौली गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस फुटबॉल टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की कुल 8 टीमों के करीब 100 खिलाड़ियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप। के अंतर्गत झलरी बजौड़ी सिरसवाह एवं पोड़ीपाठ की टीमें शामिल थीं जबकि ग्रुप ठ में धिरौली खनुआ चारडांड एवं फाटपानी की टीमों ने हिस्सा लिया। अदाणी फाउंडेशन की तरफ से विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनका मनोबल बढ़ाने के लिए विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को अदाणी फाउंडेशन की तरफ से फुटबॉल जर्सी सेट के साथ फुटबॉल किट देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मैच के दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण खेल के मैदान में मौजूद रहे। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन में धिरौली की सरपंच श्रीमती विद्यापति कुशवाहा धिरौली के उपसरपंच शिशुपाल सिंह धिरौली के वार्ड सदस्य विनोद कुमार पनिका एवं अन्य स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं अदाणी ग्रुप की तरफ से विक्रम शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही धिरौली टीम के सुंदर लाल सिंह को मैन ऑफ द मैच एवं झलरी टीम के खिलाड़ी महकाम सिंह को ष्मैन ऑफ द टूर्नामेंटष् चुना गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। जबकि ष्बेस्ट गोलकीपर् के लिए अमृतलाल सिंह बेस्ट प्लेयर के लिए नारायण सिंह एवं बेस्ट रेफरी् के लिए पप्पू सिंह को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अदाणी फाउंडेशन का मानना है कि खेलों का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह हमारे मनोवैज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और हमें खुश एवं स्वस्थ रखता है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से स्थानीय युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से स्थानीय युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए समय.समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है और आगे भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।




### श्रमिक ने मालिक को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

**जागरण, बैढ़न।** जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के अकलाडाड गांव में बीती मध्य रात्रि एक सनसनीखेज घटना घटित हुई जहां एक श्रमिक ने अपने मालिक को पीट-पीटकर मौत की नींद सुला दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया जानकारी के मुताबिक कल देर रात आरोपी मंगल अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा एवं मारपीट कर रहा था इसी दौरान पति.पत्नी में हो रहे झगड़े एवं शोर शराबी को सुनकर मालिक छोटू गुप्ता मौके पर पहुंचा और विवाद को शांत करने का प्रयास करने लगा लेकिन श्रमिक ने गुस्से में आकर अपने को पत्नी को छोड़ पास रखी बाल्टी से मालिक छोटू गुप्ता के ऊपर हमला कर दिया।




# द हंड्रेडः ओवल इनविंसिबल्स लगातार तीसरी बार बनी चैंपियन, नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने पहली बार जीता खिताब

**लंदन, जेएनएन।** द हंड्रेड के पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में विजेता का फैसला हो गया है। महिला वर्ग में टूर्नामेंट को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के रूप में नया चैंपियन मिला, जबकि पुरुष वर्ग में ओवल इन्विन्सिबल्स ने खिताबी हैट्रिक लगाई। रविवार को सैम बिलिंग्स की अगुआई वाली ओवल इन्विन्सिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर जीत हासिल की और लगातार तीसरा खिताब जीता। महिलाओं में होली आर्मिटेज की अगुआई वाली नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने सदर्न ब्रेव को सात विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया।



**ओवल इन्विन्सिबल्स** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विल जैक्स (72) और जॉर्डन कॉक्स (40) की शानदार पारियों की बदौलत 100 गेंदों में पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। जैक्स ने 41 गेंद की पारी सात चौके और दो छक्के और कॉक्स ने 28 गेंद में चार चौके और एक छक्का जड़ा। ट्रेंट रॉकेट्स के मार्कस स्टोइनिस ने दो विकेट लिए। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेंट रॉकेट्स 100 गेंद में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। स्टोइनिस ने सर्वाधिक38 गेंद में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। ओवल की ओर से नाथन सॉटर ने तीन विकेट लिए। वे प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। ओवल की टीम ने लगातार तीसरी बार खिताब जीता है। इससे पहले 2023 और 2024 में भी यही टीम चैंपियन बनी थी।

**सदर्न ब्रेव** ने 100 गेंद में छह विकेट पर 115 रन बनाए थे। फ्रेया कैंप ने 26, वॉयट हॉज ने 25, सोफी डिवाइन ने 23 और मैडिविलियर्स ने नाबाद 17 रन की पारी खेली। नॉर्दर्न की केट क्रॉस और एनाबेल सदरलैंड को दो-दो विकेट मिले। लुसी हिघम को एक सफलता मिली। 116 रन के लक्ष्य को नॉर्दर्न ने 88 गेंद पर तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच निकोला कैरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। सदरलैंड ने नाबाद 28, फीबी लिचफील्ड ने 26 और डेविना पेरिन ने 17 रन बनाए। सदर्न की ओर से डिवाइन, मेडी और क्लो ट्रायन को एक-एक विकेट मिला। प्लेयर ऑफ द मैच सीरीज लिचफील्ड (292 रन) रहीं।



# पश्चिम दिल्ली लायंस ने पहली बार जीता दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब

### कप्तान राणा व रितिक की तूफानी पारी से बनी चैंपियन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम दिल्ली लायंस ने सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दर्ज कर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 का खिताब जीत लिया। जीत के लिए 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को शुरुआती झटके लगे जब सेंट्रल दिल्ली के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरुण पुंडीर ने लगातार विकेट लेकर पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 48 रन कर दिया। इसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। कप्तान राणा ने मयंक गुसाई (15) के साथ 42 रन की साझेदारी की। उसके बाद रितिक शोकीन (27 गेंद में नाबाद 42) के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिल गया। राणा ने अपनी पारी में छह छक्के लगाए। इससे पहले सेंट्रल दिल्ली ने युगल सैनी (65) और प्रांशु विजयरन (नाबाद 50 रन) के अर्धशतक से 20 ओवर में सात विकेट पर 173 रन बनाए थे। राणा ने गेंदबाजी में भी जलवा दिखाते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

## खेल एक नजर

### महाआर्यमन सिंधिया एमपीसीए के अध्यक्ष सबसे युवा अध्यक्ष

**भोपाल, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे और ग्वालियर संभाग क्रिकेट संघ (जीडीसीए) के उपाध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया को मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही, ग्वालियर के पूर्व राजघराने की तीसरी पीढ़ी के 29 वर्षीय वंशज के सूबे के क्रिकेट संगठन की कमान संभालने का रास्ता साफ हो गया है। महाआर्यमन वर्ष 1957 में स्थापित एमपीसीए के इतिहास के सबसे युवा अध्यक्ष के रूप में इस संगठन की बागडोर संभालने के लिए तैयार हैं। एमपीसीए के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ) रोहित पंडित ने बताया कि एमपीसीए चुनावों में अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ और इस तरह पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुन ली गई है।



### आईएलटी20 का हिस्सा बन सकते हैं आर अश्विन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह दो दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है, जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी-20 लीग खेल सकते हैं। भारत के लिए 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन के हवाले से क्रिकबज ने कहा कि मैं आयोजकों के संपर्क में हूं।

### एसए20: नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष खिलाड़ियों सहित दुनिया भर के कई स्टार खिलाड़ी एसए20 क्रिकेट लीग के चौथे सत्र की नीलामी में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन नौ सितंबर को किया जाएगा। नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इस दौरान छह फ्रेंचाइजी 26 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले चौथे सत्र से पहले अपनी 19 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप देंगी। नीलामी के लिए 800 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था, जो प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक पंजीकरण हैं। फ्रेंचाइजी समीक्षा के बाद सूची को घटाकर 541 खिलाड़ियों को जगह दी गई, जिसमें 300 दक्षिण अफ्रीकी और 241 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के टी-20 कप्तान एडेन मार्करम दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों की अगुआई कर रहे हैं जबकि आईसीसी टी-20 विश्व कप फाइनल टीम के सात सदस्य एनरिक नोर्किया, क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, ओटनील बार्टमैन और गेराल्ड कोएत्जी भी नीलामी का हिस्सा हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य काइल वेरिने, डेविड बेडिंघम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, टोनी डी जॉर्जी और डेन पैटरसन भी इस सूची में शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और जेम्स एंडरसन भी नीलामी में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### सीएएफए नेशन्स कप में ईरान से 3-0 से हारा भारत

**हिसोर (ताजिकिस्तान), जेएनएन।** भारत ने आखिरी सात मिनट में दो गोल गंवाए, जिससे टीम को सोमवार को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में गत चैंपियन ईरान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय रक्षापंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया और ईरान के कई हमलों को नाकाम किया, लेकिन अमीरहुसैन हुसैनजादेह (60वें मिनट), अली अलीपुरघारा (89वें मिनट) और मेहदी तारेमी (90 प्लस 6 मिनट) के गोल की बदौलत गत चैंपियन टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। ईरान की टीम काफी मजबूत है और उसकी विश्व रैंकिंग 20 है, जबकि भारत वर्तमान में फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर है। भारत ने 29 अगस्त को अपने शुरुआती मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले ताजिकिस्तान को 2-1 से हराया था। टीम अपने अंतिम ग्रुप-बी मैच में चार सितंबर को अफगानिस्तान से भिड़ेगी।


# अल्काराज ने तोड़ा 34 साल पुराना रिकॉर्ड फेडरर-अगासी से आगे निकले जोकोविच

### यूएस ओपनः कार्लोस, नोवाक, सबालेंका, पेगुला और क्रेसिकोवा क्वार्टर फाइनल में



जेएनएन, न्यूयॉर्क

स्पेन के युवा खिलाड़ी और दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज 35 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उनके साथ ही दिग्गज नोवाक जोकोविच ने भी शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अंतिम आठ में स्थान पक्का कर लिया है। महिला एकल में विश्व की नंबर एक आर्यना सबालेंका, चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेसिकोवा ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। 22 साल के अल्काराज ने आर्थर रिंडरकनेच पर 7-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की और बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़कर ओपन युग में 13 बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वह 21वीं सदी में ब्योन बोर्ग और बोरिस बेकर के अलावा 23 साल की उम्र से पहले यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। अल्काराज ने 19 साल की उम्र में यूएस ओपन जीतकर सबसे कम उम्र के विश्व का नंबर वन खिलाड़ी बनकर 2022 में न्यूयॉर्क में इतिहास रचा था। अब वह चेक गणराज्य के 20वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला करेंगे। लेहेका ने फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-6, 6-4, 2-6, 6-2 से हराया।



**38** साल के सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। एक घंटे 49 मिनट के मुकाबले में जोकोविच ने क्वालिफायर स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया। दोनों 13-13 बार यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। ओपन युग की रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। जोकोविच का मुकाबला चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को हराया था।



### सबालेंका लगातार 5वीं बार क्वार्टर फाइनल में

सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत चैंपियन को विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। अगले दौर में सबालेंका का मुकाबला 2023 विंबलडन चैंपियन चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा। उन्होंने 2022 विंबलडन चैंपियन कजाकखस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-4, 5-7, 6-2 से शिकस्त दी। चौथी वरीय जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही अन लि को 54 मिनट में 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर में प्रवेश किया। पेगुला ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी।

### 30 सितंबर से टूर्नामेंट, पुरस्कार राशि में 297 प्रतिशत वृद्धि

# चार गुना बढ़ी राशि, महिला वनडे विश्व कप चैंपियन को मिलेंगे अब 40 करोड़

**दुबई, जेएनएन।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। आईसीसी ने इस टूर्नामेंट के लिए लगभग एक अरब 22 करोड़ रुपए की इनामी राशि की घोषणा की है। यह 2022 में न्यूजीलैंड में हुए वनडे विश्व कप के लगभग 30 करोड़ 89 लाख रुपए की इनामी राशि से लगभग चार गुना अधिक है। इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह 2023 में भारत में हुए पुरुष वनडे विश्व कप के इनामी राशि लगभग 88 करोड़ रुपए से भी कहीं अधिक है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में एक महीने से भी कम वक्त बचा है, लेकिन टिकटों की ब्रिकी अभी तक शुरू नहीं हुई है। आईसीसी ने कहा है कि टिकट इस हफ्ते किसी भी समय ऑनलाइन जारी कर दिए जाएंगे।




### उपविजेता 20 करोड़, आठवें स्थान की टीम को 2.5 करोड़

यह टूर्नामेंट का 13वां संस्करण है और इसमें विजेता टीम को लगभग 40 करोड़ और उपविजेता टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 10 करोड़, जबकि पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 6 करोड़ 17 लाख रुपए मिलेंगे। सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को भी लगभग 2.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। ग्रुप चरण में खेलने वाली सभी टीमों को लगभग 2 करोड़ 20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। ग्रुप स्टेज में हर जीत पर टीमों को 30 लाख रुपए अलग से भी मिलेंगे।

> हमारा संदेश सरल है, महिला खिलाड़ियों को पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को प्रोफेशनली चुनती हैं, तो उन्हें पुरुषों के बराबर सम्मान मिलेगा। पुरस्कार राशि में यह बढ़ोतरी हमारे इस लक्ष्य को दर्शाती है कि हम एक विश्व स्तरीय आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप कराना चाहते हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ी और फैंस प्रेरित हों। महिला क्रिकेट शानदार ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है और हमें यकीन है कि इस कदम से यह रफ्तार और तेज होगी।
>
> - **जय शाह**, चेयरमैन, आईसीसी

# एशिया कप हॉकी : कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर भारत पूल तालिका में शीर्ष स्थान के साथ सुपर चार में

जेएनएन, राजगीर

भारत ने एकतरफा मुकाबले में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर सोमवार को पूल तालिका में शीर्ष स्थान के साथ एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में प्रवेश किया। भारत ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर लिया था, लेकिन टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल-ए में शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल किए। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में तीन गोल करने के बाद दूसरे क्वार्टर में चार गोल के साथ मध्यांतर तक अपनी बढ़त 7-0 कर ली थी। अभिषेक ने इस दौरान दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में ही अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था।



### मलेशिया और कोरिया पूल-बी से सुपर चार में

मलेशिया और कोरिया ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल-बी के अपने-अपने मैच आसानी से जीत कर सुपर चार चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराया। मलेशिया तीन मैचों में जीत के साथ नौ अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि कोरिया छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बांग्लादेश तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि चीनी ताइपे एक भी मैच नहीं जीत पाया।

# सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के गेंदबाज जेमी ओवरटन ने रेड बॉल क्रिकेट से लिया ब्रेक

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने सोमवार को लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की, क्योंकि अब वह सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 साल के ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू सीरीज के दौरान खेला था, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ओवरटन ने कहा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने रेड बॉल क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेलने के लिए बेहद भाग्यशाली महसूस करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, रेड-बॉल, प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव प्रदान की है और खेल में अब तक मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं पर मैंने खेल सीखा है, और इसने उन लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा दिया है, जिन्होंने मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित किया है। हालांकि, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांग के साथ मेरे करियर के इस चरण में, शारीरिक और मानसिक रूप से हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना अब संभव नहीं है। आगे बढ़ते हुए मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर होगा, और जब तक संभव होगा मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सब कुछ देना जारी रखूंगा। ओवरटन ने 2022 में शुरू हुए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में केवल छह वनडे और 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हैं और हाल ही में इंग्लैंड में द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे थे।



## सागर-पीपुल्स बने फुटबॉल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** सागर और पीपुल्स पब्लिक स्कूल ने इंटरस्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः अंडर-14 और 17 वर्ग में खिताब अपने नाम किया। सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल सागर पब्लिक स्कूल (गांधी नगर) ने आर्मी पब्लिक को पेनल्टी शूटआउट (4-2) में हराया। पीपुल्स ने विंध्यांचल एकेडमी को 2-1 से पराजित किया। इससे पहले अंडर-14 सेमीफाइनल में आर्मी पब्लिक ने सेंट थॉमस को 2-1 और सागर ने विंध्यांचल को 1-0 से मात दी। अंडर-17 में पीपुल्स ने ऑल सेंट्स को पेनल्टी शूटआउट (3-2) में हराया। मंध्यांचल एकेडमी ने फादर एग्नेल स्कूल को 2-0 से पराजित किया।

## कराटे : आदर्श, संस्कार, विश्व व नौमिशी ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** 15वीं जिला कराटे चैंपियनशिप में दो भाईया और भाई-बहन की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित चैंपियनशिप में नौमिशी एवं विश्व दुबे भाई बहन की जोड़ी ने कराते के कुमिते में स्वर्ण पदक हासिल किया। विश्व और नौमिशी ने अपनी-अपनी कैटेगरी में 3-3 फाइट जीती। वहीं आदर्श और संस्कार जोशी ने कुमिते में सोने का तमगा हासिल किया। आदर्श ने 13 साल कैटेगिरी और संस्कार ने 7 साल कैटेगिरी में उपलब्धि हासिल की है।



## साइक्लोथॉन के माध्यम फिटनेस और खेल के प्रति किया जागरुक

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत तीन दिनी खेल महोत्सव के अवसर पर नेशनल एकेडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज रीजनल कैंपस (एनएडीटी), भोपाल ने साइक्लोथॉन 2025 का आयोजन किया। साइक्लोथॉन का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना और फिटनेस के प्रति जागरुकता फैलाना था। इस अवसर पर प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (एमपीसी) एलके.एस. दहिया, महानिदेशक (जांच) बिजोय कुमार पांडा मौजूद रहे। उन्होंने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई। यह आयोजन एनएडीटी भोपाल की प्रधान अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशिक्षण) सृजनी मोहंती के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस साइक्लोथॉन में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ साइकिल चलाकर फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



## सिक्स रेड स्नूकर : उजैर खान बने स्टेट चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** शहर के उजैर खान ने मध्यप्रदेश स्टेट सिक्स रेड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उजैर कश्मकश पूर्ण फाइनल मुकाबले में महेंद्र चौहान को 4-3 से हराकर चैंपियन बने। यह स्पर्धा 28 अगस्त से 1 सितंबर तक इंदौर में खेली गई। उजैर ने सेमीफाइनल में रितिक जैन को 4-1 तथा क्वार्टर फाइनल में पंकज नंदनवार को 4-0 से पराजित किया। उजैर टीटी नगर स्टेडियम में वर्ल्ड चैंपियन कमल चावला से प्रशिक्षण ले रहे हैं।



## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जिला स्तरीय परामर्श दात्री की बैठक 3 को

**सतना।** बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 सितंबर को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने जिले के समस्त जिला समन्वयक, बैंकों एवं विभाग प्रमुखों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# एक बगिया माॅ के नाम मझगवां व उचेहरा में एक भी टीएस नहीं



## जिला पंचायत सीईओ ने गूगल मीट के दौरान जताई नाराजगी, सहायक यंत्रियों को लगाई फटकार

जागरण, सतना

एक बगियाॅ के नाम योजना के अंतर्गत मझगवां और उचेहरा जनपद पूरी तरह से फिसड्डी साबित हुये है। सोमवार को जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने गूगल मीट लेकर सहायक यंत्रियों को कड़ी फटकार लगाई है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत मझगवां उचेहरा में इस योजना के तहत एक भी हितग्राही का टीएस नही बनाया गया। सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक इस योजना के अंतर्गत 8 सौ का लक्ष्य दिया गया है। मगर सतना और मैहर जिले को मिलाकर कुल 61 टीएस ही हो पाये है। सोमवार को हुई गूगल मीट के दौरान जनपद सीईओ सहायक यंत्री उपयंत्री और एनआरएलएम का स्टाफ मौजूद रहा जबकि ईईआरईएस एलआर केरकेट्टा मौजूद रहे।

### स्व.सहायता समूहों के सदस्यों को बनाया जाना है हितग्राही

जानकारी के मुताबिक एक बगिया माॅ के नाम योजना के अंतर्गत सीपरी एप के माध्यम से हितग्राहियो का चयन किया जायेगा। जिला पंचायत सीईओ ने गूगल मीट के दौरान सहायक यंत्रियों को दो दिन के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिये गये है। इतना ही नही बताया जाता है कि उचेहरा की प्रभारी एई को योजना के बारे में कोई जानकारी ही नही थी। जिसके चलते जिला पंचायत सीईओ ने उन्हे सरकुलर बताया है। लगने वाले मटेरियल का भुगतान भी करने के निर्देश दिये गये है। यह बैठक शाम 5 बजे से 7 बजे तक चली। इस योजना के अंतर्गत कौन कौन सी सामग्री लगेगी यह जानकारी कार्यपालन यंत्री आरईएस लाजरूस केरकेट्टा ने उपलब्ध कराई है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय लखनवाह में अनियमितताओं का अंबार

**जागरण, कोटर।** सतना जिले के रामपुर बाघेलान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनवाह में संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय लखनवाह में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा था। सोमवार को लखनवाह सरपंच श्रीमती श्यामकली आदिवासी सचिव देवेंद्र सिंह और पंचायत फूड स्पेक्टर पुरुषोत्तम पाठक के साथ औचक निरीक्षण करने जब विद्यालय पहुंची तो देखा कि ग्राउंड परिसर बना चारागाह, साँप बिच्छुओं का डेरा। स्कूल प्रबंधक से जब परिसर में बड़ी बड़ी घास के बारे में जब बात की गई तो दिनेश त्रिपाठी स्कूल प्रबंधक द्वारा जवाब मिला कि हमारे पास बजट नहीं है।जब कहा गया कि कैश रजिस्टर दिखाइए तो दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि कैश रजिस्टर ही नहीं है।



### पंचायत टीम की स्कूल प्रबंधक और स्व सहायता समूह ने की अनदेखी

पंचायत टीम द्वारा बच्चों के मध्यान भोजन के बारे में बात की गई तो मध्यान समूह संचालकों द्वारा आंख मिचौली लीपापोती का खेल समझ में आया। जय राधे महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मीना यादव से बात करने पर चुप रही वहीं तुवर की दाल की जगह मटर की दाल चावल में कीड़े। वहीं दूसरे समूह अंबेडकर स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रामकली यादव की तीसरी बार शिकायत और हिदायत के वावजूद बातचीत करने के दौरान स्व सहायता समूह की अध्यक्ष के तेवर गर्मजोशी वाले मिलेएवहीं बच्चों के मिलने वाले भोजन में गड़बड़ ही गड़बड़ मिला। टीम स्कूल प्रबंधक और मध्यान भोजन संचालक के जवाब सुनकर सन्न रह गई। वहीं बच्चों के भविष्य और उनके जीवन को देखते हुए स्तब्ध रह गईएऔर एक सप्ताह के अंदर दोनो मध्यान भोजन स्व सहायता समूह को बंद करने और स्कूल प्रबंधक दिनेश त्रिपाठी को नोटिस जारी करने की बात कही।

## चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना सरकार को सेवा से पृथक करने प्रस्ताव प्रेषित

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और जिला स्तरीय अधिकारियों के ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसो में पदस्थ चिकित्सक डॉ. बीना सरकार को अनाधिकृत रूप से विगत 6 माह से अनुपस्थित रहने पर सेवा से पृथक करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये थे।

यूनिक कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी
चतुर्वेदी कॉलेज, सतना रोड, अमरपाटन, मैहर/सतना (म.प्र.)
9009331144, 9301321144 | E-mail: uniqueins1526@gmail.com
सम्बद्धः अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
यूनिक महाविद्यालय, अमरपाटन में विश्वविद्यालय अधिनियम 27 एवं परिनियम कॉलेज कोड-28 के अंतर्गत, निम्नानुसार नियुक्तियों की जानी है। शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान आरक्षण, मध्यप्रदेश शासन एवं UGC के नियमानुसार होगा। इच्छुक योग्य अभ्यार्थी समस्त प्रमाण पत्रों सहित दिनांक- 06/09/2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

| क्र. | शैक्षणिक पद | पद | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य (Principal) | 1 | Ph.D./Net को प्राथमिकता 15 वर्ष का अनुभव |
| 2 | प्रबंधक (Management) | 3 | MBA/M.Phil/Ph.D, Net |
| 3 | कम्प्यूटर (Computer) | 6 | BCA/PGDCA/MCA/MSC (CS)/M.Phil /Ph.D/Net |
| 4 | कॉमर्स (Commerce) | 5 | M.Com/M.Phil/Ph.D/Net |
| 5 | अंग्रेजी (English) | 2 | M.A. (English) /M.Phil/Ph.D/Net |
| 6 | गणित (Math) | 2 | M.Sc./M.Phil/Ph.D |
| 7 | हिन्दी (Hindi) | 2 | M.A./M.Phil/Ph.D/Net |
| 8 | भूगोल (Geography) | 3 | M.A./M.Phil/Ph.D/Net |
| 9 | राजनीत शास्त्र (Political Science) | 3 | M.A./M.Phil/Ph.D/Net |
| 10 | समाजशास्त्र (Social Science) | 3 | M.A./M.Phil/Ph.D/Net |
| 11 | कम्प्यूटर लैब फैकल्टी | 3 | BCA/M.Sc. (CS)/Ph.D./Net |
| 12 | वनस्पति शास्त्र (Botany) | 3 | M.Sc./M-Phil/Ph.D/Net |
| 13 | रसायन शास्त्र (Chemistry) | 3 | M.Sc./M.Phil/Ph.D/Net |
| 14 | प्राणी शास्त्र (Zoology) | 3 | M.Sc./M.Phil/Ph.D/Net |
| 15 | क्रीड़ा अधिकारी | 1 | MPED/M.Phil/Ph.D/Net |
| 16 | समाज कार्य (Social Work) | 3 | MSW/M.Phil/Ph.D/Net |
| | अशैक्षणिक पदः चपरासी-2 पद, ड्राइवर-2 पद | | |

UGC के मापदण्डो के अनुसार न्यूनतम योग्यता संबंधी विषय में स्नातक 50% स्नातकोत्तर 55% M. Phil, Ph.D/Net एवं अनुभवी को प्राथमिकता।
नोटः आवेदक आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं पासपोर्ट फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु दिनांक 06/09/2025 को सुबह 12 से 5 बजे तक कार्यालय में उपस्थित हो
सचिव पटेल शिक्षा समिति, अमरपाटन, मैहर/सतना

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
14 सितंबर, रविवार
प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

# उचेहरा, कोटर, कोठी तहसीलदार को नोटिस, लोक निर्माण के तीनों एसडीओ की एक-एक हफ्ते की कटेगी वेतन

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में फोकस कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के डी श्रेणी में रहने और एसडीओ सतना, मझगवां तथा नागौद द्वारा एक भी शिकायत बंद नहीं कराये जाने पर एक-एक हफ्ते की वेतन काटने के निर्देश दिये। संतुष्टिपूर्ण निराकरण में राजस्व विभाग के सबसे कमजोर तहसील उचेहरा, कोटर और कोठी के तहसीलदार को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि राजस्व, जल संसाधन, चिकित्सा-शिक्षा सी श्रेणी में और लोक निर्माण डी श्रेणी में रहा है। लोक निर्माण विभाग के एल वन अधिकारी एसडीओ सतना बृजेश सिंह, मझगवां एमके त्रिपाठी और नागौद अश्विनी कुमार निगम द्वारा कोई रूचि नहीं लेने पर एक-एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।



**जानकारी नही देने पर रेल्वे के अधिकारियों पर जताई नाराजगी :** रेल्वे के मामलों की समीक्षा में कलेक्टर ने रीवा-सतना रेल लाइन दोहरीकरण में काम रोकने की सूचना नहीं दिये जाने पर रेल्वे के अधिकारियों से फिर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि इस हफ्ते संबंधित गांवों में दो-दो कैम्प लगाकर मुआवजे की राशि बंटवायें। बरगी नहर के भू अर्जन कार्य में नक्शा तरमीम के कार्य लंबित रहने पर नागौद, रघुराजनगर और रामपुर बघेलान तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बिरसिंहपुर मण्डी के संबंध में तहसीलदार ने बताया कि 6 एकड जमीन की खसरे में इन्ट्री कर दी गई है। मण्डी सचिव करूणेश तिवारी द्वारा इस संबंध में पहल नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सुरक्षा की दृष्टि से लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव और कार्यवाही के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिये।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ 2025-26
SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रीवा (म.प्र.)
AICTE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
POLYTECHNIC Duration : 3 Years Eligibility : 10th
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में प्रवेश 19.08.2025 से 15.09.2025
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी रीवा (म.प्र.)
PCI नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
D. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
B. PHARMACY Duration : 4 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 05.08.2025 से 04.09.2025
संस्था का चयन 20.08.2025 से 08.09.2025
संस्था में प्रवेश 13.09.2025 से 18.09.2025
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.) / सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
7049399904

# मई के नेत्र शिविर के चयनित 8 हितग्राही को चश्मा नहीं देने पर नोटिस

## अंधत्व कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक और उप प्रबंधक पर होगी कार्यवाही

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने विगत दिवस ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण में उप स्वास्थ्य केन्द्र बराकला के निरीक्षण के दौरान 22 मई को बराकला के नेत्र शिविर में चयनित 8 हितग्राहियों को अब तक चश्मा वितरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतना को दिये थे। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ही नेत्र शिविर के हितग्राहियों से दूरभाष पर बातचीत कर इसकी पुष्टि भी की थी। जिसमें पाया गया कि हितग्राहियों के नेत्र परीक्षण के बाद भी अभी तक चश्मे का वितरण नहीं किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने मामले की जांच में पाया कि जिला अंधत्व कार्यक्रम के प्रबंधक और उप प्रबंधक द्वारा विगत वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिला स्टोर से 1 अप्रैल 2025 को 1091 स्कूली बच्चों के चश्मे, 18 नवम्बर 2024 को 1000 वृद्धजनों के चश्में और 31 जनवरी 2025 को 109 बाइफोकल चश्मे प्रदाय किये गये हैं। फिर भी नेत्र शिविर के चयनित हितग्राहियों को आज तक चश्मे वितरित नहीं किये गये हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पराज सिंह और उप कार्यक्रम प्रबंधक कुलदीप कोल नेत्र सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जबाव समाधानकारक नहीं होने पर दोनों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। नोटिस में कहा गया है कि आपके द्वारा शासन द्वारा निर्धारित पदीय कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते हुए अंधत्व कार्यक्रम में उदासीनता और लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही विगत वर्ष और वर्तमान वर्ष में अब तक नेत्र परीक्षण के बाद स्कूली छात्रों और वृद्धजनों को चश्मा वितरण करने की नाम सहित सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये हैं।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएंः
24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
वेंटिलेटर एवं Bipap
24x7 मेडिकल स्टोर

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
गॉलब्लेडर
अपेंडिक्स
सभी प्रकार के हार्निया
ओवेरियन सिस्ट
डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी
हिस्ट्रैक्टमी
रेक्टप्रोलैप्स
सुडोपेन कियाटिक सिस्ट
पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
07662-356125, 8435896118




जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com